चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 12, वर्ष 11, अंक 339, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, रविवार, 2 अप्रैल, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की


प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : अच्छे काम पर गालियां भी मिल सकती हैं



अन्दर : आईपीएल 2023 के आगाज में ही धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड

# योगी ने किसानों की मदद के दिए निर्देश

## सीएम बोले-अन्नदाता के हितों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में विगत दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रदेश की अद्यतन स्थिति के संबंध में राजस्व विभाग के एक प्रस्तुतिकरण का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अन्नदाता किसानों का हित सुरक्षित रखना सरकार की प्राथमिकता है। विगत मार्च माह में प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। मार्च महीने में प्रदेश के कई जिलों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण किसान और कृषि उपज पर दुष्प्रभाव पड़ा है। बीते 24 घंटों में प्रदेश के करीब 9 जिलों में ओलावृष्टि की सूचना है। वही मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की संभावना है। सीएम योगी ने इसके लिए सभी आवश्यक सतर्कता प्रबंध करने के निर्देश दिए है। साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा असमय बरसात, ओलावृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल प्रभावित हुई हो उसका आंकलन कर नियमानुसार क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने में देर न हो, इसको लेकर भी सीएम योगी ने सख्त निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मौसम पूर्वानुमान के बारे में किसानों को समय से जानकारी उपलब्ध कराई जाए। मौसम विज्ञानियों की चेतावनियों के बारे में सुदूर गांव तक किसान को टीवी, अखबार व स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जानकारी उपलब्ध कराएं। यह पूर्वानुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। सीएम योगी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण यदि किसी प्रदेशवासी की दुःखद मृत्यु होती है या फिर किसी व्यक्ति या जानवर के घायल होने की सूचना मिलती है तो तत्काल पीड़ित परिवार से संपर्क कर आर्थिक मदद की जाए। इसके साथ ही सीएम योगी ने किसानों को मौसम पूर्वानुमान के बारे में समय से जानकारी पहुंचाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा यह पूर्वानुमान 24-48 घंटे का हो। ऐसी स्थिति में जबकि लोग अलर्ट होंगे तो क्षति भी कम होगी। बरसात, तेज हवा, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक कारणों से गेहूं आदि की फसल खराब हो सकती है। जो फसल पैदा हो रही है, उसकी गुणवत्ता पर भी बुरा असर पड़ने की आशंका है। ऐसी फसल को भी न्यूनतम समर्थन मूल्य के तहत खरीद की जानी चाहिए। इसके लिए आवश्यकतानुसार नियम शिथिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल के संभावित नुकसान के कारण इस वर्ष भूसे की कमी हो सकती है। ऐसे में पशुपालन विभाग द्वारा समय से गोवंश चारे की व्यवस्था कर ली जाए।

**संभाली कमान**

**मुख्यमंत्री ने की ओलावृष्टि से उपजी स्थिति की समीक्षा**

**प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में हुई असमय वर्षा और ओलावृष्टि के कारण हुआ काफी नुकसान**

**मौसम विशेषज्ञों के अनुसार यह स्थिति अगले दो-तीन दिन और रहने की आशंका**



# पटियाला जेल से बाहर आए नवजोत सिंह सिद्धू

**पटियाला।** पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान नवजोत सिंह सिद्धू पटियाला की सेंट्रल जेल से रिहा हो गए हैं। 59 वर्षीय कांग्रेस नेता 1988 के रोड रेज के मामले में एक साल की सजा काट रहे थे। सिद्धू के बाहर निकलने पर समर्थकों ने पूरे जोश से उनका स्वागत किया।



सिद्धू ने कहा कि इस देश में जब भी कोई तानाशाही आई है, एक क्रांति भी आई है। इस बार उस क्रांति का नाम है राहुल गांधी। वह सरकार को हिला देंगे। सिद्धू ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रपति शासन लाने की साजिश की जा रही है। अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। पंजाब को कमजोर करने की कोशिश की तो कमजोर हो जाओगे। अभी लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। जेल से बाहर आए सिद्धू ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि सत्य को दबाने का प्रयास सफल नहीं हो सकता। आज लोकतंत्र बेड़ियों में है। सूत्रों से पता चला है कि नवजोत सिद्धू को अब वाई सिक्योरिटी दी जा रही थी, जबकि जेल जाने से पहले उनके पास जेड सिक्योरिटी थी। सिद्धू जेड सिक्योरिटी की मांग पर अड़ गए हैं। सजा के दौरान कोई छुट्टी न लेने का नवजोत सिंह सिद्धू को यह बेनिफिट मिल रहा है और वह 19 मई से 48 दिन पहले रिहा हो रहे हैं। सिद्धू के ट्विटर पेज पर शुक्रवार को इसकी जानकारी दी गई। ट्वीट में लिखा था कि वरिष्ठ अधिकारियों ने रिहाई की सूचना दी है।

**सजा की पूरी**

**जेल से बाहर आते ही सिद्धू का सरकार पर हमला**





# अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी

## मौसम विभाग ने कहा-कई क्षेत्रों में सामान्य से ज्यादा रहेगा तापमान

नई दिल्ली। मौसम विभाग की माने तो इस साल गर्मी खूब सताएगी। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल अप्रैल से जून के बीच अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहेगा। हालांकि उत्तर पूर्वी राज्यों और दक्षिण के पठार इलाके में तापमान सामान्य ही रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि इस साल केंद्रीय, पूर्वी और उत्तर पश्चिम भारत में भी लू ज्यादा दिनों तक चलेगी।

एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौसम विभाग के निदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब और हरियाणा में चलने वाली लू के दिनों और उसके प्रभाव में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि इस साल अप्रैल से जून के बीच देश के अधिकतर हिस्सों में सामान्य से गर्मी ज्यादा रहेगी। अप्रैल महीने में बारिश सामान्य रहेगी। वहीं पूर्वी और उत्तर पूर्वी इलाकों में बारिश सामान्य से थोड़ी कम रहने का अनुमान है।

बता दें कि तापमान को प्रभावित करने वाली मौसमी घटना अल नीनो की तीन साल बाद वापसी हो रही है। अल नीनो के असर से 2023 में तापमान में वृद्धि होने की आशंका है। हवा, महासागरीय धारा, समुद्री और वायुमंडलीय तापमान और जीवमंडल के बीच संतुलन टूटने से अल नीनो बनता है, जिससे समुद्री जल का तापमान बढ़ जाता है। अल नीनो से प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर बदलाव होते हैं, जिसका दुनिया भर के मौसम पर असर पड़ता है।



**बढ़ेगी परेशानी**

**इस साल सताएगा बढ़ा तापमान**

**अल नीनो के असर से बढ़ेगी गर्मी**

## अप्रैल में 15 दिन बंद रहेंगे बैंक

नई दिल्ली। शनिवार यानी 1 अप्रैल से नया वित्त वर्ष 2023-24 शुरू हो गया है। इसके पहले महीने यानी अप्रैल में बैंकों में 15 दिन कामकाज नहीं होगा। देश में कई वजहों से अलग-अलग जगहों पर 9 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इनके अलावा 5 रविवार और 2 शनिवार को भी बैंक बंद रहेंगे। इस महीने की शुरूआत दो दिनों की छुट्टी के साथ हुई है। 1 अप्रैल को बैंक खातों की सालाना क्लोजिंग और 2 अप्रैल को रविवार के कारण बैंकों में कामकाज नहीं होगा। इसके अलावा अप्रैल में इस बार अंबेडकर जयंती, महावीर जयंती, ईद-उल-फित्र सहित कई और मौकों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने अलग-अलग जगहों के हिसाब से 3 लॉन्ग वीकेंड पड़ रहे हैं। पहला 7 से 9 अप्रैल, दूसरा 14 से 16 अप्रैल और तीसरा 21 से 23 अप्रैल। इसके अलावा यह महीना छुट्टी के साथ खत्म होगा। 30 अप्रैल को रविवार है।

**दो दिन की छुट्टी से हुई महीने की शुरूआत**

# भाजपा ने विधान परिषद सदस्य मनोनीत करने को भेजे छह नाम

## एक मुस्लिम भी, यूपी बीजेपी कोटे से ये 6 नेता बनेंगे एमएलसी

**सीटें भरने की तैयारी**

**वाराणसी के जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा का नाम शामिल**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधान परिषद के लिए मनोनीत सदस्यों की छह सीटें बीते साल जून से ही खाली चल रही थीं। इन सीटों पर तमाम कयास लगाए गए थे। लेकिन अब योगी आदित्यनाथ सरकार ने बीजेपी के ओर से विधान परिषद के लिए छह नामों का प्रस्ताव राज्यपाल को भेज दिया है। जिसके बाद अब दस महीने का लंबा इतंजार पूरा होता नजर आ रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार के ओर से विधान परिषद के लिए जो नाम भेजे गए हैं। इसमें कई बड़े नाम भी शामिल हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएम योगी ने रजनीकांत माहेश्वरी (पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष, ब्रज भाजपा), साकेत मिश्रा (पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य, नृपेंद्र मिश्र के पुत्र), लालजी प्रसाद निर्मल (अंबेडकर महासभा), तारिक मंसुरी (वीसी एएमयू), रामसुभग राजभर (अधिवक्ता, आजमगढ़), हंसराज विश्वकर्मा (भाजपा जिलाध्यक्ष, काशी) के नाम मनोनयन के लिए भेजे हैं। हालांकि इससे पहले बीते दिनों में एमएलसी के उम्मीदवारों के नामों को लेकर काफी अटकलें लगाई गई हैं। सूत्रों की मानें तो मशहुर कवि कुमार विश्वास को भी एमएलसी के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ने इनकार कर दिया था। जिसके बाद अन्य नामों पर मंथन शुरू किया गया। सूत्रों की मानें तो उन्होंने राज्यसभा जाने की इच्छा जता कर विधान परिषद जाने की इनकार कर दिया था।



अब बीजेपी के ओर से लंबे इंतजार के बाद एमएलसी के नामों के फाइनल हो जाने से उपचुनाव की तैयारी तेज हो गई है। पार्टी ने उपचुनाव के लिए ही निकाय चुनाव की तैयारी भी मिशन मोड में शुरू कर दी है। पार्टी के ओर से अगले कुछ दिनों में उपचुनाव को लेकर भी स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। संभावना जताई जा रही है कि इस बार उपचुनाव में बीजेपी गठबंधन से अपना दल एस द्वारा भी उम्मीदवार उतारा जा सकता है।





## मोदी ने रानी कमलापति निजामुद्दीन वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाई

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मध्यप्रदेश की पहली और देश की 11वीं वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन को भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन रानी कमलापति से रोज सुबह 5:40 बजे रवाना होगी और दोपहर 1:10 बजे हजरत निजामुद्दीन पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन झांसी, ग्वालियर और आगरा स्टेशन पर रुकेगी। इसके अलावा यह हजरत निजामुद्दीन स्टेशन से दोपहर 2:40 बजे रवाना होकर रात 10:10 बजे वापस रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 2 अप्रैल को निजामुद्दीन से रानी कमलापति आएगी। 3 अप्रैल को फिर रानी कमलापति से निजामुद्दीन जाएगी। इसी दिन से ये नियमित हो जाएगी। इसके लिए टिकट बुकिंग भी शुरू हो गई है। पहले सांसद चिट्ठी लिखते थे कि ट्रेन इस स्टेशन पर रुकने की व्यवस्था हो, यहां रोकी जाए, वहां रोकी जाए...यही आता था।

# संजय राउत को जान से मारने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र से राज्यसभा सांसद और उद्धव गुट के नेता संजय राउत को लॉरेंस गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। उन्हें व्हाट्सएप मैसेज के जरिए यह धमकी दी गई है। इसमें कहा गया है कि तेरा भी हाल मूसेवाला जैसा कर देंगे। तू दिल्ली में मिला तो तुझे अक-47 से उड़ा देंगे। सलमान और तू फिक्स है।' पुलिस ने बताया कि संजय ने शिकायत भी दर्ज की है। हमने जांच भी शुरू कर दी है। राउत ने मुंबई के कांजुर मार्ग थाने में लॉरेंस के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने पुणे से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। राउत को धमकी मिलने के मामले में शख्स से पूछताछ की जा रही है।

संजय राउत ने कहा कि मुझे धमकी भरा मैसेज मिला है। मैंने इसकी शिकायत थाने में कर दी है। उन्होंने आगे कहा कि मैं डरूंगा नहीं। पहले भी मुझ पर हमले की कोशिश की गई है। उन्होंने पुलिस और सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर पुलिस क्या कर रही है? गृहमंत्री क्या कर रहे हैं? राउत बोले कि महाराष्ट्र में नई सरकार के आने के बाद मेरी सुरक्षा हटाई गई। इसी के बाद जान से मारने की धमकी मिल रही है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राउत को धमकी भेजने वाले की पहचान कर ली गई है।

**दुस्साहस**

**फडणवीस ने कहा- शराब के नशे में किसी ने धमकी दी है**

## कॉमर्शियल गैस सिलेंडर सस्ता, घरेलू सिलेंडर के दामों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** शनिवार 1 अप्रैल को सरकार ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में कटौती की है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 92 रुपए कम हुई है। इस कटौती के बाद दिल्ली में ये 2028 रुपए पर आ गया है। हालांकि घरेलू एलपीजी गैस ग्राहकों के लिए कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। 14.2 किलो के गैस सिलेंडर के रेट पिछले महीने की तरह ही हैं। इससे पहले 1 मार्च को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 350.50 रुपए का इजाफा किया गया था। इसके बाद दिल्ली में ये 2119.50 रुपए पर पहुंच गया था। वहीं 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू छढक्षसिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इससे इसकी कीमत दिल्ली में 1103 रुपए हो गई।

# प्रयागराज के सबसे बड़े रेडीमेड मार्केट में आग

## नेहरू कॉम्प्लेक्स की 210 दुकानें आग की चपेट में, 30 पूरी तरह से जलीं

**प्रयागराज।** शनिवार सुबह नेहरू कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई। जानकारी के मुताबिक आग की चपेट में 210 दुकानें आई हैं। इनमें 30 दुकानें पूरी तरह से जल गई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

पूरे इलाके में धुआं फैल रहा है। कांम्प्लेक्स में कपड़े और प्लास्टिक के सामान की दुकानें है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आ रही है। आस-पास की दुकानें भी बंद कराई गई। दरअसल, जहां पर आग लगी है वह शहर का सबसे घना इलाका है। पुराने शहर में घंटाघर के ठीक पीछे आग लगी है। इस इलाके में 10 हजार से ज्यादा दुकानें हैं। घंटाघर व चौक इलाका शहर का सबसे घना और भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां पूरे जिले से लोग कपड़े से लेकर हर एक सामान खरीदने आते हैं। यहां प्रतिदिन लाखों लोगों की भीड़ जुटती है। दुकानदार मो. रऊफ ने बताया कि नेहरू कॉम्प्लेक्स के ठीक बगल में ही ट्रांसफॉर्मर है। सुबह करीब 8.30 बजे ट्रांसफॉर्मर में शार्ट सर्किट हुई। जिसके बाद से अचानक हवाओं के कारण आग ने पल भर में ही कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। इन दुकानों से आग की लपटें और धुआं उठ रहा है। दुकानदार राजा ने बताया कि 3 तीन साल पहले नेहरू कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी थी। जिसमें 200 दुकानें जली थी। अभी तक दुकानदार उसकी भरपाई कर ही रहे थे। आज दोबारा आग ने फिर तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी तक 30 दुकानें जलकर राख हुई है। व्यापारी नेता लालू मित्तल ने घटनास्थल पर डीएम, एसपी के न पहुंचने पर नाराजगी जताई है। बढ़ती आग की लपटों को देखते हुए दुकानदारों ने अपने दुकानों से सामान निकाल रहे है। वह अपने दुकान में रखे कपड़े और लेकर सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे है। गनीमत यही रही है कि आग सुबह लगी। कहीं दोपहर में लगती तो काफी परेशानी होती है। सीएफओ आरके पांडेय ने बताया कि सुबह 8 .30 बजे नेहरू कामलेक्स में आग लगने की सूचना मिली। फायर बिग्रेड की 20 गाड़ी और 100 से अधिक कर्मचारियों ने जेसिबी और हाइड्रोलिक मशीनों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

**अग्निकांड**

**कर्मचारियों ने 4.30 घंटे बाद आग पर काबू पाया**

**तीन साल पहले नेहरू कॉम्प्लेक्स में लगी थी आग**



# पीसीएस के साथ ही 13 आईपीएस के भी तबादले

**लखनऊ।** यूपी में शनिवार को पांच आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल को बांदा का जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पीसीएस अफसरों के भी तबादले कर दिए गए हैं। आईएएस कृष्ण कुमार को सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस दिव्य प्रकाश गिरि को स्टाफ ऑफिसर मुख्य सचिव के पद पर तैनाती दी गई है। आईएएस संयुक्ता समद्दार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का आयुक्त नियुक्त किया गया है। आईएएस आनंद कुमार को सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद बनाया गया है।

पीसीएस अफसरों के हुए तबादले में राकेश सिंह एडीएम वित्त बाराबंकी से एडीएम प्रशासन रायबरेली, अरुण कुमार सिंह ओएसडी एलडीए से एडीएम वित्त बाराबंकी, श्मशाद हुसैन मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर से अपर आयुक्त मेरठ, शैलेंद्र मिश्रा एडीएम वित्त भदोही से मुख्य राजस्व अधिकारी सुल्तानपुर, वीरेंद्र मौर्य सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम वित्त भदोही, रामप्रकाश एसडीएम आगरा से सिटी मजिस्ट्रेट जालौन, अनूप कुमार सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर से एडीएम सिटी आगरा, मंगलेश दुबे एसडीएम बलरामपुर से सिटी मजिस्ट्रेट मुजफ्फरनगर, देवेंद्र प्रताप सिंह अपर आयुक्त सहारनपुर से एडीएम वित्त बलिया, जयनाथ मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ)गोंडा से उप निदेशक दिव्यांगजन निदेशालय लखनऊ, महेश प्रकाश एसडीएम अम्बेडकरनगर से सीआरओ गोंडा, नीता यादव सीआरओ बस्ती से कमांडेंट नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी एसडीएम बहराइच से सीआरओ बस्ती मुख्य रूप से हैं। साथ ही प्रदेश में 13 आईपीएस अफसरों के भी तबादले कर दिए गए हैं।

**इधर से उधर**

**आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल जिलाधिकारी बांदा नियुक्त**



## यूपी पुलिस में बड़ा फेरबदल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार की रात 30 डिप्टी एसपी का तबादला कर दिया। इस क्रम में कमिश्नरेट के एसीपी दशाश्वमेध अवधेश कुमार पांडेय का तबादला हरदोई और एसीपी सारनाथ ज्ञान प्रकाश राय का तबादला गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के लिए किया गया है। वहीं, एटा में तैनात डिप्टी एसपी राजकुमार सिंह का तबादला वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में किया गया है। 45वीं वाहिनी पीएसी के सहायक सेनानायक अरुण कुमार सिंह का तबादला भुल्लनपुर स्थित 34वीं वाहिनी पीएसी में किया गया है। पुलिस विभाग में शनिवार को भी बड़ा फेरबदल देखने को मिला। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 12 अपर पुलिस अधीक्षकों के तबादले किये हैं। आजमगढ़ में एसपी ग्रामीण के पद पर तैनात राहुल रूसिया का शनिवार को स्थानांतरण हो गया। उनके स्थान पर शासन स्तर से अरुण कुमार दीक्षित को जनपद में नए अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनाती दी गई है।

**30 डिप्टी एसपी का तबादला, अरुण कुमार दीक्षित आजमगढ़ के नए अपर पुलिस अधीक्षक**

## नोएडा में 30 अप्रैल तक लगाई गई धारा-144

**नोयडा।** आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण दिवसों को ध्यान में रखते हुए जिले में 30 अप्रैल तक धारा-144 प्रभावी रहेगी। इस समयावधि के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति जुलूस नहीं निकाला जाएगा। पांच या इससे अधिक व्यक्तियों का समूह नहीं बनाया जाएगा। सरकारी संस्थानों के आस-पास ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी या शूटिंग नहीं की जाएगी। धार्मिक स्थानों पर धार्मिक पोस्टर नहीं लगाए जाएंगे या ऐसा कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा जो विधि विरुद्ध हो। इमरजेंसी सेवाएं व ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी या अर्धसैनिक बल पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। सार्वजनिक स्थानों पर नमाज और पूजा या जुलूस सहित किसी भी प्रकार के आयोजन पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। विवादित स्थान या जहां प्रथा न हो, वहां अगर किसी ने पूजा की या नमाज अता किया तो कार्रवाई होगी। कोविड गाइडलाइन का पालन करना होगा।

# दिल्ली के द्वारका में सरेआम गोली मारकर वकील की हत्या

**नई दिल्ली।** द्वारका इलाके में सरेआम वकील की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। द्वारका सेक्टर 8 की रेड लाइट के ठीक सामने मणिपाल हॉस्पिटल के पास दो बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार, बाइक चलाने वाले बदमाश ने लाल रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी। वकील पर गोली चलाने के बाद दोनों बदमाश तेजी से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए, लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने खून में लथपथ वकील को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक वकील की पहचान वीरेंद्र कुमार के तौर पर हुई है, वह पटियाला हाउस कोर्ट में प्रैक्टिस कर रहा था। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि शाम 4:20 पर पुलिस को पीसीआर कॉल मिली थी। जिसमें बताया गया था कि सेक्टर-1 द्वारका के पास हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। मौके पर पुलिस टीम पहुंची तो पता चला कि मोटरसाइकिल पर सवार बदमाशों ने अर्टिगा गाड़ी पर बैठे शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी।

**बेखौफ हैं बदमाश**

**बदमाशों के हौसले देख दहशत में लोग**

# बीडियो मऊआइमा पर जानलेवा हमला, तीन गिरफ्तार


सोरांव थाने का घेराव करते बीडिओ व समर्थक

**सोरांव।** सोरांव तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के अंतिम क्षण में आवास के मामले को लेकर खंड विकास अधिकारी मऊआइमा पर हमला कर दिया गया। हमला होता देख आसपास के लोगों द्वारा बीच-बचाव किया गया। वही पीड़ित बीडियो की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को सोरांव तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान के अवसर पर खंड विकास अधिकारी मऊआइमा श्याम नारायण चतुर्वेदी ने प्रतिभाग किया था। उप जिलाधिकारी के पास अंतिम क्षण मीटिंग करने के लिए जा रहे थे। आरोप है कि पूर्व प्रधान राजा त्रिपाठी व आवेदिका सुषमा उनके पुत्र व पूर्व प्रधान का पुत्र प्रिंस व 8-10 अज्ञात लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से विधि विरुद्ध जमाव करते हुए सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया। विरोध करने पर गाली गुप्ता देते हुए जानलेवा हमला कर दिया। आस-पास के लोगों ने बीच बचाव किया। कपड़े फाड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं घटना के बाद आक्रोशित बीडिओ के समर्थकों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सोरांव थाने का घेराव किया। पीड़ित खंड विकास अधिकारी मऊआइमा की तहरीर पर राजा त्रिपाठी, सुषमा, प्रिंस तिवारी, सुषमा का पुत्र समेत 8- 10 अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वही इंस्पेक्टर सोरांव अशोक कुमार ने बताया कि तीन लोगों गिरफ्तार कर लिया गया है।

## बीडिओ के समर्थन में आए बहरिया के अधिकारी और कर्मचारी

**आक्रोश**

**अधिकारियों और कर्मचारियों ने ब्लाक मुख्यालय पर तालाबंदी कर जताया आक्रोश**


ब्लाक मुख्यालय पर तालाबंदी कर आक्रोश जताते अधिकारी व कर्मचारी

**बहरिया।** शनिवार को सोरांव तहसील में समाधान दिवस के दौरान विकास खंड मऊआइमा के बीडीओ के साथ पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा की गई मारपीट से बहरिया के अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। घटना से आक्रोशित बहरिया के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ब्लाक मुख्यालय पर तालाबंदी करके अपना विरोध जताया।

ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिला महामंत्री दयाराम पटेल ने बताया कि सोरांव तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान मऊआइमा के खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी के साथ जमुई ग्राम पंचायत के पूर्व ग्राम प्रधान ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। जिसके विरोध में ब्लाक के सभी अधिकारी और कर्मचारी तालाबंदी करते हुए अपना विरोध जताया। दयाराम पटेल ने कहा कि यदि आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी नहीं की गई तो ब्लाक के सभी अधिकारी और कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस मौके पर एडीओ एसटी रविकांत त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी सौरभ सिंह, राकेश गुप्ता, विकास कुमार, मंजू पटेल, जया कुशवाहा, वीरेंद्र प्रकाश, वरिष्ठ लेखाकार अरुण त्रिपाठी, अनिल सरोज, अरुण कुशवाहा, आसाराम मौर्य सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गौहानी में बेकाबू कार की टक्कर से युवक की मौत

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। यह हादसा बारा थाना क्षेत्र में गौहानी पेट्रोल पंप के समीप हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही मुकामी पुलिस मौके पर पहुंच गई और विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में ले लिया। रींवा रोड पर हुए इस हादसे की वजह से कुछ देर के लिए यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हुई। जानकारी के मुताबिक गौहानी के रहने वाले संतराज सिंह (40) पुत्र संतोष सिंह शनिवार को किसी कार्य से डिवाइडर क्रास करते हुए सड़क पार करने की कोशिश में लगे थे। इसी दौरान रींवा की तरफ से प्रयागराज की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उन्हे टक्कर मार दी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि संतराज को अस्पताल ले जाने का भी मौका नहीं मिला और उनकी मौके पर ही मौत गई। हादसे की जानकारी होते ही मुकामी पुलिस के साथ-साथ रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंच गए और विधिक कार्यवाही शुरू की।

बताया जाता है कि मृतक संतराज सिंह को एक बेटी और एक बेटा है। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ भी जमा हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर चीरघर भेज दिया है। जबकि चौकी जारी पुलिस ने कार व चालक को हिरासत में ले लिया है।

### गंगा महासभा प्रयागराज के कार्यसमिति की बैठक आज

**नैनी।** गंगा महासभा प्रयागराज की नवगठित कार्यकारिणी की मासिक बैठक आज दिनांक 2 अप्रैल रविवार को मध्यान्ह 2: बजे से 4 बजे तक मिडिल प्वाइंट रेस्टोरेंट, मदन वाटिका बंधा रोड देवरख नैनी में होगी। उक्त जानकारी देते हुए महासभा के महामंत्री गजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से बैठक में समय से भाग लेने की अपील की है। श्री सिंह के अनुसार बैठक मे आगामी 9 अप्रैल रविवार को होने वाले गंगाभक्त समागम के बारे मे विचार विमर्श किया जायेगा।

## संक्षेप

### सर्व शिक्षा अभियान रैली निकाल किया गया जागरूक



**थरवई।** अप्रैल में नए सत्र हुए चालू शनिवार एक अप्रैल को नया सत्र शुरू होते ही प्राथमिक विद्यालय विकास खण्ड सोरांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय हरिरामपुर में स्कूल व अन्य सभी प्राथमिक विद्यालयों में चलो अभियान के क्रम में रैलियां निकाली गईं जिसमें सभी बच्चों को स्कूल चलने को लेकर उन्हें जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम से संचारी रोग की रोकथाम, जल संरक्षण स्कूल चलो अभियान में सभी को जागरूक किया गया व 6- 14 वर्ष के सभी बच्चों को स्कूल चलने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें बच्चों व उनके अभिभावकों को बताया गया की जो भी 6- 14 वर्ष के बच्चे हैं उन्हें स्कूल भेजें। स्कूल में बच्चों को सभी चीजें सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षाप्रद योजनाएं व शिक्षा के साथ - साथ उन्हें विद्यालय में पौष्टिक भोजन व विद्यालय में लगने वाले ड्रेस व साथ ही शिक्षण सामग्री सभी बच्चों को निःशुल्क प्रदान किया जाता है उनके पठन - पाठन में किसी भी प्रकार की असुविधाएँ नहीं होंगी, खेल सामग्री, प्रत्येक छात्र - छात्राओं के शारीरिक, मानसिक बौद्धिक व नैतिक हेतु प्रतिवाद, गुणवत्तापूर्ण बालकेंद्रित शिक्षा आदि व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं । नए सत्र पर सभी उपस्थित छात्र - छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक वितरण भी किया गया वहीं प्राथमिक विद्यालय हरिरामपुर में नए दाखिले भी अभिभावकों द्वारा कराये गए। स्कूल चलो अभियान रैली में मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापिका केसरा वर्मा व टीचर्स में नीलम, चित्रा गुप्ता, अनीता कुमारी आदि मौजूद रहे।

### विद्यालय में विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हडही में कक्षा पांच पास छात्र छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उपस्थित छात्र छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाध्यपिका द्वारा उपहार भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बताया गया 1अप्रैल को प्रवेशोत्सव मनाया गया जिसमें नए बच्चों का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया गया तथा शासन के निर्देश के अनुसार सत्र के पहले ही दिन उपस्थित छात्रों को निशुल्क पुस्तक वितरित किया गया। कक्षा पाँच पास छात्र छात्राओं को रिजल्ट कार्ड के साथ उपहार देकर विदा किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय की ओर से बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया तथा विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यपिका नीलम सिंह, सहायक अध्यापिका पूनम जायसवाल, गरुण सिंह व कल्पना चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

### स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए परिषदीय विद्यालयों में निकाली गई रैली



**शंकरगढ़।** स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए परिषदीय स्कूलों में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगो को बच्चों का नामांकन स्कूल में कराने के लिए जागरूक किया गया। कम्पोजिट विद्यालय शंकरगढ़ के छात्र छात्राओं द्वारा आज 1 अप्रैल 2023 को संचारी रोग की रोकथाम व स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए संयुक्त रूप से रैली निकाली गई। मौसम परिवर्तन से होने वाले संचारी रोग से कैसे बचा जाए उसके लिए बच्चों व नगर वासियों को रैली निकाल कर जागरूक किया गया। इसके अलावा 1 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ हो रहे नए शैक्षिक सत्र के लिए स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई तथा 6 से 14 वर्ष के बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शंकरगढ़ शैलपति यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के चिकित्साधिकारी डॉ संजय सिंह, प्रधानाध्यापक बीरेंद्र सिंह, नृपेंद्र सिंह, चेतना शर्मा, अतुलेश्वरी गुप्ता, यास्मीन, अनिल सिंह, डॉ अनिल पटेल, सुरेंद्र सरोज, शिव लाल, संगीता आदि लोग मौजूद रहे। इसी प्रकार कम्पोजिट विद्यालय बढ़ैया में भी स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई और प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्राथमिक विद्यालय हडही, उच्च प्राथमिक विद्यालय गाढ़ा कटरा, प्राथमिक विद्यालय विद्यालय जिल्ला, मॉडल विद्यालय कल्यानपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय पगुवार, सहित अनेको विद्यालय में स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण की संयुक्त रूप से रैली निकाली गई। उसके उपरांत प्रवेशोत्सव के तहत आज से शुरू हो रहे सत्र के पहले ही दिन बच्चों को निशुल्क पुस्तक वितरण किया गया।

### अभिभावकों संग छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

**करछना।** विकास खंड करछना के प्राथमिक विद्यालय भरहा के छात्रों ने अनिल कुमार तिवारी खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम प्रधान भरहा जगजीवन लाल, रविंद्र कुमार व उमेश कुमार, सदस्य एवं ग्राम के सम्मानित अभिभावकों की उपस्थिति में स्कूल चलों अभियान रैली, समस्त कक्षाओं में सर्वोच्च प्रथम तीन स्थान प्राप्त बच्चों का सम्मान कार्यक्रम, वार्षिकोत्सव कार्यक्रम, परीक्षा फल घोषणा, कक्षा 5 के समस्त बच्चों का विदाई कार्यक्रम, नवप्रवेश नामांकन कार्यक्रम एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में गाँव के सम्मानित आभिभावक विद्यालय के समस्त स्टाफ श्रीमती अलका गौड़, श्रीमती मोनिका श्रीवास्तव, श्री श्याम बली सिंह, श्री राकेश यादव, श्रीमती रेनू सिंह उपस्थित रहें । सर्व प्रथम खंड शिक्षा अधिकारी ग्राम प्रधान एवं समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ स्कूल चलो अभियान रैली झंडा दिखाकर गांव में रवाना किया गया। भ्रमण पश्चात मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वार्षिक परीक्षा में प्रथम तीन स्थान प्राप्त समस्त कक्षाओं के बच्चों को खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही ब्लॉक के मुखिया द्वारा विद्यालय में 6 बच्चों का नामांकन उनके कर-कमलों द्वारा किया गया जो कि विद्यालय परिवार के लिए बहुत ही गौरव की बात रही।

## भारी बारिश से गेंहू की पकी फसल नष्ट, किसानों के आंखों में आंसू



**मऊआइमा।** बेमौसम हुई बरसात से खेतों में लगी जमापूंजी कुदरत ने बर्बाद कर दिया। पकी फसलों के खेतों में लेट जाने और पानी भर जाने से काश्तकार खून के आंसू रो रहा है।

कुदरत का अजीब गरीब खेल निराला है । किसानों के अनुसार पहले वह हांड कपा देने वाली ठंडक में फसलों को नीय गायों से बचाया फिर दिन में छुटटा पशुओं ने कुछ फसलों को नष्ट किया अब जब खेतों में पकी फसलों को काटने और मडाई हेतु रखा तो प्राकृतिक आपदा ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। बीती रात से शनिवार को सुबह तक तेज बारिश के कारण मडाई हेतु रखी पकी फसलें बर्बाद हो कर नष्ट हो गई। किसानों के मुताबिक वह किसी तरह इधर उधर से ऋण लेकर किसी तरह फसलों को तैयार किए। परन्तु उनकी जमा पूंजी तेज बारिश से बर्बाद हो गई है। किसानों को अब चिंता इस बात पर है कि वह कहां से कर्जों की अदायगी करेंगें। बहरहाल बेमौसम की वर्षा ने किसानों के घरों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। और इसी गम में आँख से आँसू निकल आये।

### तेज आंधी में घर गिरा दबकर किशोर की मौत

**शंकरगढ़।** क्षेत्र में आए तेज तूफान तथा बारिश से एक गरीब का घर भरभरा कर गिर गया। जिससे उसके नीचे दबकर उसके बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के नौढ़िया उपरहार गांव की है। शुक्रवार की शाम क्षेत्र में बारिश के साथ ही तेज तूफान चला था। जिससे क्षेत्र की फसलों को तो भारी नुकसान हुआ ही। इसी तूफान में नौढ़िया उपरहार गांव के रामबालक सेन का कच्चा घर भरभरा कर गिर गया। जिससे घर के अंदर बैठा उसका किशोर बेटा प्रहलाद सेन सत्रह वर्ष दीवार की मिट्टी तथा बल्ली के नीचे दब गया। रामबालक ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे निकालकर आनन-फानन में शंकरगढ़ के एक निजी नर्सिंग होम में लेकर आए। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया। रात्रि में इलाज के दौरान स्वरूप रानी अस्पताल में प्रहलाद की मौत हो गई। प्रहलाद की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया। सुबह लोगों द्वारा जानकारी मिलने पर शंकरगढ़ पुलिस तथा राजस्व विभाग से तहसीलदार घटनास्थल पर जाकर मौका मुआयना किया तथा परिजनों को शासन द्वारा दैवीय आपदा राहत कोष से सहायता राशि दिलाने का आश्वासन दिया।

## ओलावृष्टि एवं बरसात से खराब हुई फसलों का जल्द कराएं सर्वे : रीता जोशी

**समीक्षा**

**सांसद विधायक ने कोरांव तहसील में दैवीय आपदा से खराब हुई फसलों की की समीक्षा**


ओलावृष्टि से खराब फसलों की समीक्षा करते सांसद विधायक

**कोरांव।** क्षेत्र में ओलावृष्टि एवं भारी वर्षा से खराब हुई फसलों का राजस्व कर्मी जल्द सर्वे करके रिपोर्ट तैयार करें ताकि प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाया जा सके। उक्त बातें शनिवार को तहसील सभागार में दैवीय आपदा की समीक्षा बैठक में सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने कहीं। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित किसानों को सरकारी तौर पर मुआवजा दिलाया जाएगा। स्थानीय विधायक राजमणि कोल ने कहा कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है बरसात से खराब हुई फसलों के कारण किसान टूट गया है। सरकार का निर्देश है सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए। सांसद एवं विधायक ने क्षेत्रीय किसानों से वार्ता करते हुए नुकसान की जानकारी ली। उप जिलाधिकारी को अबिलम्ब गांवो का सर्वे कराते हुए रिपोर्ट भेजने की बात कही ।कई ग्राम प्रधानों ने लेखपालों पर सर्वे के कार्य में मनमानी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि सर्वे कार्य में लापरवाही करने वालो के खिलाफ कार्यवाही कराई जाएगी। समीक्षा बैठक में एसडीएम शुभम यादव तहसीलदार अनिल वर्मा खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल रामेश्वर द्विवेदी विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला शुक्ला सहित तमाम किसान एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण


वार्षिक परीक्षा फल के साथ बच्चे व कालेज के शिक्षकगण

**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज नैनी प्रयागराज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कविद्यालय की वार्षिक परीक्षा का परिणाम 99.0 4% रहा, विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाले भैया विष्णु निषाद ने 96.57%, अनंत कुशवाहा (4अ) 87.3 %, आस्था यादव (8अ) 92.3 5%, हिमांशु सिंह (9इ) 94.16% एवं सोनाक्षी यादव (11अ) 81.8 % अंक पाकर अपने-अपने वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किए गए।

विद्यालय में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में शशिकांत सिंह, वरिष्ठ कारागार अधीक्षक केंद्रीय कारागार नैनी ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है उनका इसी प्रकार से सर्वांगीण विकास विद्यालय के माध्यम से होता रहे, विशिष्ट अतिथि अतिथि के रूप में राजमणि मिश्र सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक एवं अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर एल एस ओझा वरिष्ठ चिकित्सक रहे।

विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बेटी हू मैं बेटी हूं मैं, सीताराम जी की राम भक्ति नृत्य, शास्त्रीय नृत्य एवं गणेश वंदना ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया, विद्यालय में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान ,विज्ञान, गणित की प्रायोगिक प्रतियोगिताएं, बोर्ड में सर्वोच्च अंक हासिल करने के लिए सौम्या शुक्ला जिले में आठवां स्थान इंटरमीडिएट में एवं साक्षी सिंह जिले में दसवां स्थान हाई स्कूल की परीक्षा में,अखिल भारतीय निबंध में अनुप्रिया सिंह,आशीष सिंह, पायल सिंह ने प्रथम स्थान, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, दीप सज्जा प्रतियोगिता, राखी प्रतियोगिता सक्रिय छात्र, गायन, वादन, तबला सरस्वती वंदना, वेश प्रतियोगिता खेलकूद इत्यादि विधाओं में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया क विद्यालय में आदर्श छात्र के रूप में समृद्धि यादव, अमित सिंह एवं आकृति पाल को सम्मानित किया गया, विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे दो आचार्य सुरेश प्रसाद शुक्ल एवं दशरथ प्रसाद को विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार पाल द्वारा सम्मानित किया गया, उन्हें भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं श्री रामचरितमानस की पुस्तक दी गई क कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा कृतिका सिंह, अंजली गुप्ता एवं छात्र योगेंद्र कुमार द्वारा किया गया।

उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रघुराज प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, जिला प्रचारक नैनी अतुल, प्रधानाचार्य कमलाकर, प्रधानाचार्य दिनेश दुबे, प्रधानाचार्य विनोद, कैप्टन बबलू मिश्रा, अनुराग पांडे, देवेंद्र प्रताप, सूर्य प्रकाश उपाध्याय एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## संगम क्षेत्र में अघोरेश्वर भगवान राम निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ




**नैनी।** ओम तत्सत प्रेरणा परमार्थ आश्रम मर्यादा पुरुषोत्तम नगर चाका ब्लाक दांडी प्रयागराज के द्वारा शनिवार को अपने विभिन्न मानव सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली ग्रीष्म ऋतु से प्रयागराज तीर्थ स्थल में तीर्थ यात्रियों को एवं श्रद्धालुओं को ग्रीष्म ऋतु में जल की सुविधा प्रदान करने हेतु संगम क्षेत्र में अघोरेश्वर भगवान राम निःशुल्क प्याऊ सेवा का शुभारंभ किया गया जिसके अंतर्गत प्रातः 9:30 से सायन कालीन 5:00 बजे तक निशुल्क जल की व्यवस्था की जाएगी प्रेरणा परमार्थ आश्रम के माध्यम से पिछले कई वर्षों से पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर प्याऊ सेवा का आयोजन करके ग्रीष्म ऋतु में जनता को जल उपलब्ध कराया जा रहा है अब तक कई हजार लोग इस सुविधा से लाभान्वित हो चुके हैं प्याऊ सेवा का कार्य पूरी श्रद्धा एवं स्वच्छता के साथ क्रियान्वित होता है प्याऊ सेवा का उद्घाटन प्रातः 8:30 रिटायर्ड एक्साइज कमिश्नर मिस्टर बीके सिंह के द्वारा किया गया कार्यक्रम में श्रद्धेय श्री भैया जी एवं सैकड़ों आश्रम के सदस्य उपस्थित थे पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया उक्त सूचना मीडिया प्रभारी जैनेंद्र साहब के द्वारा प्रदान की गई।

## हे भइया अब कइसे चले गृहस्थी दऊ ने सब बर्बाद कर दिया

**कोरांव में तीसरी बार हुई बरसात एवं ओलावृष्टि से कराह उठा अन्नदाता**

**सुरेश तिवारी**



**कोरांव।** एक पखवाड़े के भीतर तीसरी बार हुई बरसात एवं ओलावृष्टि ने क्षेत्रीय किसानों की फसलों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया एक तरफ जहां खेतों में खड़ी फसलें चौपट हो गई वहीं दूसरी तरफ मड़ाई के लिए खलिहान में रखी गई फसल भी भीगने से बर्बाद हो गई शुक्रवार की शाम 4:00 बजे के लगभग अचानक बदले मौसम के मिजाज है किसानों को कराने पर मजबूर कर दिया क्षेत्र के सेमरी बाघराय, देवी बांध, बड़ोखरा, अरूवारी, देवरी, कोलसरा, तराव ,सेमरिहा, बैदवार, सहित दर्जनों गांव में ओलावृष्टि से गेहूं सरसों चना अरहर आदि फसलों को भीषण नुकसान पहुंचा है पेड़ों पर लगे आम के बौर पूरी तरह से जमीन पर धराशाई हो गए खेतों में गर्मियों के मौसम के लिए तैयार की जाने वाली सब्जियों की खेती भी चौपट हो गई किसान खेतों में फसलों का हाल देखकर पूरी तरह से बेहाल हो गया है। नीबी के कमलेश्वर गौतम, सेमरिहा के ज्ञानचंद सिंह, बैदवार के इंद्र देव शुक्ला अरूवारी के संजय त्रिपाठी सहित कई किसानों ने बताया कि इस बार क्षेत्र में सभी फसलों की अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी लेकिन कुदरत के कहर ने किसानों के अरमानों पर पूरी तरह से पानी फेर दिया है। अब किसानों के सामने घर परिवार का भरण पोषण, बच्चों की पढ़ाई लिखाई, बेटियों की शादी में बड़ी मुश्किल सामने आ गई है। क्षेत्र के पाल इलाके के दर्जनों गाँवो में पूर्व में ही ओलावृष्टि ने किसानों की फसलों को तबाह कर दिया था। शुक्रवार को लापर क्षेत्र के किसान भी कुदरत के कहर के शिकार हो गए।

## महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में घोषित हुआ वार्षिक परीक्षा परिणाम


बच्चों को परीक्षा फल वितरित करतीं प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला

**नैनी।** शनिवार को महर्षि विद्या मन्दिर सीनियर सेकण्डरी स्कूल दूरवाणी नगर नैनी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला के दिशा निर्देशन में ठीक समय पर परीक्षा परिणाम की सभी तैयारियाँ कर ली गयी थी। कक्षा के.जी. से लेकर आठवीं, नवमी एवं ग्यारहवी के छात्र झ छात्राओं का वार्षिक परीक्षा फल 01 अप्रैल 2023 को घोषित कर दिया गया। परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम पाकर छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे खिल उठे ।विद्यार्थियों का परीक्षा फल उत्साह वर्धक रहा। प्रधानाचार्या जी ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने सर्वश्रेष्ठ गायन, नृत्य, खेलकूद आदि के लिए भी बच्चों को पुरस्कृत किया। विद्यालय सभागार में पहुँचकर विद्यार्थियों ने अपना-अपना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी पुरस्कृत छात्र अलग ही अभिभावकों के साथ खुश नजर में दिख रहें थे। कक्षा यू .के.जी. एल. के जी. तथा पहली से पाँच वीं के सर्वश्रेष्ठ छात्रों को भी प्रधानाचार्या जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। छोटे-नन्हे-मुन्ने बच्चे भी अपने माता झपिता के साथ खूब प्रसन्न दिख रहें थे। विद्यालय में आज का माहौल ही कुछ अलग रहा । परीक्षा फल घोषित होने पर विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षक समूह भी प्रसन्न रहे। प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला जी ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। अभिभावकों को भी साधुवाद एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



वारी में कैबिनेट मंत्री नंदी का स्वागत करते भाजपाई

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### वारी में कैबिनेट मंत्री नंदी का भाजपाइयों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**जंघई।** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी का कोट दक्षिण धनूपुर प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात प्रयागराज वापसी के दौरान भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने वारी तिराहे पर पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण करते हुए जोरदार स्वागत अभिनंदन किया एवं जोरदार जिंदाबाद के नारे लगाया। अपने स्वागत अभिनंदन से अभिभूत नंदी ने कार्यकर्ताओं से उनकी समस्याओं की जानकारी लेते हुए निराकरण का आश्वासन दिया।

## चौक घंटाघर नेहरू काम्प्लेक्स में आग लगने से व्यापारियों का हुआ करोड़ों का नुकसान

**हड़कम्प**

**बारह दुकानें आग की चपेट में, फायर ब्रिगेड आग बुझाने में लगी**



आग बुझाने का प्रयास करते फायर ब्रिगेड कर्मी

**प्रयागराज।** चौक घंटाघर स्थित नेहरू कंम्प्लेक्स व संजय मार्केट नाम से प्रसिद्ध मार्किट में लगी भीषण आग, आग लगने से करोड़ों सामान हुआ स्वाहा,शनिवार को प्रातःकाल मार्किट के अन्दर से धुवा निकलते देख अफरा तफरी मच गई धीरी धीरी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घंटाघर चौकी इंचार्ज सुमित श्रीवास्तव ने बताया की लगभग बारह दुकाने आग की चपेट में आई है व्यापारियों का काफी नुक्सान हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर कोतवाली पुलिस फोर्स पहुंची। वही व्यापारियों ने त्वरित फायर ब्रिग्रेड सूचना दी थी मौके पर पहुंची डंकल आग बुझाने के काफी मुसक्कत करनी पड़ी किसी तरह आग को काबू किया गया। हालांकि व्यापारियों की दुकान आग चपेट में आने से दुकानदार गमजदा नजर आएं। दुकानदारों का लाखो का सामान जलकर खाक हो गया। ईद का त्यौहार करीब है ऐसे में व्यापारियों के व्यापार में काफी गहरी चोट पहुंची है इन व्यापारियों की दुकान का हुआ नुकसान मोहम्मद सलीम चप्पल की दुकान, कादिर सीजन स्पेशल, शहजाद उर्फ मुन्नू कोट पैंट एंड शेरवानी, रईस तौलिया लूंगी गमछा, मोहम्मद आमिर लेडीज पर्स, मोहम्मद नदीम चूड़ी शॉप, मोहम्मद यूसुफ कॉस्मेटिक अबू बकर क्रोकरी शॉप, अब्दुल्ला कोट पेंट शेरवानी, मोहम्मद तनवीर रेडिमेड गारमेंट्स, हारून धागा बटन, रामजी केसरवानी प्लास्टिक की दुकानी थी। व्यापार मंडन मिडिया प्रभारी मोहम्मद अकरम शगुन ने जिला प्रशासन व नगर निगम से मांग की है की ट्रांसफार्मर बिजली के खम्बे पर फ्लैक्स बोर्ड ना लगाया जाये इसी कारण से बोर्डो में अक्सर शॉर्ट सर्किट से आग लगने की सम्भावना बनी रहती है और उसका सीधा नुकसान का सामना व्यापारियों करना पड़ता है।

## नाले में गिरने से बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के बिरहा मोड़ पर एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक श्रीनगर पथरताल निवासी गौरीशंकर पुत्र गेंदा कोल उम्र32और राहुल पुत्र कल्लू पेंटर उम्र26 किसी कार्यवश रत्यौरा बाजार गए हुए थे।वहाँ से अपने घर जाने के लिए वापस लौट रहे थे। अभी बिरहा मोड़ पर पहुँचे ही थे कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो कर नाले में जा गिरी। दुर्घटना में गौरीशंकर की मौत हो गई और राहुल का पैर टूट गया। सूचना पर इलाकाई पुलिस भी पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने गंभीर को सीएचसी पहुँचाया। बताया जा रहा है कि मृतक और उसका साथी ने शराब पी रखा था। बहरहाल घटना के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई।

## संक्षेप

### प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को उपहार देकर हुई विदाई



**करछना।** प्राथमिक विद्यालय के प्रबंधक और टीचिंग स्टाफ की ओर से प्राथमिक विद्यालय हरदुआ में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक उपहार दिये गये व विशेष भोज के साथ विदाई दी गई। कार्यक्रम के शुभारंभ में रामपुर तालुका मुंगारी ग्राम प्रधान जितेन्द्र कुमार द्विवेदी व स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के अध्यक्ष अरुण कुमार और साथ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु जोशी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने विभिन्न गीतों पर खूबसूरत नृत्य प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम प्रधान जितेन्द्र कुमार द्विवेदी ने विद्यालय में कार्यरत शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व रसोईयों को उपहार भेंट किए। बच्चों का विदाई समारोह में प्रधानाध्यापिका मधु जोशी ने मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से भविष्य में भी पूरे मनोयोग से आगे की शिक्षा जारी रखने का आह्वान किया। भविष्य में अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम पढ़ लिख कर रोशन करने को कहा।इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### बहरिया में नामांकन उत्सव के साथ शुरू हुआ शिक्षण सत्र

**बहरिया।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कमलानगर में खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र मौर्या के नेतृत्व में नामांकन उत्सव एवं स्कूल चलो अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाल कर नए शिक्षण सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसमें बीरापुर, गारापुर, बजाहीए लहटी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कमला नगर समेत आसपास के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे व शिक्षक शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख बहरिया शशांक मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष दीप नारायण सिंह ने किया। आयोजन विद्यालय के प्रधानाध्यापक योगेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में किया गया। नामांकन उत्सव तथा स्कूल चलो अभियान के साथ संचारी रोग नियंत्रण का कार्यक्रम भी शामिल रहा। इसमें उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी तीर्थ लाल ने संचारी रोगों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मनीलालए अशेषानंदए सुभाष पटेल, आदर्श चतुवेर्दी, रामचंद्र यादव, अवधेश सिंह, अशोक यादव, मुन्नी यादव, रूबी गुप्ता, समर सिंहए, रविन्द्र सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, अखिलेश कुमार मौर्य, प्रधान प्रतिनिधि भगवत प्रसाद सिंह आदि लोग रहे। इसी प्रकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय बहरिया द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोक जागरूकता हेतु रैली एवं प्रभात फेरी निकाली गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान शांति देवीए प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका प्रियंका यादवए सहायक अध्यापक पूजाए मंजू पटेलए शिक्षामित्र सुमन गुप्ताए जमीला बेगमए उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश नारायण मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा : राजमणि कोल



**कोरांव।** नए शैक्षिक सत्र में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन कराना शिक्षकों के साथ अभिभावकों की भी जिम्मेदारी है उसके लिए हम सभी को अपने अपने स्तर से प्रयास करना होगा ताकि सभी को शिक्षा मिल सके उक्त बातें शनिवार को बीआरसी कोरांव में आयोजित सर्व शिक्षा अभियान रैली के शुभारंभ के दौरान विधायक राजमणि कोल ने कही । ब्लाक स्तरीय स्कूल चलो अभियान तथा संचारी रोग रोकथाम के लिए निकाली गई रैली का विधायक एवं ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल ने शुभारंभ किया। उच्च प्राथमिक विद्यालय कोरांव के बच्चों को मुख्य अतिथि विधायक राजमणि कोल के हाथों निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया और बच्चों को नियमित रूप से स्कूल पहुंचकर पढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता रैली का समापन बी०आर०सी० कोरांव पर ही किया गया। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख मुकेश कुमार कोल एवं खण्ड विकास अधिकारी मुकेश कुमार सहित कई अन्य लोगों द्वारा संबोधित किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सपना सिंह, समस्त ए०आर०पी०, महेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनुदेशक संघ भोला नाथ पाण्डेय गणेश शंकर तिवारी सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

### क्रय विक्रय के चुनाव में गड़बड़ी की आशंका की जिलाधिकारी से की गई शिकायत



**मेजा।** सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति सिरसा में गड़बड़ी होने की आशंका समिति के निवर्तमान अध्यक्ष रामसागर उर्फ मुखिया यादव ने नियम विरूद्ध व्यक्तिगत सदस्य बनाये जाने सहित अन्य चुनाव में गड़बड़ी करने की असंका को जिला अधिकारी को पत्र लिख कर अवगत करवाया है और निष्पक्ष चुनाँव कराने की माँग की है । गौरतलब हो कि सिरसा सहकारी क्रय विक्रय समिति के निर्वाचन की तिथि 02 अप्रैल से लेकर 13 अप्रैल तक घोषित कर दी गयी है जिसका अन्तिम क्षेत्र अवधारण और आरक्षण ए. आर. निकाला जा चुका है । मुखिया यादव ने पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि सत्ता पक्ष के कुछ विशेष लोग समिति के सचिव पर राजनैतिक दबाव व धमकी देकर व्यक्तिगत सदस्य बढ़ाये जाने के लिए रसीद कटवाने की जबरजस्ती दबाव बना रहे हैं जबकि उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति नियमावली 1968 व 2014 के नियम 38 (2) का सरासर उल्लंघन होगा और नियम 12 (क) और धारा 20 (क) भी उल्लंघन होगा।साथ ही उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ द्वारा 2009 में और अपर आयुक्त निबंधक सहकारिता लखनऊ के आदेश 2012 में अस्पष्ट कहा गया कि प्रबन्ध समिति का कार्यकाल खतम होने के पश्चात प्रशासक कमेटी द्वारा व्यक्तिगत सदस्य नहीं बनाये जा सकते।ए. आर. प्रयागराज तथा सचिव समिति एवं प्रशासक कमेटी को निर्देशित करें कि नियम विरूद्ध व्यक्तिगत सदस्य न बनाये जाए और पूर्व प्रबन्ध समिति के द्वारा अनुमोदित सदस्य 727 सदस्य ही निर्वाचन में भाग ले सके।

### उरूवा में संचारी रोग नियंत्रण माह का शुभारंभ



**मेजा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर के समस्त स्टाफ के द्वारा अधीक्षक डा० नीरज पटेल के नेतृत्व में चिकित्सालय क्षेत्र में रैली निकालकर जन समुदाय को संचारी रोगो की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। इसके उपरांत अधीक्षक डा०नीरज पटेल द्वारा उंचडीह गांव का सपोर्टिव सुपरविजन किया गया। अधीक्षक डा० नीरज पटेल एवं प्राथमिक विद्यालय उंचडीह के प्रधानाध्यापक विनोद शुक्ला द्वारा प्राथमिक विद्यालय उंचडीह के बच्चो समस्त अध्यापकों, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ती, आंगनवाड़ी सहायिका के साथ संचारी रोग नियंत्रण के प्रति जनजागरूकता रैली निकाली गयी इस दौरान्त ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक आशीष द्विवेदी, एस०टी०एस० अंकित पाण्डेय, आर0के0एस0के0 काउन्सलर मनोज सविता भी उपस्थित रहें। अधीक्षक डा० नीरज पटेल द्वारा बच्चों को मच्छर जनित बिमारियों से बचाव एवं हैण्ड वासिंग से होने वाले फायदे के प्रति सचेत किया गया ।

## विषम परिस्थिति में भी निखर कर सामने आ ही जाते हैं होनहार बच्चे



होनहार बच्चों के साथ खण्ड शिक्षा अधिकारी

**प्रयागराज।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती। विषम परिस्थितियों में भी प्रतिभाशाली बच्चे निखर कर सामने आ ही जाते हैं। आवश्यकता है ऐसी प्रतिभाओं को अवसर देने की उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र ने नवाबगंज बीआरसी पर मेधावी बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अवसर पर कही। विकासखंड के समस्त प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के मेधावी छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया उच्च प्राथमिक स्तर पर मधेश' की शिखा पटेल ने सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान ,दुखियापुर के सत्यम साहू ने द्वितीय एवं नसीरपुर की निशा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्राथमिक स्तर पर सरस्वतीपुर के देवेश मिश्रा को प्रथम, करीमुद्दीनपुर के अभिषेक ने द्वितीय एवं कुरेसर और जगदीशपुर खंदरौली के अंकुश और अंशिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। ए आर पी जय सिंह के द्वारा नकल विहीन परीक्षा संचालित करने के लिए कंट्रोल रूम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राधे कृष्ण एवं मंत्री बालेंद्र ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं भविष्य मे भी परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। मेधावी बच्चों की प्रतियोगिता के लिए बनाए गए परीक्षा प्रभारी विष्णु कुमार मिश्र ए आर पी ने कहा मेधावी छात्रों को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।

उपस्थित अध्यापकों एवं अभिभावकों के द्वारा इस प्रकार की परीक्षा का आयोजन त्रैमासिक कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अजमल अमीन अंसारी, पूनम चौधरी, प्रियंका, विनय, अनिल, अंकित, सुधीर, मंजू आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश में भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से भोपाल और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद रानी कमलापति-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का निरीक्षण किया और ट्रेन के चालक दल तथा वहां पर उपस्थित बच्चों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी कार्यक्रम के दौरान हुई त्रासदी पर दुःख जताते हुए अपने संबोधन की शुरूआत की और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की और इस दुर्घटना के दौरान घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के निवासियों को उनकी पहली वंदे भारत रेलगाड़ी मिलने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह रेलगाड़ी दिल्ली से भोपाल के बीच यात्रा में लगने वाले समय को कम करेगी और व्यवसायियों तथा युवाओं के लिए कई सुविधाएं एवं सहूलियतें प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री ने इस तथ्य को दोहराया कि वह स्वयं को सौभाग्यशाली समझते हैं क्योंकि उन्होंने ही आज के आयोजन स्थल अर्थात रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का भी उद्घाटन किया था। श्री मोदी ने नई दिल्ली के लिए भारत की अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाने का अवसर प्राप्त होने पर भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय रेलवे के इतिहास में दुर्लभतम उदाहरणों में से एक है, क्योंकि किसी प्रधानमंत्री ने बहुत ही कम समय में एक ही रेलवे स्टेशन का दो बार दौरा किया है। श्री मोदी ने कहा कि आज का अवसर आधुनिक भारत के लिए एक नई व्यवस्था और नई परंपराओं के निर्माण का एक प्रमुख उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि अतीत की सरकारें पहले से मौजूद रेल नेटवर्क का बड़ी आसानी से आधुनिकीकरण कर सकती थीं, जिसे भारत ने अपनी स्वतंत्रता के बाद हासिल किया था लेकिन निहित राजनीतिक स्वार्थों के चलते रेलवे के विकास की बलि चढ़ा दी गई। उन्होंने कहा कि स्वाधीनता के दशकों बाद भी पूर्वोत्तर राज्य रेल नेटवर्क से नहीं जुड़ पाए थे। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने भारतीय रेलवे को दुनिया में सबसे अच्छा रेल नेटवर्क बनाने का प्रयास किया है। वर्ष 2014 से पहले भारतीय रेलवे पर होने वाली नकारात्मक टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के व्यापक रेल नेटवर्क में हजारों मानव रहित फाटकों के कारण होने वाली घातक दुर्घटनाओं के मुद्दे का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क आज मानव रहित गेट से मुक्त हो चुका है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि पहले के समय में ट्रेन दुर्घटनाओं से संबंधित जान-माल के नुकसान की खबरें आना आम बात थी, लेकिन आज के समय में भारतीय रेलवे पहले की अपेक्षा बहुत अधिक सुरक्षित हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेल यात्रियों की सुरक्षा को और बढ़ावा देने के लिए मेड इन इंडिया 'कवच' के दायरे का विस्तार किया जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' पहल के माध्यम से स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने के लिए रेलवे एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभर रहा है। योजना के तहत यात्री स्टेशन पर ही जिले के स्थानीय उत्पाद जैसे हस्तशिल्प, कला, बर्तन, कपड़ा, पेंटिंग आदि खरीद सकते हैं। देश में लगभग 600 आउटलेट पहले से ही चालू हैं और कम समय में इनसे एक लाख से ज्यादा यात्री खरीदारी कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारतीय रेल देश के आम परिवारों के लिए सुविधा का पर्याय बन रही है। उन्होंने इस संबंध में रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण, 6000 स्टेशनों पर वाई-फाई सुविधा और 900 स्टेशनों पर सीसीटीवी जैसे कदमों को गिनाया। उन्होंने युवाओं में वंदे भारत की लोकप्रियता और देश के कोने-कोने से वंदे भारत की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री ने इस साल के बजट में रेलवे के लिए रिकॉर्ड आवंटन का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ₹जब इच्छा होती है, इरादे स्पष्ट होते हैं और संकल्प दृढ़ होता है तो नए रास्ते निकलते हैं।₹ श्री मोदी ने बताया कि पिछले 9 वर्षों में रेल बजट में लगातार वृद्धि की गई है और मध्य प्रदेश को 2014 से पहले के वर्षों के औसत 600 करोड़ रुपये की तुलना में रेल संबंधी बजट में 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

रेलवे के आधुनिकीकरण का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि देश के कुछ हिस्सों में हर दूसरे दिन 100 प्रतिशत रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शत-प्रतिशत विद्युतीकरण करने वाले 11 राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद प्रति वर्ष रेलवे मार्गों का औसत विद्युतीकरण 600 किलोमीटर से दस गुना बढ़कर 6000 किलोमीटर हो गया है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और केन्द्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित थे।

वंदे भारत एक्सप्रेस ने देश में यात्रा के अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, भोपाल और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच शुरू की जा रही नई ट्रेन देश की 11वीं वंदे भारत सेवा और 12वीं वंदे भारत ट्रेन होगी। स्वदेशी रूप से डिजाइन की गई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है। यह रेल उपयोगकताओं के लिए एक तेज, अधिक आरामदायक और अधिक सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करेगी, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में आर्थिक विकास मजबूती प्राप्त होगी।

## पीडब्ल्यूडी सड़क पर अतिक्रमण की डीएम से शिकायत



सड़क पर अतिक्रमण का दृश्य

**अतिक्रमण**

**अतिक्रमण के बाद 20 फिट चौड़ी सड़क बची है 7 फिट**

**कोहड़ार।** गांव की पीडब्ल्यूडी सड़क की दयनीय स्थिति व अवैध कब्जा से आजिज गडेवरा निवासी करुणा शंकर शुक्ला ने जिलाधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से गुहार लगाई है। उन्होंने सड़क के मरम्मतीकरण के साथ सड़क को कब्जा मुक्त किए जाने हेतु दरख्वास्त दी हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि गांव की मुख्य मार्ग को 17 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा डामर युक्त सड़क बनाई गई थी। बताया कि बीच के वर्षों में विभाग द्वारा पूरी तरह से लापरवाही बढ़ती गई। परिणाम स्वरूप उक्त सड़क आज अपनी दयनीय स्थिति पर पहुंच चुका है। सड़क पूरी तरह से उधर कर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। वही रही कहीं कसर कुछ ग्रामीणों ने कब्जा करके पूरी कर दी। बताया कि जो सड़क कभी 20 फीट की थी, आज वही सड़क कब्जा धारियों के कारण सिकुड़ कर 7 फीट ही बची है।

आगे शिकायतकर्ता ने बताया कि उबड़ खाबड़ सड़क पर वाहनों का चलना मुश्किल भरा हो गया है। गोते वह हिचकोले खाने की वजह से प्रतिदिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने दुख जाहिर करते हुए कहा कि सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण महिलाओं में आपातकालीन स्थिति के दौरान डर बना रहता है। कहा कि इसी मामले के निस्तारण हेतु कई बार अधिकारियों को शिकायत की जाती रही है, लेकिन संबंधित अधिकारी उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने उक्त सड़क के नवीनीकरण के साथ कब्जा मुक्त किए जाने की मांग की है।

## केन्द्र सरकार पर बरसे कांग्रेसी, पूछे सवाल

**प्रयागराज।** जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्षो ने जीरो रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर केंद्र की बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी को डराने की कोशिश कर रही है। जो पूरे देश से कहता है कि डरो मत, उसे डराया जा रहा है। राहुल गांधी इस देश की मिट्टी से बने हैं, जो गिदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी ने पदयात्रा के दौरान कहा कि जब लोकसभा और राज्यसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा है, तो वे जनता की मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव और यमुनापार अरुण तिवारी ने सरकारी आवास खाली करने के सवाल पर कहा कि उन्हें ऐतिहासिक घर आनंद भवन से लगाव हैं। इसे वो आजादी की लड़ाई का केंद्र बनाया। इसके लिए सब कुछ न्यौछावर कर दी। पुरखों ने पूरी संपत्ति लुटा दी, उसके लिए मकान क्या चीज है। लोकसभा में जवाब नहीं दे पाए, तो संसद की सदस्यता रद्द करवा दी। शहर अध्यक्षक प्रदीप मिश्रा अंशुमन ने आरोप लगाते हुए कहा की देश में तानाशाही चल रही है। मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दो साल की सजा दी गई है। अदाणी का मुद्दा उठाने के कारण राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की गई है। भाजपा को बताना चाहिए कि वो जांच से क्यों डर रही है। पूरी भाजपा अदाणी का बचाव क्यों कर रही है? राहुल गांधी के संसद में अदाणी से जुड़े भाषण को हटा दिया गया है। पहली बार सत्ता पक्ष ने तीन दिनों तक लोकसभा नही चलने दी और इसके बाद मानहानि के मामले में दो साल की अधिकतम सजा दी गई है। वहीं प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी ने कहा की देश मे लोकतंत्र को दबाकर संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए किसी भी हद तक जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा की संघ के एक बड़े नेता विरोधियों को दबाने का तरीका मुसोलिनी से सीखने गए थे। विपक्षी दल भी राहुल के खिलाफ कार्रवाई का विरोध कर रहे है।

## मेजा पब्लिक स्कूल के टॉप पाँच अंक पाने वाले छात्र सम्मानित



छात्रों को सम्मानित करते बाबा तिवारी व मंचासीन प्रयाग जी शुक्ल

**मेजा।** क्षेत्र मेजा पब्लिक स्कूल विसहिजन कला का फाइनल परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया है। स्कूल प्रबंधन ने सभी क्लास के टॉप पाँच छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयाग जी शुक्ल पूर्व प्रधानचार्य रहे। अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष बाबा तिवारी ने किया। संचालन स्कूल के डायरेक्टर डॉ अमरेश चंद तिवारी तिवारी ने किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र कौशल कुमार ने सबसे अधिक अंक 97.76% प्राप्त किया। इस दौरान मेजारोड व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कहा कि बाबा तिवारी ने जो सपना देखा था कि हमारे क्षेत्र में इंग्लिश मीडियम स्कूल होना चाहिए वो सपना बाबा तिवारी ने मेजा पब्लिक स्कूल खोल कर पूरा किया । मैं सभी अभिभावकों को बताना चाहता हु कि वो अपने बच्चो को मोबाइल से दूर रखे जिससे बच्चो पर बुरा प्रभाव न पड़े। स्कूल के अध्यक्ष बाबा तिवारी ने सभी बच्चों को बधाई दिया । प्रयाग जी शुक्ल ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि जिसका नम्बर प्रतिशत कम है वह घबराये नही और न ही निराश हो वह आगे अच्छा करने का प्रयास करें। इस दौरान मुख्य रूप से बरिष्ट समाजसेवी जितेंद्र सोहगौरा, शिक्षक व ग्राम प्रधान अनिल शुक्ल, ओपी पाण्डेय महामंत्री मेजारोड व्यापार मंडल, आलोक शुक्ल, प्रभांशु दुबे सहित शिक्षक व सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 10 लीटर शराब के साथ युवक बंदी

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली पुलिस ने समदा गांव में छापामारी कर एक युवक को शराब बनाते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद की। पकड़ा गया आरोपित युवक समदा गांव का दिलशाद है। पुलिस ने बताया कि आरोपित युवक को जेल भेज दिया गया है।

### एक किग्रा. गांजा के साथ युवक धराया

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली की पुलिस ने शुक्रवार की रात नहर पुलिया के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी लेते हुए युवक के कब्जे से एक किग्रा. गांजा बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया युवक मंझनपुर कस्बे को जीशान अहमद है। पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए आरोपित युवक को जेल भेज दिया है।

# अन्नदाता पर कुदरत का कहर, किसानों के माथे पर खिंची चिंता की लकीर

**सैय्यद सरावां, कौशाम्बी।** कई दिनों से बेमौसम की चाल ने किसानों की चिंता बढ़ा रखी थी। शुक्रवार की आधी रात के बाद से हुई झमाझम बरसात ने किसानों के उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कहा जा रहा है कि गाढ़ी कमाई से उगाई गई गेहूं की फसल चैपट हो गई। ऐसे में किसानों के परिवारों में हाय तौबा की स्थिति बनी है।

बताना जरूरी होगा कि तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण मुख्य फसल गेहूं और सरसों को भारी नुकसान हुआ है। किसानों के खेत में खड़ी गेहूं की फसल से बेहतर उपज मिलने की उम्मीद धराशाई हो गई है। बताना जरूरी होगा कि इस समय सरकार ने गेहूं खरीद वर्ष 2023-24 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुन्तल की दर से घोषित किया है जो आगामी एक अप्रैल से 15 जून तक गेहूं की सरकारी खरीद की जाएगी। देखें तो गेंहू का यह मूल्य काफी हद


बरसात से खेतों में गिरी गेहूं की फसल

तक ठीक है। जिससे अन्नदाता अपनी फसल बिक्री कर अपने परिवार का पालन पोषण बेहतर तरीके से करने की सोच रखे थे। लेकिन तेज हवा के साथ हुई बेमौसम बरसात ने किसानों की इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। तमाम ऐसे भी किसान होते हैं जो बैंकों से कर्ज लेकर अपनी फसल उगाते हैं। ऐसे में कुदरत की मार ने किसानों को और कर्जदार बना दिया। किसानों ने सरकार से नुकसान के मुआवजे की मांग किया है।

## बीडीओ पर रिपोर्ट न देने का आरोप

**कौशाम्बी।** चायल विकास खंड के फरीदपुर सुलेम गांव निवासी एक युवक ने बीडीओ पर आरटीआई के तहत मांगी रिपोर्ट नहीं देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने शनिवार को मामले की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में की है।

फरीदपुर सुलेम गांव निवासी प्रभाकांत मिश्रा ने बताया कि अक्टूबर में उसने उत्तर प्रदेश पंचायती राज्य नियमावली 1999 के तहत अभिलेखों की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने के संदर्भ में आरटीआई दाखिल किया था। पांच माह बीतने के बाद भी बीडीओ ने आवेदक को सूची उपलब्ध नहीं कराई। पीड़ित ने इसके पहले भी सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामले की शिकायत की थी। डीपीआरओ के निर्देश के बाद भी उसे सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। पीड़ित ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में मामले की शिकायत एसडीएम से करते हुए सूची उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बीडीओ चायल को सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : समयानुसार हो शिकायतों का निस्तारण : डीएम


चायल तहसील में शिकायत सुनते डीएम सुजीत कुमार

**चायल, कौशाम्बी।** तहसील चायल में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी सुजीत कुमार खुद मौजूद रहकर जनमानस की शिकायतों को सुना और उसके निस्तारण के लिए सम्बंधित अफसरों को कड़े निर्देश दिए।

डीएम ने अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय तथा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों को डिफाल्टर होने से पूर्व ही निस्तारित किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस दौरान राजस्व विभाग 11, पुलिस विभाग 9, चकबंदी 7,अन्य 15 शिकायती पत्र मिले हैं।

# सीसीटीवी फुटेज के बाद भी चोर तक नहीं पहुंच रहे खाकी के हांथ

**सैय्यद सरावा, कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एक पीडित अफसरों को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बाइक हफ्ते पहले मनौरी बाजार से चोरी हो गई थी। मशक्कत के बाद उसने किसी तरह इर्द गिर्द के दुकानों से सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर पुलिस को दिया, बावजूद इसके पुलिस रत्ती भर कार्यवाही करती नहीं दिख रही है।

ऐसे तमाम पीड़ितों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा है कि बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय है। पुलिस है कि इन बाइक चोरों पर शिकंजा कसने में नाकाम साबित हो रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि जो काम पुलिस को करना चाहिए वह काम पीड़ित भी यदि करके देते हैं तो भी पुलिस की ओर से कोई खास दिल चस्पी नहीं ली जाती है। आरती सिंह पुत्र बासदेव निवासी ग्राम निजामपुर पुरैनी का आरोप है कि उसकी मोटरसाइकिल नंबर यू.पी. 73 एन.


बाइक को चोरी कर ले जाता युवक

1858 को 19 मार्च को राहुल पुत्र बलवन्त निवासी मोहम्मदपुर लगभग 4 बजे दिन में मनौरी बाजार लेकर गया था। जहां उसके द्वारा आर.ओ प्लान्ट के पास गाड़ी खड़ी करके सब्जी लेने चला गया। जब लौटकर आया तो देखा कि गाड़ी मौक पर नही थी। काफी खोजबीन के बाद गाड़ी नही मिली तो पीडित ने चैकी चायल में रिपोर्ट दर्ज करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। कोई कार्यवाही न होने पर 26 मार्च को आनलाइन रिपोर्ट दर्ज किया गया। 27 मार्च को गाडी चोरी करने वाले फैजान पुत्र अज्ञात निवासी चिल्ला शहबाजी थाना चरवा कौशाम्बी को गिरफ्तार कराया। उसने बताया की गाड़ी में ले गया हूँ मैने गाडी इसराज उर्फ बच्चू जो मेरे पडोसी है उसी को दिया हूँ फिर भी थाना पिपरी की पुलिस दोनों को थाने से छोड़ दिया है। प्रार्थी के पास सीसीटीवी फुटेज की फोटो व वीडियो भी है। ऐसे में अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि इतना होने के बाद जब पुलिस चोरी गई बाइक की बरामदगी नहीं कर पा रही है तो कहीं न कहीं पुलिस की कार्यवाही पर सवाल उत्पन्न होना तो लाजमी है। हालांकि पीड़ित ने इस ओर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## पट्टीदारों ने युवक और वृद्धा को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिलगोड़ी गांव में पट्टीदारों ने पड़ोसी युवक व उसकी दादी को पीट दिया। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तिलगोड़ी निवासी भद्दू ने बताया कि गांव के ही कल्लू से रंजिश चल रही है। घर पर उसकी दादी व छोटा भाई फूलचंद्र अकेला था। इसी दौरान आरोपित उससे भिड़ गए। आरोपितों ने फूलचंद्र को पीटना शुरू कर दिया। नाती को पिटता देख दादी बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपितों ने उनकी भी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराते हुए भद्दू की तहरीर पर आरोपित कल्लू, मोटे समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# कपड़े की दुकान में लगी आग लाखों का सामान राख

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में कपड़े की दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गयी। घटना में दुकान का सारा सामान जलकर राख हो गया है।

बतादें कि थाना क्षेत्र के कड़ा निवासी शिवा मौर्या पुत्र शेर बहादुर मौर्य ने देवीगंज कस्बे के कड़ा रोड पर शिवानी गारमेंट्स के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान खोल रखी है। कहा जा रहा है कि शुक्रवार की शाम वह रोजाना की तरह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात दुकान में अचानक आग लग गयी। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी दुकानदार को दिया। मामले की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। मौके पर पहुंचे फायर कर्मी जब तक आग पर काबू पाते तब तक आग की विभीषिका में दुकान में रखा लाखों का सामान जलाकर राख कर दिया था। पीड़ित


घटना के बाद विखरा जला सामान

दुकानदार का कहना है कि रंजिशन उसकी दुकान में आग लगायी गयी है। पीड़ित ने पुलिस को मामले में नामजद तहरीर दी है।

## महिला के सवा लाख रुपये हड़पे

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के पचनी का पुरवा भीखपुर गांव की महिला के सवा लाख रुपये पड़ोसी ने हड़प लिए। जमीन बैनामा के नाम पर रकम ली गई थी। इसके बाद बैनामा से मुकर गए। महिला ने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पचनी का पुरवा भीखपुर गांव की मैकी देवी पत्नी राम कृपाल ने बताया कि छह महीने पहले जकी अहमद से उसने एक जमीन का सौदा तय करने के बाद सवा लाख रुपये एडवांस दिया था। इसके बाद जमीन बैनामा करने की बात हुई थी। छह महीने बाद पीड़िता ने जमीन बैनामा करने को कहा तो आरोपित मुकर गया। इसके बाद पीड़िता ने दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपित ने साथी के साथ मिल महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित जकी व शहनवाज निवासी भीखपुर मेडवारा के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सप्ताह भर बीतने के बाद भी लड़की का नहीं लगा रत्ती भर सुराग

**लापता**

**पुलिस अफसरों के कोरे आश्वासन से चिंतित पीड़ित परिवार**

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के चायल कस्बा की रहने वाली एक नाबालिग बालिका 24 मार्च को घर से लापता हो गई है। परिजनों ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 24 मार्च को खेत की तरफ गई थी उसी दौरान कुछ रिश्तेदार आए और उसकी नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर बुला ले जाकर जबरन शादी करा दिए। खेत से वापस आने पर परिजन नाबालिक लड़की को हर जगह ढूंढे लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिजन थाना पिपरी और चायल चैकी जाकर लिखित तहरीर दिए। तहरीर पाकर स्थानीय थाना पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तारी को भूल गई है। आरोप है कि तीन दिन बाद एक युवक और उसके परिजन लड़की की शादी करा दिए हैं और उसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद भी चायल चैकी पुलिस आरोपी युवक और उसके परिजन को गिरफ्तार कर लड़की बरामद कराने का प्रयास नही कर रही है। ऐसे में पीड़ित परिवार हैरान परेशान हैं। पीड़ित परिवार ने इस ओर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नाबालिग लड़की को बहलाफुसलाकर उठा ले जाने और जबरिया शादी कराने वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है।

# नामांकन मेला में 51 ने लिया प्रवेश तहसीलदार ने बांटी पुस्तकें

**नामांकन मेला**

**प्रतिदिन के रचनात्मक कार्यो के समुदाय का हो प्रचार प्रसार : एबीएसए**

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय सौंरई बुजुर्ग में शनिवार को नवीन नामांकन मेला व नए सत्र की पुस्तक वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तहसीलदार सिराथू संतोष कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षाधिकारी कड़ा किरन पाण्डेय मौजूद रहीं।

विद्यालय स्टाफ के सहयोग के पहले ही दिन हुए नए नामंकन में 51 छात्रों का प्रवेश देखकर तहसीलदार व खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षक अजय साहू समेत विद्यालय के प्रधानाद्यापक बीरेंद्र शंकर, शिक्षक- शिवम केशरवानी, राम प्रसाद, आशीष श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, राजकुमार,


कार्यक्रम में मौजूद अधिकारीगण

राठौर शशि देवी के प्रयासों की सराहना की। तहसीलदार संतोष कुमार ने कम्पोजिट विद्यालय सौंरई बुजुर्ग के शिक्षक अजय साहू व उनके टीम के द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि,विद्यालय मे शिक्षण कार्य के अलावा हो अन्य रचनात्मक कार्य अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणाश्रोत है। बच्चे हमारा भविष्य है और उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण की नींव रखना सभी शिक्षकों का कर्तव्य है। खण्ड शिक्षाधिकारी किरन पाण्डेय ने कहा गया कि प्रतिदिन के रचनात्मक कार्यों का प्रचार प्रसार अभिभावकों व समाज मे अवश्य किया जाए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका राठौर शशि देवी द्वारा किया गया।

## शराब के शौकीनों को ढीली करनी होगी जेब

**कौशाम्बी।** शराब के शौकीनों को एक बार फिर झटका लगा है। अंग्रेजी शराब व बीयर के साथ देसी पौव्वा के दाम आज से बढ़ जाएंगे। जाम छलकाने के लिए शौकीनों को जेब ढीली करनी होगी। देसी शराब पर पांच प्रतिशत व अंग्रेजी शराब व बीयर के दाम पर दस प्रतिशत की बढोतरी की गई है। अंग्रेजी शराब के क्वार्टर पर दस तो बोतल पर तीस रुपये तक दाम बढ़ाए गए हैं। जबकि देसी शराब के पौव्वा पर पांच रुपये की बढ़ोत्तरी की गई है। बीयर के कैन व बोतल पर भी दस रुपए बढ़ाए गए हैं। शराब व बीयर के दाम बढ़ने के साथ दुकान संचालकों को इस साल दस प्रतिशत की अधिक बिक्री भी करनी होगी।

# नए सत्र की पुस्तक पाकर नौनिहालों के खिले चेहरे


छात्रों के बीच पुस्तक का वितरण करते शिक्षाधिकारी

**चायल के प्राथमिक विद्यालस सुधवर में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**सैय्यद सरांवा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड चायल के प्राइमरी विद्यालय सुधवर को खंड विकास अधिकारी द्वारा गोद लिया गया है। ऐसे में शनिवार को उनके द्वारा छात्रों को नए सत्र की पुस्तक का वितरण किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक योगेश सिंह, उमेश सिंह पटेल ( सहायक अध्यापक), मनोज कुमार मिश्रा( सहायक अध्यापक), शालिनी सिंह (सहायक अध्यापक), विजय कुमार (शिक्षामित्र) सहित छात्र व उनके अभिभावकण भी मौजूद रहे। वहीं अधिकारी के हाथों नए सत्र की पुस्तक पाकर छात्रों के चेहरे में मुस्कान दिखी।

# पोल से टकराकर अप्पे से भिड़ा कंटेनर, चालक जख्मी

**कौशाम्बी।** हाईवे पर कोखराज के कसिया गांव के समीप शुक्रवार की रात तेज रफ्तार कंटेनर सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गया। इसके बाद सामने से आ रहे अप्पे से भिड़ गया। दुर्घटना में अप्पे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं कनेंटर के केबिन में आग लग गई। आसपास के लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां युवक का उपचार चल रहा है।

प्रयागराज की ओर से शुक्रवार की रात कानपुर जा रहा कंटेनर कोखराज के कसिया गांव के समीप सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गया। इसके बाद सामने से आ रहे अप्पे से भिड़ गया। दुर्घटना के बाद बिजली आपूर्ति चल रही थी। इससे ट्रक के केबिन में आग लग गई। वहीं अप्पे चालक गंभीर रूप से घायल हो


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त खड़ा ट्रक

गया। चालक कंटेनर छोड़कर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने आग बुझाते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने घायल अप्पे चालक मुकेश निवासी संत रविदास नगर भदोही को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जहां घायल की हालत गंभीर है। हादसे के बाद से चालक के परिजनों का हाल बेहाल है।

## किशोरी लापता गुमशुदगी दर्ज

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी बुधवार की शाम संदिग्ध दशा में लापता हो गई। शाम को किशोरी घर से खेत की ओर जाने के लिए निकली थी। घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से किया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। किशोरी के लापता होने के बाद से परिजन अनहोनी की आशंका से परेशान हैं।

## संक्रमण फैलने की आशंका से लोग भयभीत

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लाक के भदवां गांव में फैली गंदगी से ग्रामीण भयभीत हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गांव में न तो नियमित सफाई कर्मचारियों की टोली जाती है और न ही दवा का छिडकाव कराया जा रहा है। ऐसे में संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। लोगों का कहना है कि गांव की गलियों को लोग खुद साफ करने को मजबूर हैं। गांव में गंदगी के चलते लोगों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया है।

# निपुण छात्र-छात्राओं को निपुण प्रमाणपत्र एवं मोमेन्टों देकर किया गया सम्मानित

**सम्मान**

**छात्र-छात्राओं का नामांकन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाय,कोई भी बच्चा छूटने न पाये : सांसद**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में शनिवार को आयोजित शैक्षिक सत्र 2023-24 में स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान कार्यक्रम का सांसद विनोद सोनकर द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ तथा प्राथमिक विद्यालय में नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं- सुमित, आकिब, रानी, आयत एवं अंशिका को रोली टीका लगाकर व स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान सांसद एवं अध्यक्षा जिला पंचायत ने जिलाधिकारी द्वारा गोद लिये गये प्राथमिक विद्यालय, बबूरा के निपुण (शासन द्वारा निर्धारित दक्षता प्राप्त)


कार्यक्रम में मौजूद सांसद व अन्य लोग

छात्र-छात्राओं यथा-कक्षा-01 की अंकिता एवं शौर्य, कक्षा-02 की खुशी एवं साबरीन, कक्षा-03 की अम्बिका एवं शिवराज को निपुण प्रमाण-पत्र एवं मोमेन्टों देकर सम्मानित किया तथा छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक का वितरण भी किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में एक साथ स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान शुरू किया गया है, यह समाज के 02 महत्वपूर्ण कार्य भी हैं। उन्होंने सामज के सभी वर्गों को स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान से जोड़ते हुए इन अभियानों को सफल बनाने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा समाज की जरूरत है, शिक्षा से वंचित एक भी बच्चा आने वाले समय में समाज के ऊपर बोझ बनता है। उन्होंने कहा कि कोविड के समय समाज के सभी वर्गों ने मिलकर कार्य किया तथा जनपद में कोविड काल के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं प्रेम चौधरी उपस्थित रहे।

## मेडल पाकर खिले दिखे छात्रों के चेहरे

**सिराथू, कौशाम्बी।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लोहंदा में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विपिन पाल द्वारा बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्राथमिक विद्यालय प्रबंधक दिलीप कुमार सिंह, सह अध्यापक ज्ञान सिंह, अध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह, कौशल्या देवी आदि उपस्थित रहीं।

संक्षेप

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर निकली जागरूकता रैली

**प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुख्यालय पर शनिवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जागरूकता दी गयी। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता राकेश सिंह तथा अधीक्षक डा. संदीप सक्सेना ने संयुक्त रूप से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा कि संचारी रोग से बचाव के लिए जनजागरूकता अत्यन्त आवश्यक है। चिकित्साधीक्षक डा. संदीप सक्सेना ने रोग की संक्रामकता से बचाव के उपाय बताये। रैली पीएचसी मुख्यालय से लक्ष्मणपुर बाजार होते हुए शिवबोझ गांव पहुंची। यहां ग्रामीणों को भी रोग से बचाव को लेकर जागरूकता दी गयी। इस मौके पर डा. नफीस अंसारी, डा. अनिल आर्य, डा. शिखा तिवारी, सुरेश यादव, मयंक सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र आदि रहे।

# डीएम ने सदर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी शिकायतें, 06 मामलों का मौके पर निस्तारण


सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 94 शिकायतों में से 30 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 27, विकास विभाग से 04, विद्युत विभाग से 03, चकबन्दी विभाग से 01 एवं 29 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाये। उन्होने कहा कि समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा, इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/ थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये, यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## तीन दिनों से गायब युवक का शव कुएं में मिला


शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस

**प्रतापगढ़।** तीन दिन पहले घर से निकले युवक का शव घर से दूर शनिवार को एक कुंए में मिला। युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई तथा परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के शेखपुर धनापुर गांव निवासी कमलेश सरोज (20) पुत्र जवाहरलाल को बुधवार की शाम घर से निकला था। देर रात तक कमलेश के घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी खोजबीन करते रहे लेकिन वह नहीं मिल सका। शनिवार की सुबह कमलेश का बड़ा भाई आशीष घर से करीब एक किमी दूर कुंए में कमलेश का शव देखा। कुंए के पास ही युवक का मोबाइल भी स्वीच ऑफ पड़ा मिला। सूचना पर थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंची। सीओ ने परिजनों और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। युवक की हत्या और आत्महत्या को लेकर पुलिस उलझी रही। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट्मार्टम के लिए भेजा।

## समाधान दिवस में बावन शिकायतों में तीन का निस्तारण, वकीलों ने सौंपा ज्ञापन


समाधान दिवस में मांग पत्र सौंपते अधिवक्ता

**लालगंज।** तहसील समाधान दिवस में बावन शिकायतों मे अफसरो ने तीन का निस्तारण कराया। समाधान दिवस मे जिले के एएसपी पश्चिमी तथा एसडीएम व सीओ ने शिकायतों की सुनवाई की। इस दौरान अधिवक्ताओ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा। लालगंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायते राजस्व विभाग की पचीस व पुलिस विभाग की पन्द्रह रही। वही विकास विभाग आठ तथा अन्य विभागों से जुडी सात शिकायतो की अफसरो ने सुनवाई की। जिले के एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र ने पुलिस से जुडी शिकायतो को लेकर कुछ मामलो मे दोबारा शिकायत देख उदयपुर एसओ को जमकर फटकार लगायी। एएसपी बोले जिला मुख्यालय के साथ समाधान दिवस मे भी उदयपुर से जुडी शिकायतें ज्यादा मिल रही है। एसडीएम उदयभान सिंह ने भी राजस्वकर्मियों को शिकायतो के समाधान मे मौके पर न जाने की अधिकांश शिकायतो पर जमकर कर्रा किया। सीओ रामसूरत सोनकर ने भी शिकायतो की सुनवाई करते हुए पुलिसकर्मियों को जमीनी विवाद मे राजस्व टीम के साथ ही मौके पर जाने की हिदायत दी। इधर समाधान दिवस मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व मे अधिवक्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे तहसील मे वाहन पार्किंग तथा लेखपालो की साप्ताहिक हाजिरी सुनिश्चित कराए जाने पर जोर दिया गया है। अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि गोशालाओं मे आवंटित धनराशि मे ब्लाकों मे घपला हो रहा है। इसके कारण छुटटा मवेशियो के चलते किसानों की फसल नष्ट हो रही है। पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने नगर चैक पर डग्गामारी के चलते हो रही असुविधाओं पर प्रशासन से समाधान की मांग उठाई। ज्ञापनदाताओं मे उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चतुवेर्दी, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ल, नीतेश त्रिपाठी, सत्यम त्रिपाठी, इमरान खान, विपिन शुक्ल, विनोद मिश्र, हरिनारायण पाण्डेय, नवनीत पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

अभियान

**विधायक सदर व अन्य अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पुस्तक का किया वितरण**


हरी झण्डी दिखाकर अभियान का शुभारंभ करते अधिकारीगण

**प्रतापगढ़।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ तुलसीसदन (हादीहाल) में किया गया। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं जिलाधिकारी ने डा0 नितिन बंसल ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन लखनऊ से हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। जिसका सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित अधिकारीगण, बच्चों एवं जनसामान्य द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुये कहा कि घरों के आस-पास साफ सफाई रखें तथा जल जमाव न होने दें, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखें, मच्छरों से बचने के लिये पूरी बॉह वाली कमीज और पैन्ट पहने, स्वच्छ पेयजल पीयें।

इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है इसलिये शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना जरूरी है। उ0प्र0 सरकार बच्चों का भविष्य संभालने का कार्य कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का नामांकन करायें तथा उन्हें स्कूल भेजे, एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, सभी को शिक्षा मिले। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत विधायक सदर ने कहा कि हम सबको सफाई पर विशेष ध्यान देकर इसे सफल बनाना है। इस अवसर पर कम्पोजिट स्कूल सुखपाल नगर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद शैफ, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शाहिद और कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग प्रजापति, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शालू पटेल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बुसरा प्रवीण को शील्ड एवं उपहकार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालयों के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति की गयी। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं अन्य अतिथियों ने स्कूल के बच्चों निःशुल्क पुस्तक का वितरण भी किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र ओझा ने किया।

### सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य समेत अवकाश ग्रहण करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित, दी गई विदाई


सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित करते साथी

**लालगंज।** सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज में शनिवार को प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय समेत वरिष्ठ शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त पर प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय व वरिष्ठ प्रवक्ता देवेशचंद्र शुक्ल, दयाराम वर्मा तथा बृजेश कुमार शुक्ल को साथी शिक्षकों ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया। आयोजको द्वारा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों को अंगवस्त्रम प्रदान कर श्रीरामचरितमानस की प्रति व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये। कार्यक्रम के संयोजक प्रभारी प्रधानाचार्य रामबोध शुक्ल ने कहा कि सुधाकर पाण्डेय के कार्यकाल में विद्यालय में शैक्षणिक माहौल की गरिमा में बढो×री के साथ पठन-पाठन का माहौल भी उच्च मापदण्ड स्थापित कर सका। वही उन्होनें वरिष्ठ प्रवक्ता देवेशचंद्र शुक्ल तथा बृजेश कुमार शुक्ल एवं दयाराम वर्मा के द्वारा भी विद्यार्थियों को सुदृढ़ भविष्य के लिए विशिष्ट अध्यापन शैली का गौरव बताया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक बृजेश कुमार द्विवेदी ने किया। इस मौके पर डा. आशीष सिंह, कृष्णदेव दुबे, अनुराग कुमार उपाध्याय, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, हृदय नारायण मिश्र, बच्चाबाबू वर्मा, अनिल कुमार सरोज, राजू मिश्र, नन्हें खां, महेश नारायण शुक्ल, हरिकेश विश्वकर्मा, सूरज पाल आदि रहे।

### बच्चे को गायब कर बीस लाख की मांगी फिरौती



**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के साहूमई गांव का दस वर्षीय बालक पांच दिन पूर्व गायब हो गया। खोजबीन के बाद भी गायब हुए बच्चे को नहीं तलाशा जा सका। गायब बच्चे अमित का सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने 26 मार्च को सूचना पुलिस को दी। गायब हुए लड़के के पिता के फोन पर 28 मार्च को एक कॉल आयी। जिसमें उससे 20 लाख रु रायबरेली पहुंचाने की बात कही गयी। फिरौती के लिए फोन आने से परिजनों मे हड़कंप मच गया। उन्होंने इस बात की सूचना पुलिस को दी तो उस नंबर को ट्रैक करने पर लोकेशन उसी गांव के अंदर स्थित तालाब की मिली। अब पुलिस तालाब खाली करवा रही है ताकि फोन बरामद करके अगली कार्यवाई की जा सके। मानिकपुर पुलिस ने फिरौती का फोन आने पर गांव के युवक को उठाया है। उक्त युवक आखिरी बार गायब हुए किशोर के साथ देखा गया था। इधर सक्रिय हुयी पुलिस सर्विलांस और मुखबिर के सहारे मामले को सुलझाने मे जुटी है। परिजन किसी अनहोनी से डरे हैं। मानिकपुर के थाना प्रभारी मनीष पांडे ने बताया की जाँच चल रही है जल्दी ही खुलासा करेंगे।

### प्रधानाध्यापक के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**लालगंज।** ब्लाक के केशवपुर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुंदर लाल सरोज के निधन पर शनिवार को स्थानीय बीआरसी केंद्र पर साथी शिक्षकों ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिक्षको ने सुंदरलाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नवीन शुक्ल व संचालन मंत्री संतोष मिश्र ने किया। इस मौके पर चंद्रप्रकाश मिश्र, प्रभाकर दुबे, गिरिजानंद कनौजिया, अखिलेश प्रताप सिंह, विष्णु सिंह, नंद कुमार दुबे, सुधाकर शुक्ल, लाल प्रताप सिंह, दीपक पाण्डेय, रमेश तिवारी, राजाराम, हीरालाल आदि रहे।

## नौनिहालों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन, भवन का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम

**कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भवन का लोकार्पण कर किया**


मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि

**लालगंज।** नगर के पूरे टीकाराम वार्ड के पूरे हरकरन पट्टी स्थित नारायण माण्टेसरी स्कूल के भवन लोकार्पण पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शनिवार को कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने भवन का लोकार्पण कर किया। परिसर मे हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल की छात्रा अंशिका सिंह, मांशी मिश्रा, साध्वी यादव, सेजल सोनी, राधा जायसवाल, वंशिका, आकृति एवं राधा ने सरस्वती वंदना तथा भावनृत्य व नाटक मंचन के जरिए कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर वाहवाही हासिल की। मुख्य अतिथि संतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को संस्कारित शिक्षा के साथ सामाजिक गतिविधियों के प्रति जागरूक किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रामकृपाल यादव रहे। प्रधानाचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक मंगलेश यादव तथा संचालन सत्येन्द्र कुमार ने किया। इस मौके पर धीरेन्द्र त्रिपाठी, कृपाशंकर यादव, आस्था यादव, जिया, शास्त्री सौरभ, पप्पू सिंह, मुन्ना शुक्ला आदि रहे।

## नकदी समेत जेवरात चोरी की तहरीर पर जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के पिचूरा रामबक्श का पुरवा गांव मे घर के अंदर घुसकर चोरी से बाक्स का ताला खोलकर चार लाख रुपए नकदी तथा जेवरात पर हाथ साफ करने के आरोप को लेकर तहरीर दी गयी है। गांव की सुशील कुमार सिंह की पत्नी रेनू सिंह ने दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि गुरूवार की रात वह कमरे मे सो रही थी। इस बीच दो आरोपी घर मे घुसे और तकिया के नीचे बक्से की चाभी लेकर बाक्स का ताला खोल लिया। आरोपियो ने बाक्स मे रखे सोने की चेन व चार लाख रुपए नकद चोरी कर लिया। आरोप है कि आवाज सुनकर जगहट मे शिकायतकर्ता की पुत्री ने एक आरोपी को जब पकड लिया तो दूसरे आरोपी ने डण्डे से हमला कर उसकी पुत्री को घायल कर दिया। आरोपियो ने पहचान होने पर पीडिता को गाली देते हुए मुंह खोलने पर जानलेवा धमकी देते चले गये। थाने के दरोगा मनोज कुमार यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## नकली चीनी बेंचने के आरोप में हिरासत में लिया गया दुकानदार


सूचना पर पहुंची पुलिस व जमा लोग

**प्रतापगढ़।** कुंडा थाना क्षेत्र के बाबूगंज बाजार में नकली चीनी बेंचने की पुलिस से शिकायत की गई। शिकायत पर शनिवार को बाजार स्थित दुकानदार शिव कुमार केसरवानी के गोदाम पर पुलिस का छापा पड़ा। पुलिस ने गोदाम से चीनी बरामद किया। आरोप है की उक्त दुकानदार नकली चीनी बेच रहा है। बरामद चीनी के बारे मे लोगों का आरोप है कि इस चीनी में प्लास्टिक के दाने मिले हुए हैं जो पानी मे भी डालने से नहीं घुलते। लोगों ने हथेली पर रखकर चीनी को मिडियाकर्मिओं को दिखाया। लोगों की शिकायत और आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने व्यापारी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सम्बन्धित विभाग को जाँच के लिए लिखा है। जाँच रिपोर्ट के बाद ही कोई विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध मे पुलिस इंस्पेक्टर कुंडा उदयवीर सिंह का कहना है की खाद्य विभाग की मेडिकल रिपोर्ट आये बिना कार्रवाई नहीं की जा सकती। रिपोर्ट आने के बाद सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

## कन्हैयालाल व रामआसरे चुने गये निर्विरोध अध्यक्ष


निर्विरोध चुने जाने पर किया गया स्वागत

**पट्टी।** सहकारी संघ के चुनाव में कन्हैयालाल विश्वकर्मा तथा राम आसरे पुष्पजीवी को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया । पट्टी ब्लाक सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन करके दोनों को सम्मानित भी किया गया ।

पट्टी ब्लॉक सभागार में ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह पप्पू सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें उन्होंने बताया कि कोआपरेटिव संघ पट्टी तथा शरमा गांव में निर्विरोध अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें पट्टी से कन्हैया लाल विश्वकर्मा को अध्यक्ष तथा शरमा गांव से रामआसरे पुष्पजीवी को अध्यक्ष बनाया गया। रामआसरे रमईपुर दिशिनी के रहने वाले हैं तो वहीं कन्हैयालाल पुरानी पट्टी के निवासी हैं। ब्लाक प्रमुख पट्टी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि दोनों अध्यक्ष अपने कार्यों का बखूबी निर्वहन करेंगे इसका हमे पूर्ण विश्वास है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया तथा समय-समय पर सहयोग देने की भी बात कही हैं।

## महिला के साथ मारपीट व छेड़छाड़ को लेकर केस

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट तथा छेड़छाड़ को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के मनुहार निवासी उदयभान सिंह की पत्नी शैल कुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती अटठाईस मार्च को सुबह आठ बजे वह घरेलू कामकाज कर रही थी। इस बीच गांव के अवधेश सिंह व शिवप्रताप तथा भुल्लर पुत्रगण जगदीश बहादुर सिंह उसके घर घुस आये। आरोपी पीड़िता को गाली देने लगे। मना करने पर आरोपियो ने बदनीयती से पीडिता को जमीन पर पटक दिया और उसके कपड़े फाड डाले। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अवधेश समेत तीन के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम


वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित बच्चे

**पट्टी।** एवीएन एकेडमी के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से अभिभावकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय की तरफ से मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

सिरनाथपुर में स्थित ए.वी.एन. एकेडमी स्कूल का वार्षिकोत्सव के साथ पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मुख्य अतिथि भूपेंद्र मणि तिवारी रहे। रंजीत यादव ने कहा कि बच्चों को मेहनत और लगन के साथ अध्ययन करना चाहिये। इसमें उन्हें कामयाबी जरूर मिलेगी और वह एक दिन बुलंदियों पर पहुंच जाएंगे। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे मनचाहा स्थान हासिल किया जा सकता है। इस दौरान महेश सिंह, रामदुलार सिंह, जयप्रकाश तिवारी, रामराज सरोज, नन्हकू सिंह आदि ने भी अपने विचार रखें। प्रधानाचार्य रश्मि एवं दीपक ने संयुक्त रूप से परी सिंह, आस्था सरोज, कुनाल, पलक पाल, निधि यादव, अहम यादव, बालकेश, रिया सरोज सहित अन्य मेघावी छात्र छात्राओं को मेडल और ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुशील वर्मा, लवकुश, प्रेमचंद, विनोद, अंकुश का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन मुकेश यादव ने किया। अंत में विशेष प्रस्तुती जुमालेबाज नेता का मचन करने वाले छात्र आयुष एवं अंकित को विद्यालय परिवार की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

## इनकार

**श्रीप्रकाश शुक्ल**



जो आंख से नहीं फांक से झांकते हैं
वे मानते हैं कि उनके ठीक सामने
जो दमकता हुआ विशाल जनपद दिख रहा है
और जहां रोज ही कुछ न कुछ नया रचा जा रहा है
वहां उनके लिए फिलहाल कोई जगह नहीं है
उनका झांकना यूं तो आरम्भ होता है
इस परिसर में एक तनी हुई गर्दन के विशाल रचनात्मक तंतुओं को समझने से
उसकी अंतर्निहित गति की समीक्षा करने से
लेकिन झाँकते झांकते उनका मन खनकने लगता है
जिसमें किस्तों व कष्टों में वह दृश्य
एक बड़े भूगोल के रूप में उनके भीतर चहकने लगता है
जिसे वर्षों से दहकती हुई उनकी सामंती आत्मा
मानने से इनकार करती है !
यह वही इनकार है जो धीरे धीरे इकरार में बदलने लगता है
जहां उनका बुनियादी संघर्ष उनकी अपनी ही दबी इच्छाओं से होता है
जिसमें एक पूरी संस्कृति अपने समूचे जन के साथ आलोकित हो रही होती है
इच्छाएं बड़ी होने लगती हैं
और उनका इनकार भी उतना ही बड़ा होता जाता है
एक दिन उनका यह झांकना
उनके आकर्षण व इनकार में फंस जाता है
और वे अपनी ही दबी इच्छाओं में फंसते हुए
इनकार में छटपटाने लगते हैं!


## जनसंपादकीय

# पीड़ाओं का दस्तावेज हैं उमेश पंकज की रचनाएँ

**प्रद्युम्न कुमार सिंह**



उमेश पंकज यद्यपि अपने प्रौढ़ावस्था में पहुँच चुके हैं किन्तु आज भी सृजनरत हैं। आज के कठिन समय में उमेश पंकज ने अपने आप को सच्चे योद्धा के तौर पर प्रस्तुत किया है। उन्होंने कोलकाता के तमाम संगठनों में शान्तिपूर्ण ढंग से काम किया, पत्रिकाएं निकाली, अखबारों से जुड़े रहे। यही उनके कवि का जीवन स्रोत है। जीवन के साठ बसन्त देख चुका इस कवि की यन्त्रणा और संस्कृतिक अलगाव, विस्थापन, अवमूल्यन, प्रकृति चित्र, उपादान, आत्मप्रक्षेपण, आत्मविस्तार व आत्मसंघर्ष से युक्त रचनाएं मनुष्य के भीतरी एवं वाह्य अन्तर द्वन्द्वों के बीच संतुलन स्थापित करती हैं। उमेश पंकज का खांटी अंदाज किसी को भी आश्चर्य में डालने के लिए पर्याप्त है। कई लोग आरोप भी मढ़ सकते हैं कि आखिर इतने वर्षों तक उनका सृजन प्रकाश में क्यों नहीं आ सका। इसमें इतना अधीर होने वाली कोई बात नहीं है। उन्होने अपनी कविताओं का प्रकाशन अपने जीवन के साठवें वर्ष पर करवाया, इसके पीछे क्या कारण रहा, यह तो वही बता सकते हैं किन्तु मात्र दो वर्ष के अन्तराल में ही उनका दूसरा काव्य संग्रह 'जो मुट्ठी में है' लोकोदय प्रकाशन लखनऊ से प्रकाशित हुआ। इसके प्रथम खण्ड में कोरोना काल के त्रासदी से सम्बधित रचनाएं है तो द्वितीय खण्ड में 1976 से लेकर 1980-1981 के मध्य की रचनाएं सम्मिलित हैं। उमेश पंकज नव अवधारणाओं के माध्यम से अपनी कविता का वितान तानते है। वर्ग संघर्ष की अनिवार्यता और उससे उत्पन्न यथार्थ की प्रतिध्वनि उनकी रचनाओं में परिलक्षित होती है। उनकी नागरिक कविता को देखिये, 'जज नागरिक के बीच/ एक विभाजक रेखा/ मानवीय मूल्यों को काटते हुए/ एक तिर्यक बनाती है/ जिसमें संवेदना/ कैद होकर छटपटाती है और/ कानूनी भाषा की डोर से/ बंधा ज्ञान/हवा में मुट्ठी भांजता है।'




उमेश पंकज निर्भीकता के साथ अपनी बात रखते हैं। वह अपने कवि कर्म के प्रति सजग हैं। संकट के समय सत्ता की खलीफागीरी की भी वह जोरदार शब्दों में भर्त्सना करते हैं। उनकी कविता 'अपना जूता बना लो' की निम्न पंक्तियाँ उनके इस उद्?घोष की दास्तां बयां करती है, 'तुम्हारे दर्द से मैं दुःखी हूँ/ लेकिन ज्यादा दुःखी इस बात से हूँ/ कि इस लाकडाउन के महासंकट में/ तुम्हारे लिए किसी रेल की व्यवस्था नहीं करा सकता/ कि एक कवि की औकात ही कितनी ?/ हाँ तुम्हारे दुःख में लिपटी कविताएँ/ लगातार लिख रहा हूँ।' बेशर्मी नामक कविता में वे धीरे-धीरे खत्म होती जा रही संवेदनाओं के प्रति जागरूक नागरिक की तरह अपनी भूमिका का निर्वहन करते नजर आते हैं' वे सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग द्वारा जनता के बीच पहुँचायी जा रही झूठी सूचनाओं की भयावहता की पोल खोलने में किसी प्रकार का परहेज नहीं करते। इसके लिए वे मीडिया को भी जिम्मेदार बताते हैं । इंसान की खुदगर्जी को व्यक्त करती पंक्तियाँ -'हमारी संवेदनाओं के स्रोत कहाँ कहाँ सूख गए / और हम कितने खुदगर्ज और बेशर्म हो गए / और यह भी कि हमारी खुदगर्जी और बेशर्मी / हमे किस कटीले गड़हे में ले जायेगी।' कवि को प्रसन्नता है कि इतना सब होने के बाद भी मनुष्य का हौसला अभी बचा हुआ है। वह उन सारी बाधाओं को पार कर विजित होगा यही बात उन्हे आश्वस्त करती है,'लड़ रहा हूँ लगातार / जिंदगी दाँव पर है / झोंक रहा हूँ दवा की गोलियाँ / हौशला बचा हुआ है मुश्किल वक्त है, पार हो जायेगा।'

एक जागरुक नागरिक की भाँति उमेश पंकज किसानों के साथ साहस और एकजुटता के साथ खड़े मिलते हैं। वे कहते हैं कि जिस तरह किसान सरपत जैसे जिद्दी खरपतवारों को अपने खेतों से उखाड़ फेंकता है उसी तरह अपने खेतों पर कब्जा जमाने की उम्मीद पाले सरपत रूपी पूंजीपतियों को भी वह एक दिन उखाड़ फेंकेगा और अपनी उपज से सबका पेट भरेगा। उन्ही के शब्दों में, 'किसान माटी कोड़ते हैं / बीज बोते हैं, सरपत उखाड़ते हैं / हम सबके लिए अन्न उपजाते हैं क'

' जो मुट्ठी में है' में वे बताते है कैसे बाजार पूरी दुनिया पर दिनों-दिन हावी होता जा रहा है। अपने लाभ के लिए वह किस तरह से छद्म संसार की रचना करता है जिसमें सब कुछ खूबसूरत लगता है। वह भय आतंक अनाचार की भी ब्राण्डिंग कर खूबसूरत तौर पर उन्हे पेश करता है। उसके लिए सारा संसार ही बाजार है -'पूरी पृथ्वी / एक बाजार है / जो मेरी मुट्ठी में हैं।' कवि आवारा पूंजी के चाल चरित्र से भली भाँति परिचित है। उसे स्पष्ट करते हुए लोगों को आगाह करता है कि आवारा पूंजी अपने फायदे के लिए गिरगिट सरीखे रंग बदलने में माहिर है। वे आगे कहते हैं- 'मैं हसीन सपने बेंचता हूँ/ हसीन सपने लुभाते हैं / किसे नहीं अच्छे लगते / सपनों के ही पंख लगाये लोग उड़ते है।'

उमेश पंकज शोर नहीं मचाते वरन् जनमानस में उतरते हैं। अस्सी के दशक की उनकी कविताओं में सजगता और वर्ग चेतना स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। जो आज पहले से ज्यादा सघन व व्यापक हो गयी है। बिना स्पष्ट वर्ग दृष्टि के ऐसा सम्भव नहीं हो सकता है। अतः कहा जा सकता है कि उमेश पंकज की कविताएं जन की पीड़ाओं का दस्तावेज है जिन्हे सहेजने की आवश्यकता है। उनकी कविताओं की अर्थवत्ता और गम्भीर चेतना निश्चित तौर पर अपने उद्देश्य को पूरा करने में सफल हुई है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क 08858172741)**

# अच्छे काम पर गालियां भी मिल सकती हैं

(विजय राय कहते हैं, 'उत्तर प्रदेश पत्रिका का जब दलित साहित्य विशेषांक मैंने निकाला था तो फोन द्वारा मुझे कई धमकियाँ और गालियाँ मिली थीं जिन्हें मुझे जब्त करना पड़ा। 'लमही' के भगवत रावत विशेषांक की खबर पाकर कई स्थापित और नामवर लेखकों ने इसे प्रकाशित न करने की सलाह दी थी जिसे मैंने नजरअन्दाज किया। आजकल साहित्य में बजरिये घुसपैठ शॉर्टकट हथकंडे खूब अपनाए जा रहे हैं। प्रचलित बड़े पुरस्कारों और सम्मान की बजाय सीमित साधनों से दिये जाने वाले लघु राशि वाले पुरस्कार और सम्मान ज्यादा विश्वसनीय और कारगर होते हैं। मैं आज भी नये से नये रचनाकारों से बहुत कुछ सीख रहा हूँ। सीखने की कोई उम्र नहीं होती।' वे साहित्यिक पत्रकारिता की दुनिया के जाने-माने हस्ताक्षर हैं। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक पद पर काम किया, 'उत्तर प्रदेश' का संपादन किया, अब 'लमही' का संपादन कर रहे हैं। रंगकर्म और कला में उनकी गहरी रूचि है। युवा आलोचक राहुल देव ने उनसे बातचीत की है। बातचीत के संपादित अंश प्रस्तुत हैं)



## लमही के यशस्वी संपादक विजय राय से राहुल देव की बातचीत

**साहित्य से पहले-पहल परिचय कब और कैसे हुआ?**

जब मैं किशोर वय में था तभी से मेरे घर परिवार (खासकर ननिहाल) में साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएँ और हिन्दी उर्दू के बड़े-बड़े साहित्यकारों तथा अपने-अपने फन के माहिर संस्कृतिकर्मियों को आते जाते देखता था। छोटा था पर उनकी बातें सुनता, उनको आब्जर्ब करता और उनसे प्रभावित होता था। शायद ऐसे परिवेश के चलते मेरे भीतर साहित्य और दूसरी कलाओं के प्रति आकर्षण बढ़ा हो। मैं अपने नाना (बाबू महताब राय जो कि मुंशी प्रेमचंद के अनुज थे) से बहुत अटैच्ड था। उनकी सादगी और मेहनत से बहुत मुतास्सिर था। स्नेह से लबरेज ऐसा कोई दूसरा शख़्स मैंने देखा नहीं। बहुत कम लोगों को पता होगा कि आपका वर्ष 1986 में किताबघर से 'कविता का पर्यावरण' शीर्षक से कविता संग्रह भी आ चुका है।

**आप अपनी रचनायात्रा के बारे में और बताएं?**

जब मैं किशोरावस्था की दहलीज पार कर रहा था तब थोड़ा लिखने की कोशिश करने लगा था। बाद में मेरा ज्यादा आकर्षण शास्त्रीय संगीत और सृजनात्मक रंगकर्म की ओर हो गया। दरअसल मेरी माँ सुरसाम्राज्ञी श्रीमती गिरिजा देवी की सहपाठी थीं। माँ जब रियाज करतीं तो मैं एकाग्र चित्त उन्हें सुनता था। कुछ दिन तो मैंने बनारस घराने के सुप्रसिद्ध गायनाचार्य पं. गणेश प्रसाद मिश्र एवं पं. पशुपति नाथ मिश्र जी से विधिवत शास्त्रीय गायन की शिक्षा ली, बाद में तबला शिरोमणि पं. सामता प्रसाद मिश्र उर्फ.गोदई महराज से तबले के बारे में प्रारम्भिक शिक्षा ली। फिर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक और प्रख्यात रंगकर्मी देवेन्द्र राज अंकुर के निर्देशन में जमकर रंगकर्म किया। मुस्तकिल दिमाग न होने के कारण मैं किसी भी अनुशासन में अंततः स्थिर नहीं हो पाया। 1979 में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तरप्रदेश का मुलाज़िम होकर लखनऊ आ गया। 1986 में किताबघर प्रकाशन दिल्ली से पहला कविता संग्रह आया 'कविता का पर्यावरण' उसके बाद लगभग दस वर्ष तक 'उत्तरप्रदेश' पत्रिका का सम्पादन और अब पिछले पन्द्रह साल से 'लमही' पत्रिका का सम्पादन-प्रकाशन कर रहा हूँ। अपनी पूरी सृजनात्मक यात्रा में साहित्यकारों के निरंतर सम्पर्क में रहकर उनसे हर रोज कुछ न कुछ सीखता रहा। मैं आज भी नये से नये रचनाकारों से बहुत कुछ सीख रहा हूँ। सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

**आपके प्रिय कवि व लेखक कौन-कौन से हैं?**

मेरे प्रिय कवि गजानन माधव मुक्तिबोध, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और धूमिल हैं। प्रिय कथाकार प्रेमचन्द, फणीश्वरनाथ रेणु और प्रबोध कुमार हैं। प्रिय आलोचक रामविलास शर्मा, नामवर सिंह और विश्वनाथ त्रिपाठी हैं। प्रिय व्यंग्यकार अन्नपूणानंद, हरिशंकर परसाई और ज्ञान चतुर्वेदी हैं।

**रंगकर्म से भी जुड़ाव के अनुभव के बारे में कुछ बताइए?**

रंगकर्म की शुरूआत सुप्रसिद्ध रंगकर्मी देवेन्द्र राज अंकुर और शशांक बहुगुणा के सौजन्य से हुई। 'कहानी का रंगमंच' और 'कविता का रंगमंच' की अवधारणा को लेकर मैंने लगभग एक दशक तक काम किया। मुक्तिबोध, रघुवीर सहाय, नागार्जुन, धूमिल आदि जैसे कवियों की लम्बी कविताओं का मंचन किया। मेरे साथी रंगकर्मियों में शक्ति सिंह, शाखा वंद्योपाध्याय, अरुण केडी, अजय दुबे और राजवीर रतन आदि प्रमुख हैं जो आज भी सक्रिय हैं।

**साहित्यिक पत्रकारिता के आपके अनुभव कैसे रहे?**

जब मैं 'उत्तर प्रदेश' का सम्पादक हुआ उस वक़्त 'आजकल' के यशस्वी सम्पादक सुप्रसिद्ध कथाकार पंकज बिष्ट थे। स्वाभाविक था कि 'आजकल' के स्तर से कम्पीट करने के लिए मुझे बहुत मेहनत करनी थी। भाई पंकज बिष्ट से काफी कुछ सीखने को मिला। यदि गुरुवर काशीनाथ सिंह, बड़े भाई अजित कुमार और कतिपय मित्रों यथा ज्ञानेन्द्रपति, वाचस्पति उपाध्याय, वशिष्ठ, ओम निश्चल और अखिलेश आदि का सतत सहयोग न मिलता तो मेरे लिए पत्रिका संपादित करना मुश्किल हो जाता। अपनी सरकारी नौकरी में 'उत्तरप्रदेश' पत्रिका के सम्पादन की जो अवधि थी वो मेरे सेवा काल का सर्वोत्तम समय था। 'उत्तर प्रदेश' के संपादकीय अनुभव का पूरा फायदा मुझे 'लमही' को बेहतर तरीके से संपादित प्रकाशित करने में मिला। साहित्यिक पत्रकारिता का मेरा निजी अनुभव बहुत खट्टा-मीठा रहा। 'उत्तर प्रदेश' पत्रिका का जब दलित साहित्य विशेषांक मैंने निकाला था तो फोन द्वारा मुझे कई धमकियाँ और गालियाँ मिली थीं जिन्हें मुझे जब्त करना पड़ा। 'लमही' के भगवत रावत विशेषांक की खबर पाकर कई स्थापित और नामवर लेखकों ने इसे प्रकाशित न करने की सलाह दी थी जिसे मैंने नजरअन्दाज किया। तो इस तरह के बहुतेरे किस्से हैं। अच्छे काम की तारीफ न कर काम करने वाले को हतोत्साहित करना भी अब प्रथा बन चुका है। ये सब इस आत्ममुग्ध समय की खुसूसियात हैं।

**एक सांस्थानिक पत्रिका और निजी प्रयासों से निकलने वाली साहित्यिक पत्रिका की अलग-अलग क्या चुनौतियां रहती हैं?**

दोनों में मुख्यतः आंशिक सम्पादन सुख भर ही है पर संस्थानिक पत्रिका में बॉसेस का दबाव, आचरण नियमावली के अनुपालन की बाध्यता और संस्थाई राजनीति आदि प्रमुख होते हैं। व्यक्तिगत प्रयासों से निकलने वाली पत्रिकाओं के सामने दूसरी तरह की अड़चने हैं। पहला तो आर्थिक संसाधन एकत्र करना सबके वश की बात नहीं। विज्ञापनादि सहयोग अब सरकारों के एजेण्डे में रह ही नहीं गया है लिहाजा घर फूंक तमाशा देखने वाला कार्य रह गया है यह। मजबूरन हमें भी 'लमही' प्रिण्ट की बजाय डिजिटल पत्रिका के रूप में निकालना पड़ रहा है जो ऑनलाइन ही उपलब्ध हो पा रही है। दूसरा यह कि यदि आप सतर्क सम्पादक नहीं हैं तो किसी न किसी गुट या टुकड़ी की गिरफ़्त में आकर इस्तेमाल की प्रचलित राजनीति का शिकार हो जाते हैं।

**हिंदी साहित्य में आलोचना और संपादन को अमूमन दूसरे दर्जे का कार्य माना जाता है । आपका क्या सोचना है?**

हर कार्य का अपना अलग महत्व होता है। आलोचना और सम्पादन भी एक निहायत जरूरी कर्म है जिसे स्वीकृति एवं सम्मान मिलना ही चाहिए। अलबत्ता हमारी हिन्दी आलोचना के टूल्स जरूर पुराने पड़ गये हैं जिन पर काम किए जाने की आवश्यकता है। सम्पादन को भी और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और निर्भीक होने के साथ-साथ रचनाओं के चयन में गुणवत्ता/ मेरिट को ध्यान में रखे जाने की अनिवार्य जरूरत है। ये दोनों ही कर्म मेहनत और ईमानदारी की दरकार रखते हैं जो कहीं-कहीं दिखता नहीं है। आलोचक और सम्पादक के अवदान के प्रति उपेक्षा और अवहेलना का भाव वस्तुतः एक नकारात्मक वृत्ति का स्थाई भाव है जो पूरी तरह से अनुचित है।

**आप प्रतिष्ठित 'लमही सम्मान' के संस्थापक-संयोजक रहे हैं। पुरस्कारों की चयन प्रक्रिया और शुचिता को लेकर अक्सर सवाल खड़े किए जाते हैं । पुरस्कारों की सार्थकता व चयन को लेकर आपका क्या सोचना है?**

पुरस्कारों और सम्मान को लेकर मेरा यह मानना है कि प्रोत्साहन की दृष्टि से यह दिया जाना जरूरी तो है पर इससे लेखक साहित्य जगत में स्थापित नहीं होता और न ही कोई वरिष्ठता प्राप्त करने का हकदार होता है। उसके लिए तो सार्थक रचनाओं का सृजनकर्ता होना आवश्यक है। आजकल साहित्य में बजरिये घुसपैठ शॉर्टकट हथकंडे खूब अपनाए जा रहे हैं। प्रचलित बड़े पुरस्कारों और सम्मान की बजाय सीमित साधनों से दिये जाने वाले लघु राशि वाले पुरस्कार और सम्मान ज्यादा विश्वसनीय और कारगर होते हैं।

**सोशल मीडिया के पूरे परिदृश्य को लेकर आप क्या सोचते हैं और साहित्य के भविष्य को कहां पर देखते हैं?**

सोशल मीडिया के आने से लेखकों की बाढ़ सी आ गई है और उनकी संपादकों पर निर्भरता भी कम हुई है। इधर सभी माध्यमों में कमोवेश अधिकांश लेखन की गुणवत्ता प्रभावित हुई है। साहित्यिक पत्रिकाओं के अलावा ब्लॉग्स और ई पत्रिकाएं भी खूब हैं जहाँ सार्थक साहित्य काफी मात्रा में प्रकाशित हो रहा है ।साहित्य का मौजूदा परिदृश्य काफी उर्वर है। नई पीढ़ी में अधिकांश तेजस्वी रचनाकार हैं।

**'लमही' पत्रिका के अपने पन्द्रह वर्षों के सफर के अनुभवों के बारे में कुछ बताइए?**

लुब्बोलुआब ये है कि सम्पादक जैसा थैंकलेस जॉब और कोई दूसरा नहीं है।

**साहित्य में लेखक संगठनों की भूमिका पर आपका क्या मानना है?**

महाकवि त्रिलोचन शास्त्री ने कभी कहा था कि हमारे लेखक संगठन रेस्तरा हो गये हैं। उनके इस कथन को मैं यहाँ सादर ससम्मान साभार उद्धृत कर रहा हूँ।

**'लमही' के कई विशेषांक बेहद चर्चित हुए जिन्हें लेकर आप के संपादन में कई पुस्तकें प्रकाशन की प्रक्रिया में हैं। उनके बारे में कुछ जानकारी दीजिए?**

हमारा कथा समय के तीनों खण्ड अनन्य प्रकाशन दिल्ली प्रकाशित कर रहा है। अमृत राय विशेषांक को रुद्रादित्य प्रकाशन प्रयागराज प्रकाशित कर रहा है। शेष विशेषांकों को भी पुस्तकाकार कराने हेतु प्रयासरत हूँ।

**आज हमारे तमाम रिश्ते-नाते, दोस्ती-यारियां आपसी लेनदेन और स्वार्थ पर आधारित हो गये हैं । इन रिश्तो की मानवीय ऊष्मा को कैसे बचाया जा सकता है?**

आज के जो हालात हैं उसमें बहुत कठिन है मानवीय रिश्तों की ऊष्मा को बचा पाना।

**प्रेमचंद हमेशा 'साहित्य को राजनीति के आगे राह दिखाने वाली मशाल' कहते रहे। आज के कठिन समय और विषम राजनीतिक परिस्थितियों के दृष्टिगत आप साहित्यकारों की भूमिका को आप किस तरह देखते हैं?**

आज हमारे जीवन से प्रतिरोध ही समाप्त हो गया है ठीक उसी तरह जैसे भारतीय राजनीति से विपक्ष। ऐसे में साहित्यकारों की भूमिका पर क्या टिप्पणी की जाय समझ नहीं पा रहा हूँ।

**(साक्षात्कार कर्ता युवा रचनाकार हैं)**

(हिन्दी के प्रतिष्ठित कवि, कथाकार और विचारक डॉ. मत्स्येंद्र शुक्ल का 83 वर्ष की उम्र में गत 25 मार्च को इलाहाबाद में निधन हो गया। वे जनवरी 1939 में प्रतापगढ़ जनपद के नेवादा ग्राम में जन्मे थे। इलाहाबाद और सागर विश्वविद्यालय से शिक्षा पूरी की । प्रोफेसर (हिन्दी) के रूप में सेवा की शुरूआत की और प्राचार्य, राजकीय सी. टी. प्रशिक्षण महाविद्यालय लखनऊ, निदेशक राज्य हिन्दी संस्थान वाराणसी, शिक्षा उपनिदेशक तथा प्राचार्य राज्य शिक्षा संस्थान उत्तर प्रदेश इलाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए । उन्हें मीरा स्मृति सम्मान, मध्य प्रदेश तुलसी साहित्य अकादमी सम्मान, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' सम्मान, हिन्दुस्तानी एकेडेमी सम्मान, साहित्य महोपाध्याय तथा उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा कविता के लिए विशिष्ट पुरस्कार मिल चुके हैं। अब तक बाइस कविता- संग्रह, आठ कहानी-संग्रह तथा समीक्षा विषयक दस पुस्तकें प्रकाशित हैं। अँधेरी रात का सूर्य, आग सूरज का संकल्प है, विकल्प और भी हैं तथा अनंत है यह आकाश, चर्चित कविता संग्रह।)

# कविता के 'जोगी' डॉ. मत्स्येंद्र शुक्ल

**स्मरण**

**बोधिसत्व**



इलाहाबाद में जिन लोगों से साहित्य की विरल और लुप्त होती परंपराओं का बोध हुआ उनमें एक हैं मत्स्येंद्र नाथ शुक्ल जी। मत्स्येंद्र जी अक्सर एक स्नेही परिजन की तरह साथ होते थे। मात्र मेरे लिए ही नहीं इलाहाबाद के समूचे जनवादी लेखक संघ के लिए और जहां तक मुझे ज्ञात है प्रगतिशील लेखक संघ के लिए भी। वे किसी के सदस्य नहीं थे क्योंकि वे संघ बद्ध होने को कविता की मुक्ति में बाधक मानते रहे हैं। अनेक मुलाकातों में वे कवि को मुक्त रहने की गंभीर वकालत करते थे। उनका कहना है, 'कवि मुक्ति का गायक है, फिर वह स्वयं कैसे बंधन में रह सकता है।' जब उनकी दृष्टि कवि को लेकर इतनी साफ है तो कविता को लेकर भी उनके विचार संगठन की परिधि में कैसे आ सकते हैं। वे कई बार कहते थे लेखक संगठन साहित्यिक विमर्श तक उचित हैं लेकिन राजनीतिक दखल राजनीतिक पार्टियों पर छोड़ना चाहिए। लेखक का काम सचेतक का है कार्यकर्ता का नहीं। अपनी बातचीत और लेखन में वे असहमति का आदर करने को भी कवि या लेखक का एक मूल गुणधर्म मानते हैं। और असहमति का स्वागत ही लोकतंत्र की निशानी है उनके लिए।

मत्स्येंद्र जी का मन कविता में रमता है। वे कविता के जोगी हैं। या कहें की कविता की सिद्धि है उन्हें। उनकी कविता उपेक्षितों वंचितों का निजगृह है। मत्स्येंद्र जी की कविता में वंचितों के प्रति न्याय का गलदश्रु भाव नहीं एक ठोस यथार्थ दिखता है या कहें की दर्ज है। इसलिए वे कह पाते हैं कि विकल्प और भी हैं।

किसी को बुरा लगता है तो लगे लेकिन प्रतिपक्ष की कविता कई बार प्रतिशोध की कविता में परिवर्तित हो जाती है। वर्ग संघर्ष का कविता में अंकित रूप अक्सर वर्ग द्वेष के आगे जाता नहीं दिखता और कविता में सिद्ध की गई निष्पत्तियां अक्सर प्रमेय के इति सिद्धम की गति को प्राप्त होने को शापित सी दिखती हैं। अभी कवि इस तरह की कविता करने को बाध्य भी हैं और शापित भी। ऐसे में मत्स्येंद्र जी जैसे कवि कविता को मात्र कविता की तरह लेने की पैरवी करते दिखते हैं तो कई बार अच्छा भी लगता है। 'किन्तु नहीं है मां' उनकी एक ऐसी कविता है जिसकी चर्चा मैं मित्रों से कई बार कर चुका हूं। मां पर जब मैं कविताएं संकलित कर रहा था तब दो कवियों की मां विषयक कविताओं ने चमत्कृत किया था। एक आदरणीय विश्वनाथ प्रसाद तिवारी जी की कविता दूसरे मत्स्येंद्र जी की इस कविता ने।





कविता मुझे क्यों पसंद है उसकी एक नहीं कई वजहें हैं। एक तो यह कि कविता के केंद्र में संयुक्त परिवार की एक झमक है दूसरे उस केंद्र की मुख्य धुरी मां है और तीसरी बात की कवि ने मां के विवेक बोध को संपादित नहीं किया है मां की सोच में टोना टोटका एक बड़ी विघ्न बाधा के कारक थे और मां उनको मिटाती दूर करती थी। यह कवि दृष्टि में मां का स्वरूप है। और कवि को ध्यान है कि रहना नहीं देस बिराना है। संसार नश्वर है। समय ताल ठोक कर कह रहा है संसार नश्वर है। संसार की नश्वरता मां के न होने के संदर्भ में और गहरी हो जाती है।

मत्स्येंद्र जी की अनेक कविताएं प्रचलित काव्य धाराओं का खंडन करती अपनी लकीर बनाती आगे जाती हैं। उनके कई संकलन बेहद महत्वपूर्ण कविताओं से भरे हैं। पथ का अंत नहीं, पेड़ भी कुछ कहते हैं, पृथ्वी के पक्ष में उनके अन्य महत्त्व पूर्ण संकलन हैं। जिस संकलन 'विकल्प और भी हैं' में यह कविता शामिल है उसकी सभी कविताएं अवश्य पढ़ी जानी चाहिए। उनमें कई कविताएं अपने कथ्य की मार्मिकता के हिसाब से बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। उनमें एक कविता है नदी। नदी पर लिखी गई अनेक कविताओं में इस कविता का 'शब्द जल' अलग से आलोकित और प्रवाहित है: 'उधार के जल से /समृद्ध नहीं होती नदी।' आगे एक पंक्ति है जिसका भाव है कि बहती नदी में पुष्प नहीं खिलते। बहती नदी में नावें ही खिले हुए पुष्प हैं।

कई बार हम कवि लेखक संगठन के बाहर के कवियों पर और उनकी कविता पर निगाह नहीं डालते। क्या हिंदी की असफलता का एक कारण यह भी नहीं है। मैं कम से कम इलाहाबाद के कवियों से तो कह ही सकता हूं कि अपने शहर के कवियों को पढ़ें। मस्येंद्र जी की कविता को और पढ़ने और देखने की जरूरत है।

**( लेखक वरिष्ठ कवि एवं आलोचक हैं)**

## मत्स्येंद्र शुक्ल की कुछ कविताएँ



### 1. पृथ्वी का अंत

अखबार दूरदर्शन ने बताया
याज्ञिकों ने घोषित किया
पृथ्वी का अंत करीब है
ब्रह्मांड में संघर्षण अग्नि-संचरण
हवा के आवेग प्रचंड प्रवाह में
झलकेंगे असंख्य उल्का पिंड
लोग घबराए से कर रहे बात
उलझन में बीत रहा दिन बीत रही रात
फिर मृत्यु :
साँस का अंतिम दर्द क्षण में
तमाम घटनाएँ सोच गए लोग
मन में समेट लिए व्यर्थ का रोग

### 2. पृथ्वी का उपालंभ

ये शब्द पंक्तिबद्ध जो दिख रहे चमकते
सपाट शंखई गगन में
इनका मूल्य मत पूछो मर्म-वाहक हैं ये
शिविरों में किसी देश का इतिहास नहीं पलता
आए हैं
पृथ्वी आकाश के मध्य तरंग- सम
दुख रत्ती भर सुख जो भी उपलब्ध
चिंता उपहास शोषण उसे मापने
रख सकते यथार्थ-गाथा पत्ते की झुकी
नोक पर
जितना समझ सकेंगे
ले जायँगे साथ
धोकर रख देंगे
आकाश-गंगा तट पर
कि जियो कहो काल की कथा
अविराम
तारे भी समझें
किस पीड़ा से व्यथित है वसुंधरा
कितना व्यक्त कितना है अनकहा
शब्दों में नहीं समाता पृथ्वी का
उपालंभ

### 3. देखता रहा

कठफोड़वे से बात क्या करूँ -
कुट-कुट काट रहा
पेड़ का पुष्ट तना
बोलता सिर घुमा
बात करना है मना
देखते नहीं!
चिड़ियाँ उदास बैठी हैं
रात्रि-वास का भरोसा
उन्हें देना तत्काल
बच्चे खेलेंगे सुरक्षित कोटर में
कठफोड़वे के शब्द सुन
आश्चर्यचकित :
देखता रहा शुभ्र आकाश
आँखों में भर गया प्रेम का प्रकाश।

### 4. यातना शिविर

आश्रम-द्वार के सम्मुख
पंक्तिबद्ध बैठे भिखारी मौन देख रहे
पथ पर उड़ती बारीक ताजी धूल
ड्रम में सनकता गाढ़ा लसीला धुआँ
आदमी वो भी जो पिघले डामल
से पाट रहे सड़क पत्थर का नुकीला चेहरा
भिखारी निहारते उन्हें
जो चल-फिर रहे राज पथ पर
कोई उत्सुक नहीं भिक्षार्पण के लिए
उनके मस्तिष्क में खास योजना नहीं
केवल रोटी सब्जी के टुकड़े
पेट भरने के निमित्त
फटा-पुराना वस्त्र ढँक सकें तन
परिवार की समृद्धि का स्वप्न भी नहीं
दिल-दिमाग में
भिखारी उपेक्षित माँगते रहेंगे सदैव
भिक्षा
यह संसार यातना-शिविर अभावी
व्यक्ति के लिए।

# मलेशिया के महत्वपूर्ण कवि सेसिल राजेन्द्र



सेसिल राजेन्द्र मलेशिया के सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी कवियों में हैं। वे अपनी रचनाओं के अपने भाव निर्भय हो कर व्यक्त करते हैं और वैचारिक पूर्वाग्रहों से मुक्त हैं। उनकी कविताएं उन सब की खबर लेती हैं जो जन विरोधी हैं। उनमें पर्यावरण की चिंता मुखर है और वे कुरीतियों का जमकर विरोध करते हैं। 2006 में राजेंद्र को नोबेल पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया था। उस वर्ष यह पुरस्कार ब्रिटिश नाटककार हेराल्ड पिंटर को मिला था। राजेन्द्र का जन्म 1941 में पेनांग में हुआ था। उन्होंने सिंगापुर विश्वविद्यालय से स्नातक तथा लिंकन्स इन से कानून की शिक्षा प्राप्त की है और पेशे से मलेशिया के प्रतिष्ठित अधिवक्ता हैं। उनकी कविताएँ लगभग 50 देशों में प्रकाशित हुई हैं और अनेक भाषाओं में अनूदित हुई हैं। उनके 10 कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं।

फोटोग्राफर इस्माइल हासिम के साथ काम करते हुए, राजेन्द्र ने पेनांग द्वीप के पिछले हिस्से की खोज की। 1993 में मलेशिया की सरकार ने वृक्षों की अंधाधुंध कटाई का विरोध करने के कारण उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था। 2005 में उन्हें लोगों को कानूनी सहायता पहुंचाने हेतु मलेशिया का पहला मानवतावादी पुरस्कार प्रदान किया गया। यहाँ हम उनकी चार कविताएँ आपके लिए प्रस्तुत करते हैं। इन कविताओं से उनकी प्रतिबद्धताओं और तेवर का स्पष्ट पता चलता है।

**(टिप्पणी एवं अनुवाद श्री बिलास सिंह)**

## सेसिल राजेन्द्र की कविताएँ



**1. एक गाँव की मौत**

यहाँ मृत्यु की खबर
पसरी हुई है हवा में
हर तरफ
हर कहीं है दुर्गन्ध
सड़न और निराशा की
औद्योगीकरण की
तत्कालिकताओं से
घुट कर
मर रही है नदी
परवाह नहीं किसी को
प्रगति के वमन से
विषाक्त
नदी की मछलियां
मर रही हैं और
परवाह नहीं किसी को
पक्षी जो
पोषित हैं
प्रगति के मल से विषैली हुई
मछलियों पर
मर रहे है और
परवाह नहीं किसी को
इस तरह
नदी की समृद्धि पर
सदियों से निर्भर
कभी का एक गवीर्ला गाँव
मर रहा है और
परवाह नहीं किसी को
उस नए प्रभु
'विकास' के लिए
हमारे पुजारी
बलि दे रहे
हमारी परंपराओं की
हमारी संस्कृति की
हमारे रीति रिवाजों की
और पर्यावरण की
और परवाह नहीं किसी को
हम अंधे चूहे
हम अंधे चूहे
देख रहे है कि क्या कर डाला है हमने
देख रहे हैं कि क्या कर डाला है हमने
हम भाग रहे प्रगति के पीछे
जिसने काट दिए हैं हमारे सिर
विकास के खंजर से ।
क्या तुमने देखे हैं कभी
ऐसे मूर्ख अपने जीवन में -
हम अंधे चूहों जैसे ?

**2. मेरे देश के लिए**

यदि मुझे न होती तुम्हारी परवाह
मैंने न किया होता साहस
अभिलेखित करने का तुम्हारी
अपूर्णताओं को
मैं गाता रहता
बस तुम्हारी प्रशंसा के गीत
सर्वोत्तम को चुनता
नजरअंदाज करता हुआ शेष को
पर मैं नहीं हूँ सपनीली आँखों वाला
प्रेमी
मैं नहीं ढाँप सकता
तुम्हारे दाग धब्बे
तो यदि मैं नाराज होऊँ
तुम्हारे असीम लोभ पर
तुम्हारे अंतर्निहित पूर्वाग्रहों पर
तुम्हारे बच्चों की
हृदयहीनता पर
तुम्हारी ढेरों निर्दयताओं पर
धीरज रखो प्रिय
प्रेम और घृणा
निर्मित हुए हैं
एक ही भट्ठी में
एक की कमी,
जो नहीं है कोई खास बात
हमारे प्रिय जनों हेतु,
हो जाती है उत्प्रेरक
कोई व्यक्ति उसे ही घृणा करता है
सबसे अधिक
जिसे करता है सर्वाधिक प्रेम
और यदि मुझे होती न तुम्हारी परवाह
मैंने किया न होता साहस
अभिलेखित करने का तुम्हारी
अपूर्णताओं को ।

# तेज बरसात व तूफान से पेड़ धराशायी विद्युत आपूर्ति बंद, पेयजल संकट

जनसंदेश न्यूज

**कलवारी।** क्षेत्र में शुक्रवार की देर शाम तेज हवा के झोंकों के साथ हुई झमाझम बारिश से कई पेड़ आंधी में गिर गये जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली आपूर्ति ठीक करने में लाइनमैन लगे हैं लेकिन शनिवार के दिन में भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। बिजली के बार ट्रिपिंग से ग्रामीणों में आस जगी है की बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। बिजली आपूर्ति ठप होने से होने से कई गांव में अंधेरा पसरा है।

कलवारी, गुरुदेवनगर, जुड़िया, बेलाही, रैकरा, खुटारी, बेदौली, देवदहा, गोपलपुर सहित अन्य गांव में अंधेरा पसरा है। पेड़ गिरने से बिजली के तार टूटे हैं वही विद्युत पोल भी धराशायी हुआ है। बिजली के खंभों के पास विशालकाय पेड़ लगे हैं जिससे हवा के झोंकों से पेड़ टूट कर बिजली के तारों पर गिर जाते हैं जिससे विद्युत बिजली आपूर्ति बाधित होती है। क्षेत्र में आपूर्ति बाधित होने से पेयजल किल्लत चरम पर है। क्षेत्र में डीप बोरिंग से ही पेयजल मिलता है डीप बोरिंग से पेयजल तभी मिलेगा जब बिजली रहेगी। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल करने की मांग की है।

जिससे पेयजल की समस्या को दूर किया जा सके। इस संबंध में जेई राजेश कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम आधी तूफान में पेड़ गिरने से बिजली तार टूट गया है। इंसुलेटर भी पंचर हो गया था। तूफान में तीन से चार पोल भी टूट गए हैं जिसे दुरुस्त कराया जा रहा है। फाल्ट दूर होने पर विद्युत आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### फसल नुकसान का स्थलीय सत्यापन करने पहुंचे एसडीएम सदर

**जिगना।** एसडीएम सदर चंद्रभानु सिंह ने शनिवार को छानबे क्षेत्र में असमय बरसात व कहीं कहीं ओलावृष्टि होने से किसानों की फसल क्षति को देखने के लिए अकोढ़ी, बढ़ुरा, उचडीह, सुपंथा, परवा, जोपा, भैदपुर, निफरा, नदिनी, कुकुरौठी, रैपुरी, निबी गहरवार, नौगांव, बिहसड़ा कला, खमरिया कला, बदेवरा चौबे, किशनपुर, नरोईया, जिगना, यादवपुर, खमरिया व दमुआन बरवासी आदि जगहों पर हुए नुकसान का स्थलीय सत्यापन किया। बताया कि जिस ढंग का नुकसान हुआ है उसकी शासन तक प्रेषित किया जाएगा। नुकसान का आकलन करने के बाद शासन को रिपोर्ट भेजने को कहा। इस दौरान लेखपाल ओम प्रकाश उर्फ शेखू उपाध्याय, श्याम, जासा बघौरा की लेखपाल प्रीति तिवारी भी मौजूद रहे।



फसलों के नुकसान का आंकलन करते एसडीएम

# ग्राम सभा की नाली से कब्जा मुक्त कराने की लगाई गुहार

**नहीं मिल रहा न्याय**

**तहसील प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस तक से की गई शिकायत**

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत पुरैनियां गांव में ग्राम सभा की सुरक्षित भूमि पर बनें नाली को कब्जा कर बाधित किया जा रहा है। जिससे परेशान ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से लेकर स्थानीय पुलिस से शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं दिलाया जा सका। थाना क्षेत्र के पुरैनियां गांव निवासी ई0 चन्द्रमा प्रसाद सिंह पुत्र भागवत सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव के ही अजय पुत्र राधेश्याम, बालेन्द्र उर्फ मल्लू पुत्र स्व सोहन, शिवेंद्र उर्फ बब्बू पुत्र अजय, पर आरोप लगाया है कि उक्त तीनों व्यक्तियों ने सामूहिक रूप से ग्राम सभा की नाली पर अवैध रूप से कब्जा जमा रहे हैं और नाली के दोनों तरफ खंभा गाड़कर प्रभावित कर रहे हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार 8 फीट चौड़ी नाली को मोटी पटिया से ढका गया है जिसपर लोगों का आवागमन भी होता है और खेती किसानी करने में भी सहूलियत मिलती है लेकिन दबंगों के चुनावी रंजिशन नाली पर बनें रास्ते को रोका जा रहा है जिससे परेशान प्रार्थी व ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस से कई बार शिकायत दर्ज कराई लेकिन दबंगों पर कोई असर नहीं पहुंचा। ऐसे में प्रार्थी का मामला जस का तस बना हुआ है।

ज्ञात हो कि प्रार्थी चन्द्रमा प्रसाद सिंह एवं उनका परिवार लखनऊ में सेवारत हैं। और पुरैनियां गांव में 4 एकड़ जमीन है। नाली पर बनें रास्ते से खेती बाड़ी काम सम्पादित किया जाता है लेकिन नाली पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। जिससे गांव वापस आने पर हर साल विवाद खड़ा हो जाता है।

जिसके संबंध में प्रार्थी बार बार अधिकारियों के चक्कर लगाते लगाते थक चुका है लेकिन न्याय तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में प्रार्थी ने ग्राम सभा की नाली को कब्जा मुक्त कराने के लिए उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है।

# शराब लदी स्कार्पियो ट्रक से भिड़ी

## अंधेरे का लाभ उठाकर तस्कर हुए फरार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित कुदारन चौराहे पर हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब लदी तस्करों की स्कार्पियो की देर रात ट्रक से टक्कर हो गई। स्कॉर्पियो में 40 पेटी शराब लादकर तस्कर सोनभद्र से टेंगरा मोड़ की तरह जा रहे थे। तभी तस्करों का वाहन थाना क्षेत्र के कुदारन चौराहे के समीप ट्रक से दुर्घटना के बाद छतिग्रस्त हो गई।

चौराहे के समीप हुई ट्रक से टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। शराब तस्कर कुछ समझ पाते तब तक दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई। अंधेरे का लाभ उठाकर शराब तस्कर शराब समेत वाहन छोड़कर भागने में सफल रहे। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर उसमें लदे 40 पेटी अलग-अलग ब्रांडों की महंगी शराब बरामद किया। रॉयल स्टेज 17 पेटी, ब्लेंडर प्राइड 12 पेटी, जानी वाकर ब्लेंड स्काच रेड लेबल 11 पेटी, जिनकी मात्रा 780 बडी बोतल थी। पूर्व में भी शराब तस्करों के वाहन शराब समेत पकड़े गए हैं। अक्सर हरियाणा निर्मित शराब को बिहार ले जाकर तस्करी करते हैं। पुलिस ने शराब समेत गाड़ी को कब्जे में लेते हुए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### सिलेंडर लदा ट्रक पलटा बाल-बाल बचा चालक

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत हिनौता गांव में राजगढ़ चुनार मार्ग पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास शनिवार को गैस सिलेंडर लेकर चुनार से झारखंड जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गयी। जिससे चालक रोहित कुमार यादव पुत्र अशर्फी लाल उम्र 24 वर्ष निवासी मुजफ्फरपुर बिहार बाल बाल बच गया। चालक ने बताया कि ट्रक का स्टेयरिंग जाम होने से हादसा हो गया।

# करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**बोर्ड का तार ठीक करते समय घटी घटना**

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिलहटा गांव में शुक्रवार को घर के अंदर बिजली का तार ठीक करते समय करंट चपेट में आने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सिलहटा गांव निवासी रंगीलाल का 35 वर्षीय पुत्र अमरजीत घर के अंदर लगे बोर्ड का तार ठीक कर रहा था कि बिजली के करंट के चपेट में आ गया।

चीख पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचकर लाठी डंडे से पीट कर तार को छुड़ाते हुए आनन फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आए। जहाँ डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाइयों में दूसरे नम्बर बताया गया। मौत की जानकारी होते ही पत्नी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में किया प्रदर्शन

**नाराजगी**

**राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा**

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** ब्लाक मुख्यालय पर शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव व ब्लाक प्रभारी अमरनाथ पांडेय ब्लाक अध्यक्ष अश्वनी दुबे की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन बीडीओ कुलदीप कुमार को सौंपा।

राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन में बताया कि हलिया ब्लाक के कांग्रेसजन राहुल गांधी के समर्थन में देश और प्रदेश को बचाने के लिए हर तरह से लड़ाई लड़ेंगे। सांसद राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने पर कांग्रेस जनों में रोष व्याप्त है। भाजपा द्वारा लगातार गला घोंटने का काम किया जा रहा है। राहुल गांधी की बढ़ती हुई लोकप्रियता से भाजपा सरकार षड्यंत्र रचकर राहुल गांधी की आवाज दबाना चाहती है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर देना लोकतंत्र की हत्या के बराबर है। ऐसा ही रहेगा तो कांग्रेस जन सड़क पर उतरकर बीजेपी सरकार के खिलाफ आवाज उठाएंगे। ब्लाक प्रभारी अमरनाथ पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार की दमनकारी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जाएगा। ब्लाक अध्यक्ष अश्वनी दुबे ने कहा कि राहुल गांधी की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है जब तक उनकी सदस्यता वापस नही होती है लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान अखिलेश पांडेय, बंधुयादव, चंद्रमोहन, विनय कुमार, पांडेय, रघु प्रसाद, हीरा कोल, विनय दुबे, शिव पूजन, विपिन जैसल, परशुराम मौर्य आदि मौजूद रहे।



बैठक में शामिल कांग्रेसी

# रैली निकालकर ग्रामीणों को किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** विकास खंड के गलरा व खुटहा गांव में शनिवार को स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग की ओर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया गया। कंपोजिट विद्यालय गलरा व प्राथमिक विद्यालय खुटहा के बच्चों ने रैली निकालकर स्वच्छता अपनाएं बीमारी भगाएं, जन जन का यही है नारा संचारी रोग मुक्त हो गांव हमारा, कुंए ढके हों जाली से बहे गन्दगी नाली से आदि नारे लगाते हुए ग्रामीणों को संचारी रोगों से बचाव हेतु जागरूक किया।

गलरा ग्राम पंचायत में आशा संगिनी आरती मिश्रा के नेतृत्व में प्रभारी प्रधानाध्यापक कविता सिंह, योगेश यादव, मनकामना मिश्र संग स्कूली बच्चों ने मुस्लिम बस्ती, पंचायत भवन मार्ग, आदिवासी कहार बस्ती में रैली निकालते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। खुटहा गांव में प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय पांडेय के नेतृत्व में बच्चों ने रैली निकाली। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरूण मिश्र, एएनएम मुनक्का देवी, दिवाकर द्विवेदी, शिक्षक संदीप सोनकर, दीक्षा केसरवानी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती संगीता सिंह, आशा कार्यकर्ती श्यामा शुक्ला, मीना तिवारी, रन्नो देवी, नीतू मिश्रा आदि मौजूद रहीं।



रैली निकालकर जागरूक करते कर्मचारी

### रैली निकाल कर किया जागरूक

**जिगना।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोंई पर शनिवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रत्नाकर मिश्रा के अगुवाई में संचारी रोग नियंत्रण रैली और संकल्प यात्रा सभी आशा संगिनी की उपस्थिति में निकाला गया और संकल्प दिलाया गया। इस दौरान बताया गया कि मलेरिया डेंगू टीबी सर्दी जुखाम जैसी बीमारियों से किस ढंग से बचाव किया जाए। उसके बारे में बताया गया। तत्पश्चात सभी 251 आशा संगिनी को छाता वितरित किया गया। बताया गया कि गांव गांव जाकर संचारी रोगों से किस प्रकार बचाव किया जाए। उसका प्रचार प्रसार करना व स्वच्छता संबंधित जानकारी वितरित दी जाए। इस दौरान दौरान रमेश कुमार सिंह, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### टेंपो चालक समेत मनबढ़ युवकों ने दुकानदार को पीटा

**मीरजापुर।** मंडी चौकी क्षेत्र के सेप्टन मिल के पास स्थित गिफ्ट की दुकान में घुसकर कुछ मनबढ़ युवकों ने दुकानदार को पीट दिया। शुक्रवार की देर शाम मंडी चौकी क्षेत्र के सेप्टन मील के पास स्थित गिफ्ट की दुकान के सामने टेंपो चालक टेंपो खड़ा किए हुए थे जिसको लेकर दुकान संचालक शिव कुमार जयसवाल पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र जायसवाल ने टेंपो को सामने से हटाने के लिए कहा जिसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। जिसके बाद टेंपो चालक समेत कुछ मनबढ़ लोगों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर दुकानदार को पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीटने के बाद मनबढ़ युवक वहां से फरार हो गए। वहीं परिजनों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। दुकानदार लहूलुहान देख स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों के द्वारा जिला मंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां घायल दुकानदार का उपचार चल रहा है। वहीं परिजनों ने कटरा थाने में तहरीर देकर टेंपो चालक सहित मन बढ़ युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। टेंपो चालक सहित मनभर युवकों को दुकानदार को पीटने का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी बहुत तेजी के साथ वायरल हो रहा है।

# पाइप बिछाने के बाद तीन दिन के अंदर उस स्थल को करें ठीक : एडीएम

## गढ्ढे पाये जाते हैं तो सम्बन्धित के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई



बैठक में शामिल एडीएम व एनजी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण के किनारे अवरोधयुक्त स्थालों पर पाइप लाइन बिछाने सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि आपसी समन्वय बनाते हुये कार्यो में आ रही कठिनाईयों को दूर कराते हुये कार्य में प्रगति लायें।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि उनके कराये जो भी पाइप लाइन बिछायी जा रही है पाइप बिछाने के बाद तीन दिवस के अन्दर उस स्थल को ठीक करा दिया जाय। यदि तीन दिवस के बाद जिस स्थान पर पाइप लाइन बिछायी गयी है वहां पर गढ्ढे पाये जाते है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने अधिशासी अभियन्ता जल निर्देशित करते हुये कहा कि योजना के तहत जो भी कार्य कराये जा रहे है उसकी प्रतिदिन मानिटरिंग करायें। उन्होने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुये कहा कि अपना मैन पावर बढ़ाते हुये कार्य में तेजी लायें। राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण निर्देशित करते हुये कहा कि कार्य समय से पूर्ण कराये जिससे जनता को लाभान्वित किया जा सकें। बैठक में उ0प्र0 जल निगम के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्तागण, विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं प्रोजेक्ट मैंनेजर, टी0पी0 आई0 एवं पी0एम0 सी0 के टीम लीडर व राष्टीय राजमार्ग प्राधिकरण एवं राज्यमार्ग प्राधिकरण प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# खुलेआम गेहूं की खरीद फरोख्त कर रहे बिचौलिए

**मनमानी**

**खाद्य विभाग की टीम के पहुंचने पर भागे**

जनसंदेश न्यूज

**हलिया।** विकास खंड के हलिया लालगंज मार्ग स्थित मझियार गांव संकट मोचन पेट्रोल पंप पर गेहूं की खरीद फरोख्त कर बिचौलियों द्वारा पिकप और ट्रैक्टर के माध्यम से ट्रक पर लादकर बाहर निर्यात करने के लिए भेजे जाने पर खाद्य विभाग के राजकीय विपणन केन्द्र मवई कलां में बनाए गए गेंहू क्रयकेंद्र प्रभारी नारायण दूबे ने ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर गेंहू का निर्यात किए जाने पर बिचौलियों से जिलाधिकारी द्वारा गेंहू निर्यात पर रोक लगाए जाने का हवाला देते हुए गेंहू खरीद संबंधित कागजात की मांग की तो ट्रक चालक मौके से हलिया की तरफ भाग निकला।

इस संबंध में क्रयकेंद्र प्रभारी नारायण दूबे ने बताया कि शासन द्वारा लेकिन गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई है लेकिन सोठिया कलां गांव निवासी एक व्यापारी द्वारा खुलेआम गेंहू खरीदकर बाहर भेजा जा रहा है। व्यापारी द्वारा खुलेआम गेंहू की बिक्री किए जाने के मामले की जानकारी एसडीएम लालगंज सहित खाद्य विभाग व मंडी समिति के अधिकारियों को दे दी गई है।



पिकप पर लदा गेंहू

# हाट शाखा पर किसानों की उमड़ी भीड़

## गेहूं खरीद के लिए लगाया गया टोकन

**कलवारी।** कलवारी स्थित हॉट शाखा पर गेहूं बेचने के लिए क्रय केंद्र पर किसानों की भीड़ सुबह से ही किसानों की भीड़ इकट्ठा होने लगी। गेहूं बेचने के लिए किसान क्रय केंद्र पर टोकन लेने के लिए पहुंचे जहां पर किसानों की भीड़ जुटी रही। हांट शाखा पर किसानों का नंबर लगाया गया। हॉट शाखा पर गेहूं बेचने के लिए किसानों का दबाव रहता है। क्रय केंद्र पर किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो इसके लिए क्रय केंद्र प्रभारी के द्वारा सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई है। क्रय केंद्र का जायजा लेने तहसीलदार फूलचंद यादव पहुंचे। जहां पर गेहूं खरीद के लिए किसानों के नंबर लगाए जा रहे थे और किसानों को टोकन दिया गया। टोकन में धांधली ना हो तहसील प्रशासन ने कमर कस ली है। क्रय केंद्र प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हॉट शाखा पर सोमवार से किसानों उपज (गेहूं) की फसल क्रय किया जाएगा। पहले दिन 200 किसानों का अंकन रजिस्टर में किया गया है। सरकार द्वारा निर्धारित गेहूं खरीद का मूल्य 21.25 पैसा प्रति कुंटल है।



निरीक्षण करते तहसीलदार मड़िहान

# अडानी के सवाल पर उत्तर देने से बच रही केंद्र सरकार : अर्चना चौबे

जनसंन्देश न्यूज

**लालगंज।** स्थानीय क्षेत्र के कठवार गांव में प्रदेश कार्यसमिति की सदस्या अर्चना चौबे ने पत्रकार वार्ता में कहा कि संसद में अडानी के सवाल पर केंद्र सरकार उत्तर देने से बच रही है और राहुल गांधी का विरोध करके अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ प्रक्रिया नहीं है।

कहा कि कांग्रेस सवाल के माध्यम से देश को दिखाना चाहती है कि गौतम अडानी की गतिविधि देश विदेश में क्या है, इसे जनता को जानने का पूर्ण रूप से अधिकार है। किसान कर्ज से परेशान है जिसका कर्ज माफ की जाने की जरूरत है। अड़ानी के कर्ज माफी से किसानों का भला नहीं होगा। कांग्रेस के मजदूर इंटक राष्ट्रीय सचिव शशिभूषण दुबे ने कहा कि कांग्रेस गरीबों, मजदूरों की लड़ाई लड़ती है उसके क्रिया कलाप लोकतांत्रिक हैं, जिससे लोकतंत्र जीवंत और निरंतर बहुलवादी और सामूहिक गतिविधियों से मजबूत होता है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष शिवशंकर पांडये, जिलायुवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष संकटमोचन त्रिपाठी, अमिताभ पांडेय, अशोक पटेल, राजन निषाद, योगेश रंजन, रोशन, अनिल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शिक्षा क्षेत्र में बहुत आगे जा रहा है देश : राजू कन्नौजिया



**जिगना।** पूर्व माध्यमिक कम्पोजिट विद्यालय जासा बघौरा विद्यालय पर शनिवार को विद्यालय के बच्चों व विद्यालय स्टाफ द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया विशिष्ट अतिथि के तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा क्षेत्र में देश बहुत आगे जा रहा है। गांव गिराव के स्कूलों से भी बच्चे पढ़ कर अच्छे स्थानों पर पहुंच रहे। इसमें अच्छे अध्यापकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। इस दौरान एमएलसी प्रतिनिधि प्रेम बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संतोष सिंह पटेल, प्रधानाध्यापक विजय बहादुर यादव, शांति प्रकाश, पंचम सिंह, मंजुला, प्रधानाध्यापिका जूली गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बेसिक शिक्षा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह पटेल ने किया।

### 41 वर्ष 4 माह की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए अखिलेश



**चुनार।** 41 वर्ष 4 माह के सेवा के पश्चात शुक्रवार को पीडीएनडी इण्टर कॉलेज के मनोविज्ञान के वरिष्ठ प्रवक्ता अखिलेश पांडेय सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर कॉलेज में उनकी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें श्री पांडेय के द्वारा कॉलेज में दी गयी। उनकी सेवा पर प्रकाश डालते हुए प्रवक्ता अशोक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि श्री पांडेय की सेवानिवृति इस कॉलेज के एक युग का अंत है। अन्त में श्री पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य रामवृक्ष राम, गणेश प्रसाद सिंह, दिनेश कुमार यादव, विष्णुराम, प्रमोद गुप्ता, श्रीनिवास पांडेय, सुरेंद्र नाथ पांडेय, जय प्रकाश दुबे, डॉ0 संतोष कुमार मिश्र, सतीश कुमार चौबे, काशीनाथ जोशी, प्रदीप कुशवाहा, अंशुमान पांडेय, आदित्य पांडेय सहित कॉलेज के अध्यापक एवम कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बुढ़ापे का सहारा है पुरानी पेंशन : डॉक्टर शिशुपाल सिंह

**जमालपुर।** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कैमा रसूलपुर स्थित विद्यालय पर शिक्षकों ने शनिवार को पेंशन बहाली को लेकर शैक्षणिक कार्य करते हुए हाथ पर काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों का विरोध किया। डॉक्टर शिशुपाल सिंह ने बताया कि कोई भी सांसद, विधायक, एमएलसी यदि दो बार या चार बार चुना जाता है, तो उसे उतनी बार का पेंशन मिलता है और सरकारी कर्मचारी साठ साल तक सरकार की सेवा करने के बाद उसे पेंशन से बेदखल कर दिया गया है। जो उचित नहीं है। इसलिए हम शिक्षक गण गांधीवादी तरीके से कार्य करते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहे हैं। पेंशन कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है। इसलिए सरकार जल्द से जल्द इसे लागू करें। इस दौरान शिक्षक डॉ नीलू सिंह, विनोद शर्मा, अनीता सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, राधिका, नम्रता, रेनू, चंचल, प्रिती सिंह, राजेश सिंह, आशीष कुमार, अजय विक्रम, सुभाष सिंह पटेल, संदीप कुमार, तरुण, तपेश कुमार, दिवाकर सिंह पटेल, ओम प्रकाश पांडे सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### निष्पक्षता से करायें उप चुनाव : एएसपी नक्सल

**लालगंज।** छानवे विधानसभा उप चुनाव के दृष्टिगत एसपी ऑपरेशन ओपी सिंह ने शनिवार को लालगंज थाने पर समीक्षा की। बैठक चुनाव को लेकर दिशा निर्देश में उन्होंने निष्पक्ष चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने की पुलिस कार्रवाई की समीक्षा की। एसपी ऑपरेशन ने पूर्व में हुए चुनाव में व्यवधान डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी की। इसके अलावा अवैध व कच्ची शराब बरामद ने अवैध असलहा बरामदगी तथा लाइसेंसधारियों से शस्त्र जमा कराने का निर्देश दिए। मतदान केंद्रो का भौतिक सत्यापन सभी क्रिटिकल अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लिया। अतिरिक्त व्यवस्था एवं इलेक्शन कमीशन द्वारा जारी गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन कराने का निर्देश दिए। एसडीएम भरत लाल सरोज ने शांतिपूर्ण तरीके से उप चुनाव संपन्न कराने की आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर सीओ दीक्षांत राज, कोतवाल ज्ञानुप्रिया, क्राइम इंस्पेक्टर अखिलेश पांडेय, एसआई सदानंद सिंह, धर्मनाथ भार्गव आदि रहे।

### हर घर जल, नल योजना की चोरी हुई पाइप बरामद

**अहरौरा।** थाना क्षेत्र के घाटमपुर एसार पेट्रोल पंप के समीप मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डीसीएम ट्रक में नमामि गंगे के तहत हर घर नल योजना अंतर्गत निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे पाइप को चुराकर दो चोर सोनभद्र की तरफ ले जाकर कहीं बेचने की फिराक में थे। मुखबिर की सूचना पर बताए हुए स्थान पर पुलिस ने पहुंचकर पता किया मुखबिर ने इशारे से ट्रक व चोरों की शिनाख्त कराई जिस पर पुलिस ने दो लोगों को पकड़कर एक डीसीएम ट्रक व उस पर लदे 14 पाइपों को बरामद कर स्थानीय थाने ले आए। पकड़े गए ड्राइवर/वाहन स्वामी अमित कुमार शर्मा निवास, थाना नवाब गंज जिला फरुर्खाबाद उसका साथी दीपू राठौर पुत्र राधे लाल थाना बिलग्राम जिला हरदोई को संबंधित धाराओं में मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया।

### गांव में खड़ी बाइक उठा ले गये चोर

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में बाइक खड़ी कर गये मजदूर का बाइक चोरी हो गई। मजदूर ने पुलिस चौकी चेतगंज में बाइक चोरी होने की तहरीर दिया है। जानकारी के अनुसार चील्ह थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव निवासी प्रदीप मजदूरी तथा मजदूरों से काम कराने का ठेका भी लेता है जिसको लेकर वह शनिवार को गांव के एक व्यक्ति के यहां बाइक खड़ा कर मजदूरों को गांव में खोजने के लिए गया था, कि लौट कर आया तो बाइक चोरी हो गई थी। काफी खोजबीन करने के बाद प्रदीप ने बाइक चोरी की तहरीर पुलिस चौकी चेतगंज में देकर बाईक बरामद कराने की मांग की है। उक्त संबंध में पुलिस चौकी चेतगंज प्रभारी हरिकेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है बाईक की खोजबीन की जा रही है।

### अवैध शराब निर्माण के खिलाफ चलाया गया अभियान

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कंजड़ बस्ती में अवैध शराब को रोकने के लिए थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया की संयुक्त टीम लहंग पुर चौकी इंचार्ज व बरौधा चौकी इंचार्ज मय स्टाफ के साथ दबिश दिया गया। दबिश के दौरान 10/10 लीटर शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में लहन नष्ट करते हुए भट्ठियां तोड़ी गई। थाना प्रभारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध शराब बनाते पाया जाता है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आवश्यक छापेमारी के पहले ही अवैध शराब कारोबारियों ने घर छोड़कर भाग गए। औचक दबिश को लेकर हड़कंप मच गया।

### ट्रेन से गिरकर घायल हुए अधेड़ की उपचार को ले जाते समय मौत

**अदलहाट।** स्थानीय थाना अन्तर्गत ग्राम दर्रा के सामने ट्रेन से गिरकर घायल हुए अधेड़ का उपचार को ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। चौकी इंचार्ज नरायनपुर राकेश राय ने बताया कि शनिवार को दिन में लगभग 12 बजे रेलवे से मिली जानकारी पर मौके पर पहुँचनें पर घायल अधेड़ ने अपना नाम राजाराम बिंद 40 वर्ष पुत्र रामनरायन ग्राम रसूलपुर सरया थाना नोनहरा जनपद गाजीपुर बताया। जिसे उपचार के लिए एम्बुलेंस से चुनार भेज दिया। घायल अधेड़ का बीच रास्ते मे ही मौत हो गयी। शव को चुनार स्थित मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। घटना की जानकारी परिजनो को देकर बुला लिया गया है। चौकी इंचार्ज के अनुसार मृतक की माता सरिता देवी ने बताया कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी। पत्नी मायके में ही रहती है। वे कोई काम नही करते थे।

### परिणाम के साथ पुरस्कार व प्रमाण पत्र पाकर चहके विद्यार्थी

**हलिया।** परीक्षा फल वितरण सम्मान समारोह का आयोजन यूओ कान्वेंट स्कूल कोटा शिव प्रताप सिंह में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष लालगंज ज्ञानुप्रिया मां सरस्वती का पूजन किया। बच्चों को पुरस्कृत किया। समाजसेवी नवीन तिवारी अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित होकर मेधावियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित। इस दौरान प्रधानाचार्य गुलाबचंद भी मौजूद रहे।

### बीएसएनएल में बनेगा आधार कार्ड

**लालगंज।** भारत संचार निगम लिमिटेड के तहसील के पास स्थित कार्यालय में आधार कार्ड बनाए जाएंगे। जिसमें नए आधार कार्ड बनाना, एवं संशोधन का कार्य होगा। अभी तक बैंक, डाकघर में आधार कार्ड बनाने की सुविधा है लेकिन अव्यवस्था के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब बीएसएनएल की सीएससी आधार सुविधा चालू होने से लोग आसानी से अपना आधार पंजीकरण, संशोधन आदि करा सकते हैं। आधार सेवा केंद्र पर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा सुबह दस से शाम चार बजे तक मिलेगी। यह जानकारी बीएसएनएल जेटीओ संजय कुमार ने दिया। इस अवसर पर बीएसएनएल के नेब्बूलाल आदि मौजूद रहे।

## सिक्सरवीर रूतुराज गायकवाड़ के मुरीद हुए अनिल कुंबले

### छक्के जड़ने में उनकी टाइमिंग जबरदस्त

अहमदाबाद। भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रूतुराज गायकवाड़ के छक्के जड़ने की क्षमता से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि यह इस बल्लेबाज की जबर्दस्त टाइमिंग की देन है। गायकवाड़ ने 50 गेंद में 4 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 92 रन बनाए, हालांकि शुभमन गिल के 36 गेंद में 63 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने मैच जीता। कुंबले ने आईपीएल के आधिकारिक प्रसारकों द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, ह्यएक पारी में 9 छक्के लगाना अद्भुत है। उसके छक्के भी बेदाग थे। ऐसा नहीं है कि उसने बहुत जोर लगाने की कोशिश की। उसके छक्के जबर्दस्त टाइमिंग का नतीजा थे। भारत के पूर्व विकेटकीपर पार्थिव पटेल ने भी गायकवाड़ की तारीफ करते हुए कहा, ह्यऐसा लग रहा था कि रूतुराज किसी और ही विकेट पर खेल रहे थे। उसकी तकनीक काबिले तारीफ है।

## क्या हो सकता हैं कि धोनी कप्तान और विकेटकीपिंग करे, लेकिन बल्लेबाजी नहीं

### इसका जबाव 2023 आईपीएल में मिलेगा आपकों

नई दिल्ली। 15 साल के बाद आईपीएल ने एक नई करवट ली है। सिर्फ एक बड़ी समानता 2008 और 2023 के टूर्नामेंट में है, तब वहां शायद महेंद्र सिंह धोनी का सभी कप्तानों के ग्रुप फोटो में शामिल होना। धोनी के लिए मानो वक्त ठहर सा गया है। जब आईपीएल की बात आती है, तब चेन्नई सुपर किंग्स इस बात को मानने के लिए तैयार ही नहीं दिखता है कि धोनी के परे भी कोई आईपीएल हो सकता है। इसकारण 41 साल के धोनी जो अपने बाएं घुटने में तकलीफ की वजह से परेशान हैं, फिर भी उन्हें कप्तानी और बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी से मुक्त नहीं किया गया है।

मुमकिन है कि आईपीएल 2023 इसके संकेत दे कि ना सिर्फ धोनी बल्कि कई दिग्गज खिलाड़ी जो अपने आईपीएल करियर को कुछ और सालों तक खींचना चाहतें हैं, तब अतिरिक्त खिलाड़ी वाले क्रांतिकारी बदलाव का कितने बेतर तरीके से इस्तेमाल करते हैं। ये पहले से ही क्यास हैं कि अमित मिश्रा, पीयूष चावला और यहां तक मोहम्मद शमी और दीपक चाहर जैसे गेंदबाजी का इस्तेमाल सिर्फ गेंदबाज के तौर पर करने के बाद उन्हें 12वें खिलाड़ी के साथ बदला जा सकता है।

क्या धोनी भी खुद के साथ कुछ ऐसा कर सकते हैं? वहां कप्तान और विकेटकीपर की भूमिका तब निभाएं जब फील्डिंग हो रही हो, लेकिन बल्लेबाज के तौर पर ना उतरें ? ये सारे सवाल इस आईपीएल के गर्भ में छिपे हुए हैं। धोनी से ज्यादा मैच किसी भी खिलाड़ी ने आईपीएल के इतिहास में नहीं खेलें हैं और मुमकिन है कि दिनेश कार्तिक जो सूची में दूसरे नंबर पर हैं, शायद इस साल उनका भी ये आखिरी सीजन हो। एक तरह से देखा जाए तब धोनी की ही तरह कार्तिक ने भी एक अलग तरीके से और अनूठे अंदाज में अपने करियर को एक नई दिशा दी है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली सीरीज में वहां शानदार कॉमेंटेटर की भूमिका में नजर आ रहे तब अगले दो महीने वो खिलाड़ी की भूमिका में नजर आएंगे। दरअसल, धोनी की ही तरह कार्तिक की भी कामयाबी आने वाली पीढ़ी को इस फॉमूर्ले पर सोचने को मजबूर करे। आईपीएल एक ऐसा टूर्नामेंट हैं जहां पर आप फुल टाइम क्रिकेटर ना होकर पार्ट-टाइम भूमिका में भी अहम साबित हो सकते हैं। लेकिन, ऐसा करना भी हर किसी के बस में नहीं है वरना आपको इस साल क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स और सुरेश रैना भी खेलते ही नजर आते और कायरन पोलार्ड और ड्वेन ब्रावो आपको मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी कोच की भूमिका में नजर नहीं आते!

## ऋतुराज की तूफानी पारी ने जीता सभी का दिल, धोनी ने भी खुलकर की तारीफ

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 के ओपनिंग मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस से हार का सामना करना पड़ा। लेकिन, ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी तूफानी पारी से सबका दिल जीत लिया। ऋतुराज शतक से तो चूक गए. लेकिन, 50 गेंद में 92 रन की ऐसी तूफानी पारी खेली, हर कोई उनका मुरीद हो गया। खुद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने भी खुलकर अपने ओपनर की तारीफ की। उनके अलावा वीरेंद्र सहवाग भी ऋतुराज गायकवाड़ के फैन हो गए। ऋतुराज गायकवाड़ ने अपनी 92 रन की पारी में कुल 9 छक्के उड़ाए। वो ब्रेंडन मैकुलम के कारनामे को दोहराने से 8 रन से चूक गए। मैकुलम किसी भी आईपीएल सीजन के पहले मैच में शतक ठोकने वाले पहले बैटर थे। वीरेंद्र सहवाग ने क्रिकबज पर ऋतुराज गायकवाड़ की पारी को लेकर कहा कि मैं इस तरह के शब्द विराट कोहली की तारीफ में इस्तेमाल करता हूं।



चीन की जियांग शुक्सुआन अंताल्या, तुर्की में दूसरी एफआईजी आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में महिलाओं के ऑल-अराउंड फाइनल के फ्लोर एक्सरसाइज प्रतियोगिता में भाग लेती हुई।

## मैंच को बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी चार करोड़ का जुर्माना

मुंबई। अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) की अनुशासनात्मक समिति ने तीन मार्च को बेंगलुरु एफसी के विरुद्ध इंडियन सुपर लीग का प्लेऑफ मुकाबला बीच में छोड़ने पर केरल ब्लास्टर्स एफसी पर चार करोड़ का जुमार्ना लगाया है। एआईएफएफ ने इसकी जानकारी दी। अनुशासनात्मक समिति ने मुकाबले में शामिल सभी पक्षों को सुनने और उनके विरोध एवं प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद केरल ब्लास्टर्स को ह्यमैच को छोड़ने के इस अनुचित आचरण के लिए सार्वजनिक माफी जारी करने का भी निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर ब्लास्टर्स का जुमार्ना बढ़ाकर 6 करोड़ रुपए कर दिया जाएगा।

गौरतलब है कि बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम पर आयोजित मुकाबले में सुनील छेत्री ने एक फ्रीकिक पर बीएफसी के लिए गोल किया था, जिसपर नाराजगी जताकर ब्लास्टर्स की टीम मैदान छोड़कर चली गई। ब्लास्टर्स का कहना था कि वे छेत्री की फ्रीकिक के लिए तैयार नहीं हो सके थे। इस संबंध में क्लब ने रेफरी क्रिस्टल जॉन्स के खिलाफ एआईएफएफ के समक्ष शिकायत भी दर्ज की थी।

ब्लास्टर्स के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक पर एआईएफएफ की प्रतियोगिताओं में 10 मैच का प्रतिबंध लगाया गया है। साथ ही एआईएफएफ अनुशासनात्मक कोड के अनुच्छेद 9.1.2 के तहत उन पर पांच लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। महासंघ ने ब्लास्टर्स और वुकोमानोविक को एक सप्ताह के भीतर इस आदेश का पालन करने का निर्देश दिया है। दोनों पक्षों को आदेश के खिलाफ अपील दायर करने का अधिकार है। अनुशासनात्मक समिति ने कहा कि मैच छोड़ना वैश्विक खेल इतिहास में, विशेष रूप से फुटबॉल में दुर्लभ घटनाओं में से एक है। भारत में पेशेवर फुटबॉल के इतिहास में यह केवल दूसरी बार है जब किसी टीम ने कोई मैच छोड़ दिया हो। इससे पहले ऐसा सिर्फ 2012 में ईस्ट बंगाल बनाम मोहन बागान के मैच में हुआ था।

## आईपीएल 2023 के आगाज में ही धोनी ने बनाए तीन बड़े रिकॉर्ड

स्पोर्ट्स। आईपीएल 2023 सीजन का आगाज गुजरात टाइट्ंस (जीटी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मैच से शुरू हो चुका है। इस सीजन में फैंस को एक बार फिर सीएसके के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग और उनकी महान कप्तानी का लुत्फ उठाने को मिलेगा। धोनी ने पहले ही मैच में अपने बल्ले से जलवा दिखा दिया है। उन्होंने अंत में आकर 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। उन्होंने 7 गेंदों में एक चौके और छक्के की मदद से 14 रन बनाए। इसी के साथ इस मैच में तीन बड़ी उपलब्धियां भी हासिल की। धोनी ने गुजरात टाइट्स के खिलाफ छक्का जड़ते ही एक खास उपलब्धि हासिल की है। धोनी मैच में छक्का जड़ते ही सीएसके की ओर से 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। किसी एक टीम की ओर से सबसे ज्यादा



छक्कों के मामले में क्रिस गेल टॉप पर आते हैं, जिन्होंने आरसीबी की ओर से खेलते हुए 239 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में दूसरा नाम एबी डिविलियर्स का आता है, उन्होंने आरसीबी के लिए 238 छक्के जड़े हैं। किरोन पोलार्ड मुंबई के लिए 223 छक्के जड़ कर इस लिस्ट में तीसरे नंबर पार आते हैं।

आईपीएल 2023 के पहले मैच में धोनी ने सीएसके की कप्तानी करने के साथ आईपीएल इतिहास के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। धोनी ने आईपीएल 2023 के पहले मैच में 41 साल और 267 दिन की उम्र में अपनी टीम की क?तानी की है। धोनी ने इसी के साथ राजस्?थान रॉयल?स के पूर्व क?तान शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शेन वॉर्न ने2011 में आखिरी बार आईपीएल में क?तान के रूप में खेले थे। उस समय वॉर्न की उम्र 41 साल और 249 दिन थी। अब धोनी ने सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

अब आईपीएल के इतिहास में दर्ज धोनी के सबसे उम्रदराज कप्तान का रिकॉर्ड टूटना लगभग नामुम?किन है। धोनी आईपीएल के 20वें में सबसे ज्याद रन जड़ने वाले बल्लेबाज भी बने हैं। उन्होंने पूरे आईपीएल में 20वें ओवर में खेलते हुए 667 रन जड़े हैं। इसके साथ धोनी 20वें ओवर में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में भी नंबर पर आते है।

## मुझे लगा आज हम रुतुराज को आउट नहीं कर सकते : पांड्या

### भारतीय टीम में आएगा तब चमत्कार कर देगा

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पहले मैच में अपनी टीम के खिलाफ शानदार पारी के लिए चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ की जमकर तारीफ की। शुभमन गिल की पारी और गुजरात टाइटंस के बल्लेबाजों के सामूहिक प्रदर्शन ने गायकवाड़ की वीरता पर पानी फेर दिया और गुजरात ने पहले मैच में सीएसके को हराकर विजयी आगाज किया।

कप्तान पांड्या ने कहा कि अगर सीएसके का यह सलामी बल्लेबाज 92 रन बनाकर आउट नहीं होता, तब चेन्नई का कुल स्कोर 220-230 होता। पांड्या ने कहा, एक समय ऐसा लग रहा था कि सीएसके 220-230 का स्कोर बना लेगी। हमें यह मुश्किल लग रहा था कि रुतुराज को किस क्षेत्र में गेंदबाजी करनी चाहिए। मुझे वास्तव में लगा कि आज हम रुतुराज बिल्कुल भी आउट नहीं कर सकते। कुछ शॉट जो रुतुराज खेले, खराब गेंदें नहीं थीं, वह अच्छी गेंदों को भी मार रहे थे। एक गेंदबाजी इकाई और एक कप्तान के रूप में इसने मेरा काम और कठिन बना दिया।

पांड्या के अनुसार अगर वह इस तरह का फॉर्म बनाए रखते हैं, तब सलामी बल्लेबाज भारतीय क्रिकेट के लिए चमत्कार करेगा। उन्होंने कहा, रुतु ने जो कुछ शॉट खेले, उनका गेंदबाजी से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने कुछ शानदार शॉट खेले। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की, उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है और अगर वह ऐसा करना जारी रखते हैं, तब वह भारतीय क्रिकेट के लिए चमत्कार करने जा रहे हैं। मुझे यकीन है कि जब समय आएगा, तब भारतीय क्रिकेट टीम उन्हें पर्याप्त समर्थन देगी।

## गुजरात टाइटंस को बड़ा झटका, केन विलियमसन पूरे सीजन के लिए बाहर

मुंबई। आईपीएल 2023 के शुरू होने से पहले तमाम खिलाड़ी चोटिल होकर पूरे सीजन के लिए बाहर हो चुके हैं। आईपीएल का पहला मैंच होने के बाद शनिवार को गुजरात टाइटंस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है।
दरअसल, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन चोटिल होने की वजह से पूरे सीजन के लिए बाहर हो गए हैं।
रिपोर्ट्स के अनुसार, गुजरात टाइटंस और न्यूजीलैंड के अनुभवी और स्टार बल्लेबाज विलियमसन चोटिल होने से आईपीएल 2023 से बाहर हो गए हैं। बता दें कि शुक्रवार को विलियमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ फील्डिंग करते हुए घुटने में तेज चोट आई थी। इसकारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने भी नहीं उतरे और उनकी जगह अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में साई सुदर्शन को टीम में लाना पड़ा। विलियमसन का टूनार्मेंट से बाहर होना गुजरात के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। क्योंकि विलियमसन एक मैच विनर खिलाड़ी हैं।



दक्षिण चीन के हांगकांग में वर्ल्ड रग्बी सेवेंस सीरीज 2023 में महिला पूल सी मैच के दौरान फ्रांस की 7 क्लो जैक्वेट (आर) जापान की काजिकी मारिन के साथ मुकाबला करती हुई।

## पायल चौहान की फ्री किक गोल से मध्यप्रदेश 2-0 से जीता

### राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को हराया

धार धार। हीरो कप सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ने मेजबान छत्तीसगढ़ टीम को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-0 गोल से पराजित किया। सरदारपुर (डीएफए धार) की पायल चौहान ने फ्री किक से चैंपियनशिप का सबसे आकर्षक गोल दागा।

डीएफए सचिव सुभाष डेविड ने बताया कि रोमांच से भरे मैच में मध्य प्रदेश टीम ने अपने दूसरे लिग मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मेजबान छत्तीसगढ़ के विरुद्ध खेले गए इस मैच में मध्यप्रदेश की स्ट्राइकर नेहा मुकाती ने मैच के 37 वें मिनट में मधु राघव के सटीक पास पर गेंद को लॉब करते हुए मध्य प्रदेश के लिए पहला गोल दागा और टीम को 1-0 गोल से बढ़त दिलाई। इस गोल के बाद दोनों ही टीमों ने एक दूसरे के गोलपोस्ट पर लगातार आक्रमण किए, परंतु गोल करने में सफल नहीं हुई।

मध्यांतर के पश्चात मैच में तेजी आई और छत्तीसगढ़ ने ताबड़तोड़ कई हमले मध्यप्रदेश के गोलपोस्ट पर किए, मध्य प्रदेश की गोलकीपर ने सभी हमलों को नाकाम किया। मैच के 74वें मिनट पर छत्तीसगढ़ के मिडफीडर द्वारा नेहा मुकाती को गलत तरीके से रोकने पर मध्यप्रदेश को फ्री किक प्रदान की गई। इस फ्री किक से आउट ऑफ डी से पायल चौहान(सरदारपुर- डीएफए धार) के द्वारा चैंपियनशिप का सबसे आकर्षक गोल दागा और मध्य प्रदेश टीम को 2-0 गोल से विजय दिलाई। मध्य प्रदेश का अगला लिग मुकाबला 2 अप्रैल को लद्दाख से खेला जाएगा।

मध्य प्रदेश की इस शानदार जीत और सरदारपुर ( डीएफए धार) की पायल, टीना, सुनीता, चंचल और दीपिका के शानदार प्रदर्शन पर श्रीमान कलेक्टर, श्रीमान पुलिस अधीक्षक पदेन अध्यक्ष डीएफए, कार्यकारी अध्यक्ष शमशेर सिंह यादव, डीएफए सचिव सुभाष डेविड, डीएसओ राजेश शाक्य, डीएसओ ओमप्रकाश हरोड़, डॉ. मधुकमल हिवाले, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्योति चौहान, डीएफए एनआईएस कोच उत्कर्ष डेविड, एडवोकेट खालिद निसार फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड और शैलेंद्र पाल डॉ.नरेंद्र (राकेश) वाला, ब्यूरो चीफ विजय शिंदे,भादर सिंह पंवार, नजमुल हसन कुरेशी, संतोष पुरोहित, सुंदर रायकवार , मनोज चौहान, निर्मल वाल्टर ,विनोद यादव, मुकेश राठौड़, लेखराज मकवाना, मोहित यादव, लखन भाटिया, दुर्गेश वर्मा ,कृष्णा सुजान, शैलेंद्र डेविड, सुनील डेविड ,राजेश सक्सेना, जयानंद तिमोथी, रामचंद्र वर्मा ,पंकज वर्मा राजेंद्र सिंह होरा, आशीष अमलियार,संजय हटीला, हिमांशु पंवार, धीरेंद्र भूरिया, ज्योति परमार, स्नेहा खराड़ी, चेतना मारू, नेहा मकवाना, राधिका नरेंद्र, जिया राणा तथा अनेक खेल प्रेमियों और खेल संगठनों ने हर्ष जताते हुए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पंत चोट से उबरने में अपना पूरा समय लें, कोई जल्दबाजी ना करे : वार्नर

लखनऊ। दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सत्र के कप्तान डेविड वार्नर ने कहा कि टीम चाहती है कि नियमित कप्तान ऋषभ पंत ह्यचोट से उबरने में अपना पूरा समय लेंह्ण और किसी तरह की जल्दबाजी ना करें। वार्नर ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले टीम के शुरुआती मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, वह यथासंभव हमारा समर्थन करने के लिए उत्सुक है। मुझे यकीन है कि वह स्टेडियम में आकर हमारे मैचों को देखना चाहते हैं। वार्नर ने कहा, लेकिन हम चाहते है कि वह चोट से उबरे और पूरा आराम कर जल्दी से स्वस्थ होने पर ध्यान दें। वार्नर ने टीम में उप-कप्तान के रूप में अक्षर पटेल की भूमिका के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, अक्षर को टीम के सभी खिलाड़ियों के बारे में काफी जानकारी है। वह गेंदबाजों को जानकारी देने और भाषा की बाधा से निपटने में भी मेरी मदद करेगा।ह्णह्ण इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि 2019 के बाद पहली बार घर और बाहर के प्रारूप में टूनार्मेंट की वापसी से टीमों को घरेलू मैदान का फायदा होगा।

## फेयरमोंट जयपुर बना एशिया कप पोलो 2023 के लिए ऑफिशियल पार्टनर

जयपुर। फेयरमोंट जयपुर ने ए?शिया कप पोलो के ऑफिशियल पार्टनर के रुप में अपनी उप?स्थिति दर्ज करा दी है। भारत में ग्लोबल होटल चेन के इस पहले लक्जरी होटल ने एशिया कप पोलो 2023 का ऑफिशियल हॉस्पिटैलिटी पार्टनर बनने की घोषणा की है। यह मैच 1 अप्रैल को होगा। इसमें रॉयल जयपुर टीम और विंडसर टीम की भागीदारी दिखेगी। फेयरमोंट जयपुर को विंडसर टीम और वहां मौजूद संबंधित लोगों का ऑफिशियल होस्ट होने का गौरव मिला है। आगामी मैच खेलने और फेरयमोंट होटल में ठहरने को लेकर विंडसर टीम के प्रतिनिधियों जोश क्लोवर और जेम्स कैर ने अपना उत्साह व्यक्त किया है। उनके साथ इस अवसर पर पत्रकार सम्मेलन में राजस्थान पोलो क्लब के दिग्विजय सिंह, जीएपी के स्टीव राइट, रेने एंटरप्राइजेज होल्डिंग्स के इलियट रेने, इनक्यूपेज के संजय चौधरी और डॉटस्क्वेयर के बहुल चंद्र सहित कई खास लोग और प्रायोजक भी शामिल हुए।

फेयरमोंट जयपुर के जेनरल मैनेजर, राजीव कपूर ने पत्रकारों से कहा ?कि एशिया कप पोलो 2023 का बेसब्री से इंतजार था। इसका हॉस्पिटैलिटी पार्टनर बन कर हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं और आने वाले वर्षों में भी रॉयल फैमिली और एशिया कप पोलो के साथ यह संबंध मजबूत करने के इच्छुक हैं। आगामी मैच में आप खेल का उत्साह और कौशल दोनों का बेजोड़ प्रदर्शन देखेंगे।

इधर एशिया कप पोलो की ओर से नील सेन ने कहा ?कि जयपुर के शाही परिवार के साथ एक बार फिर एशिया कप पोलो की मेजबानी करना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। यह हमारा 22वां आयोजन है और हम हर साल पोलो के गढ़ में इस आयोजन को लेकर उत्साहित रहते हैं। इसमें फेयरमोंट जयपुर सहित हमारे अन्य पार्टनरों का बड़ा सहयोग है। वहीं जोश क्लोवर ने कहा ?कि लंदन से हवाई यात्रा कर यहां पहुंचना और यह प्रतिष्ठित मैच खेलना बहुत खुशी की बात है हम इस भागीदारी को लेकर बहुत उत्साहित हैं। कल स्थानीय लोगों के साथ हमारा कांटे का टक्कर होने वाला है लेकिन उम्मीद है कि नतीजे हमारे पक्ष में होंगे। यह होटल और मेजबानी अविश्वसनीय है।

मैच की चुनौतियों पर बात करते हुए जोश ने कहा, हर जगह चुनौतियां हैं। घोड़े, गेंदों का उड़ कर हर जगह पहुंचना चुनौती है और सभी जीतने की जबरदस्त कोशिश करेंगे। कोई दो टीमें एक जैसी नहीं होती हैं इसलिए कल का दिन काफी रोमांचक होने वाला है।

एशिया कप पोलो के ग्लोबल एम्बेसेडर, जॉनी लिन ने खेल जीतने के लिए टीमवर्क को अहमियत देते हुए इस खेल के संभावित खतरों और इसके इतिहास के बारे में जानकारी दी। यह हमारी जानकारी में सबसे पुराने खेलों में से एक है। शुरूआती दिनों में घुड़सवार सेना के प्रशिक्षण के तहत इसमें सैकड़ों लोग खेलते थे। हालांकि पोलो का आधुनिक दौर भारत में शुरू हुआ।

## आईपीएल के पहले ही मैंच में दो खिलाड़ी दिखे चोट से परेशान

नई दिल्ली। आईपीएल 2023 का आगाज गुजरात टाइटंस की जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की हार के साथ हुआ। ओपनिंग मैच में हार्दिक पांड्या की गुजरात ने धोनी की चेन्नई को 5 विकेट से हरा दिया। इस मैच में दोनों टीम खिलाड़ियों की चोट से परेशान दिखी। गुजरात टाइटंस के केन विलियमसन फील्डिंग के दौरान बुरी तरह चोटिल होकर मैच से ही बाहर हो गए, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने घुटने की चोट से परेशान दिखाई दिए। हालांकि अंत तक धोनी के चहरे पर मुस्कान बनी रही और उन्होंने दर्द के बावजूद मैदान नहीं छोड़ा।

विलियमसन सीएसके की पारी के 13वें ओवर के दौरान चोटिल हुए। ऋतुराज गायकवाड़ ने जोशुआ लिटिल की तीसरी गेंद पर मिड विकेट पर बड़ा शॉट खेला। छक्का बचाने के प्रयास में विलियमसन ने हवा में छलांग लगाई और गेंद को पकड़कर बाउंड्री के अंदर फेका। जैसे ही विलियमसन जमीन पर लैंड हुए, तब वह चोटिल हो गए, यह चोट इतनी गंभीर थी कि वह अपनी जगह से नहीं हिल पाए। बाद में उन्हें गुजरात टाइटंस के फीजियो लेकर गए।

वहीं धोनी की बात करें, तब वह इस मैच से पहले ही अपने बाएं घुटने की चोट से परेशान थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर के दौरान लेग साइड में डाइव लगाते हुए धोनी के पैर में फिर से खिंचाव हुआ और वह दर्द से कहराते दिखे। हालांकि उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। धोनी की यह चोट कितनी गंभीर है अभी तक इस पर कोई अपडेट नहीं आया है।



मियामी, फ्लोरिडा, यूएस, हार्ड रॉक स्टेडियम में मियामी ओपन के बारहवें दिन पुरुषों के एकल सेमीफाइनल के बाद डेनियल मेदवेदेव (दाएं) करेन खाचानोव (बाएं) से हाथ मिलाते हुए।

# कंगाल पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़े, हिंदू और सिखों को बनाया जा रहा निशाना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आर्थिक और खाद्य संकट के बीच अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। कभी हिंदू को गोली मारी जा रही है, तब कभी सिख को मार जा रहा हैं। हिंदू लड़कियों के जबरन धर्मांतरण और जबरन निकाह के मामले भी तेजी से बढ़े हैं लेकिन पाकिस्तान सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने जिहादियों की भर्ती का काम भी शुरू कर दिया है।

वहीं पाकिस्तान में हिंदुओं की सरेआम हत्या की घटनाएं होती ही रहती हैं, अब पेशावर शहर में अज्ञात हमलावरों ने एक सिख कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने कहा कि मोटरसाइकिल पर सवार कुछ लोगों ने पेशावर के दीर कॉलोनी इलाके में एक व्यापारी दयाल सिंह पर गोलियां चला दीं। उन्होंने कहा कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल से 30 बोर के कारतूस बरामद किए हैं। यह वारदात कराची में अज्ञात हमलावरों

**हिंदू लड़कियों के जबरन धर्मांतरण की कई घटनाएं सामने आई**

द्वारा एक हिंदू डॉक्टर की गोली मारकर हत्या किए जाने के एक दिन बाद हुई है। पिछले हफ्ते सिंध प्रांत में रमजान अध्यादेश का कथित रूप से उल्लंघन करने के लिए अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के दुकानदारों पर हमला किया गया था।

बता दें कि पेशावर में लगभग 15,000 सिख रहते हैं। इनमें से ज्यादातर प्रांतीय राजधानी पेशावर के जोगन शाह में रहते हैं। पेशावर में सिख समुदाय के अधिकांश सदस्य व्यवसाय करते हैं, जबकि कुछ दवा की दुकान चलाते हैं। पिछले साल सितंबर में पेशावर में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक प्रसिद्ध सिख हकीम (यूनानी चिकित्सक) की उनके क्लिनिक के अंदर गोली मारकर हत्या कर दी थी।

दूसरी ओर, हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों का मुद्दा भी गमार्ता जा रहा है। कराची में अल्पसंख्यक हिंदुओं के जबरन धर्म परिवर्तन और देश में हिंदू लड़कियों तथा महिलाओं के जबरन विवाह की समस्या पर ध्यान आकर्षित करने के लिए समुदाय के कई सदस्यों ने मार्च निकाला। हिंदू संगठन ह्यपाकिस्तान दारावर इत्तेहादह्न (पीडीआई) ने कराची प्रेस क्लब के बाहर और सिंध विधानसभा भवन के प्रवेश द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। पीडीआई के एक सदस्य ने कहा, हम खासकर ग्रामीण इलाकों में सिंधी हिंदुओं की इस समस्या पर ध्यान आकर्षित करना चाहते थे, जहां 12-13 साल की लड़कियों का दिन-दिहाड़े अपहरण कर लिया जाता है, उन्हें इस्लाम धर्म स्वीकार करने पर मजबूर किया जाता है और फिर किसी अधिक उम्र के मुस्लिम से उनका विवाह करा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन का कुछ प्रभाव देखने को मिला, क्योंकि बहुत से लोगों को इस अपराध के बारे में जानकारी भी नहीं थी। बहरहाल, उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें इस प्रदर्शन में और अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद थी।

प्रदर्शनकारी तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिनमें सरकार से हिंदू लड़कियों और महिलाओं के जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ रुके हुए विधेयक को पारित करने का आग्रह किया गया था। हम आपको यह भी बता दें कि सिंध प्रांत के विभिन्न जिलों में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन का मामला 2019 में सिंध विधानसभा में उठाया गया था। इससे संबंधित एक प्रस्ताव पर बहस हुई थी और कुछ विधानसभा सदस्यों ने कहा था कि इस केवल हिंदू लड़कियों तक ही सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, जिसके बाद संशोधन करके इस सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया था, लेकिन जबरन धर्मांतरण को अपराध ठहराने वाले विधेयक को बाद में विधानसभा में खारिज कर दिया गया था। इसी तरह का विधेयक फिर से पेश किया गया था, लेकिन 2021 में इस खारिज कर दिया गया।



उत्तरी स्पेन में ऑस्टुरियस के 90 %से अधिक जंगल को आग से तबाह कर दिया गया था, उनमें से ज्यादातर दंगे आगजनी करने वालों द्वारा शुरू किए गए थे, जिन्हें क्षेत्र के नेता ने आग आतंकवादी कहा था।

## श्रीलंका की मुद्रास्फीति हुई 50.3 प्रतिशत

कोलंबो। आर्थिक संकट के बीच श्रीलंका की मुद्रास्फीति मार्च में पिछले महीने के 50.6 प्रतिशत से घटकर 50.3 प्रतिशत पर आ गई। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य समूह की साल-दर-साल मुद्रास्फीति फरवरी में 54.4 प्रतिशत से गिरकर मार्च में 47.6 प्रतिशत हो गई और गैर-खाद्य समूह में मुद्रास्फीति फरवरी के 48.8 प्रतिशत से बढ़कर 51.7 प्रतिशत हो गई। पिछले कुछ महीनों में देश में महंगाई दर में कमी आई है।

दिसंबर 2022 में मुद्रास्फीति 57.2 प्रतिशत से गिरकर जनवरी में 54.2 प्रतिशत हो गई। देश के केंद्रीय बैंक ने कहा कि साल के अंत तक महंगाई दर घटकर सिंगल डिजिट में आ जाएगी।जैसा कि श्रीलंका अभी भी 1948 में स्वतंत्रता के बाद से अपने सबसे खराब आर्थिक संकट से गुजर रहा है, द्वीप राष्ट्र ने पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 बिलियन डॉलर का बेलआउट प्राप्त किया था, जो अरबों डॉलर के ऋण वाले द्वीप राष्ट्र के लिए एक जीवन रेखा के रूप में आया।

कोरोना, ऊर्जा की बढ़ती कीमतों, लोकलुभावन करों में कटौती और 50 प्रतिशत से अधिक की मुद्रास्फीति ने श्रीलंका को पस्त कर दिया है। दवाओं, ईंधन और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कमी ने भी जीवन यापन की लागत को उच्च रिकॉर्ड करने के लिए प्रेरित किया, हिंसक राष्ट्रव्यापी विरोधों को ट्रिगर किया जिसने 2022 में गोटबाया राजपक्षे सरकार को उखाड़ फेंका। जिसके चलते देश अपने इतिहास में पहली बार पिछले मई में अंतरराष्ट्रीय उधारदाताओं के साथ अपने ऋणों पर चूक गया।

## पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने लगाया आरोप, न्यूयॉर्क में निष्पक्ष सुनवाई नहीं कर सकते

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुपके से पैसे देने के मामले में आपराधिक आरोपों का सामना करने के लिए मंगलवार दोपहर न्यूयॉर्क की अदालत में पेश होने वाले हैं। शुक्रवार की सुबह पूर्व राष्ट्रपति के वकील जो टैकोपिना ने एक नया मीडिया अभियान शुरू किया, जिसमें इसपर जोर दिया गया कि उनके मुवक्किल आपराधिक मामले में किसी भी दलील के लिए सहमत नहीं होने वाले हैं, क्योंकि उनका मानना ??है कि ऐसा होने की कोई संभावना नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गुरुवार रात अभियोग के बारे में अपना गुस्सा व्यक्त किया। ट्रंप ने आरोपों को भ्रष्ट बताते हुए आरोप लगाया कि वह न्यूयॉर्क में निष्पक्ष सुनवाई नहीं कर सकते हैं और मामले की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश जुआन मर्चेन की आलोचना भी की।

ट्रंप ने कहा कि न्यायाधीश ने मेरे विच हंट केस को असाइन किया, एक ऐसा केस जिसे पहले कभी चार्ज नहीं किया गया। कोर्ट में अपनी पेशी के सवाल पर ट्रंप ने कहा कि अदालत के न्यायाधीश उनसे नफरत करते हैं। ट्रंप ने जज के बारे में बात करते हुए कहा कि उनका नाम जुआन मैनुअल मार्चन है, जिसे ब्रैग और अभियोजकों द्वारा हाथ से चुना गया।

# पहली बार जब मैं सीएम बना तो 156 सीट जीते थे, इस बार भी मेरा मिशन-156: सीएम अशोक गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में एक बार फिर कांग्रेस सरकार बनने का भरोसा जताते हुए शुक्रवार को कहा कि इस बार वह ह्यमिशन-156 लेकर चल रहे हैं। इसके साथ ही गहलोत ने पंजाब में अलगाववादी अमृतपाल से जुड़े घटनाक्रम के लिए भाजपा व आरएसएस की हिंदू राष्ट्र की सोच पर निशाना साधा। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं, लेकिन क्या कांग्रेस यहां लगातार दोबारा सरकार बना पाएगी? यह पूछे जाने पर गहलोत ने भरतपुर में संवाददाताओं से कहा कि पहली बार जब मैं मुख?यमंत्री बना तो हम 156 सीट जीतकर आए थे, इस बार भी मैं मिशन-156 की बात कर रहा हूं। अपनी सरकार की लोककल?याणकारी योजनाओं व बजट की ओर इशारा करते हुए गहलोत ने विश?वास जताया कि मतदाता एक बार फिर कांग्रेस को मौका देंगे। उन?होंने कहा कि हमने अपने अब तक के कार्यकाल में कोई कर नहीं लगाया और महंगाई के जमाने में लोगों को राहत दे रहे हैं।

सीएम गहलोत ने कार्यकर्ता सम्?मेलन को संबोधित करते हुए पंजाब में खाला?स?तान समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह को लेकर भारतीय जनता पार्टी व राष्?ट्रीय स?वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सोच पर निशाना साधा और कहा कि हमें देश की चिंता करनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि देशहित में यही है कि अगर आप सब धर्म व जाति के लोगों को साथ लेकर चलेंगे तो यह देश एकजुट और अखंड रहेगा। एक नया आदमी अमृतपाल सिंह आ गया है, जो कह रहा है कि अगर मोहन भागवत व नरेंद्र मोदी हिंदू राष्?ट्र की बात करते हैं तो मैं खालिस?तान की बात क?यों नहीं करूं। उसकी ऐसी हिम्?मत क?यों हुई है, आप हिंदू राष्?ट्र की बात कैसे कर सकते हैं। गहलोत ने कहा कि धर्म के नाम पर लोगों को खुश करना आसान काम होता है। इसी तरह आग लगाना बड़ा आसान काम होता है, आग को बुझाने में वक्त लगता है। संवाददाताओं से बातचीत में गहलोत ने कहा यह देश के लिए बहुत खतरनाक बात है। ऐसी बात पहली बार कोई बोला है। हमें मुल?क के भविष?य की चिंता करनी चाहिए। पार्टी कार्यकताओं से धैर्य रखने व मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए गहलोत ने कहा कि आपको लगातार पार्टी का सहयोग मजबूती से करना है।

गहलोत ने कहा कि मैं फिर कहना चाहूंगा कि हर पार्टी में छोटे-मोटे मतभेद होते हैं, हर पार्टी की कुछ शिकायतें भी होती हैं। हमें सब मालूम है। गहलोत ने कहा कि वह जिंदगी भर कांग्रेस संगठन में रहे हैं और उनसे ज?यादा संगठन के मर्म को कोई नहीं समझ सकता। स्वास्थ्य का अधिकार (आरटीएच) विधेयक के खिलाफ निजी अस्पतालों व चिकित्सकों की हड़ताल पर गहलोत ने कहा कि चिकित्सकों को अपनी हड़ताल समाप्त करनी चाहिए और उनकी सोच सही नहीं है। गहलोत ने कहा कि मैं उनसे आग्रह करूंगा कि आपका यह तरीका गलत है। लोगों में आक्रोश है, हम निजी अस्पतालों को सब तरह से समर्थन करना चाह रहे हैं। अगर प्रक्रिया में उनको कोई तकलीफ हो रही है तो उसे हम ठीक कर देंगे।

**आरएसएस की लॉबी डॉक्टरों को बर्बाद, गुमराह कर रही : गहलोत**

जयपुर। राजस्थान में इनदिनों जारी निजी अस्पतालों के डॉक्टरों की हड़ताल पर सीएम अशोक गहलोत ने कहा है कि 4-5 डॉक्टर आरएसएस से संबंधित हैं, यहीं आरएसएस की लॉबी डॉक्टरों को बर्बाद, गुमराह कर रही है। डॉक्टरों को हड़ताल खत्म करनी चाहिए और अगर उनकी कोई गलतफहमी है वह भी दूर की जाएगी। गहलोत ने कहा कि अमेरिका में ओबामाकेयर शुरू हुआ था वह भी कामयाब नहीं हो पाया। हमें गर्व है कि राजस्थान बहुत आगे बढ़ रहा है। बतादें कि राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ डॉक्टरों और राजस्थान सरकार के बीच गतिरोध जारी है। इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए डॉक्टरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। लेकिन बैठक बेनतीजा रही। डॉक्टरों को वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने की सलाह दी गई। बिल को वापस लेने की मांग को लेकर डॉक्टरों ने हड़ताल का आह्वान किया है। बिल के खिलाफ आंदोलन दिन पर दिन जोर पकड़ता जा रहा है। निजी अस्पताल एवं नर्सिंग होम सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कपूर ने कहा कि प्रदेश भर के निजी अस्पतालों ने सरकारी योजनाओं को बंद करने की लिखित सहमति दे दी है। 1 अप्रैल से राजस्थान के सभी निजी अस्पतालों में सरकारी योजनाओं के सामूहिक डी-एमपैनलमेंट की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।



थाईलैंड के पटाया में नोंग नूच ट्रॉपिकल गार्डन पार्क में एक हाथी ने एक पर्यटक पर पानी फेंका

## कोलंबिया से 60 दरियाई घोड़े भारत आएंगे, 35 लाख डॉलर होंगे खर्च

बोगोटा। कोलं?बिया से 60 द?रियाई घोड़े भारत लाने की तैयार हो रही है। उधर कोलंबिया का प्लान है कि 70 कोकीन हिप्पो को स्थानांतरित किया जाएगा। ये हिप्पो ड्रग स्मगलर पाब्लो एस्कोबार के प्राइवेट चिड़ियाघर में रहे जानवरों के वंशज हैं। इसी कारण से इन्हें कोकीन हिप्पो कहा जाता है। इन्हें स्थानांतरित करने में 35 लाख डॉलर का खर्च आएगा। इस डील के इतना खचीर्ला होने की बात कहें तो हिप्पो को ट्रांसपोर्ट करने के लिए बक्से बनाने और हवाई परिवहन की लागत को कवर करने के लिए संसाधन आवंटित किया जाएगा। कोलंबिया के हिप्पो स्थानीय कृषि के लिए नुकसानदेह हैं। इसके अलावा हिप्पो का मल पानी के ऑक्सीजन लेवल को नुकसान पहुंचाता है। इसके कारण बड़ी संख्या में मछली भी मर सकती हैं। एंटिओक्विया विभाग के गवर्नर एनीबल गाविरिया का कहना है कि हम हिप्पो के जीवन को बचाने के साथ-साथ पर्यावरण भी बचाना चाहते हैं। यह योजना कोलंबियाई कृषि संस्थान, कोलंबिया वायु सेना और मैक्सिको में ओस्टोक अभ्यारण्य समेत विभिन्न संस्थान के साथ स्थानीय एंटीऑक्विया सरकार की ओर से किए गए समझौते का हिस्सा है। अभ्यारण्य 10 दरियाई घोड़ों को ले जाएगा, जबकि शेष 60 को भारत के एक अभ्यारण्य में लाया जाएगा। पाब्लो एस्कोबार के इलाकों से होते हुए ये जानवर खेत में दूर तक फैल चुके हैं। अधिकारियों की ओर से इनकी आबादी कंट्रोल करने के लिए तरह-तरह के उपाय अपनाए गए, लेकिन इसके बावजूद भी इनकी संख्या 130-160 हो गई है। मूल हिप्पो विदेशी जानवरों के चिड़ियाघर का हिस्सा थे, जिसे पाब्लो एस्कोबार ने 1980 के दशक में बनाया था। 1993 में उसकी मौत के बाद ज्यादातर जानवरों को अधिकारियों ने स्थानांतरित कर दिया, लेकिन परिवहन की कठिनाई के कारण उन्होंने हिप्पो को नहीं हटाया। तभी से इन हिप्पो ने तेजी से प्रजनन किया।

स्थानीय मैग्डेलेना नदी के बेसिन के साथ उन्होंने अपना विस्तार किया। देखते ही देखते हिप्पो स्थानीय लोगों और अधिकारियों के लिए एक पर्यावरणीय चुनौती बन गए। 10 हिप्पो मैक्सिको में भेजे जाएंगे। भारत के एक अभ्यारण्य में 60 हिप्पो आएंगे। इन हिप्पो को उनके मूल स्थान अफ्रीका में वापस ले जाना संभव नहीं है। वहां का स्थानीय पारिस्थितिकि तंत्र इन्हें परेशान कर सकता है।

## चिप वाला ई पासपोर्ट की मई से शुरूआत

नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ई पासपोर्ट का पायलट प्रोजेक्ट मई से शुरू हो जाएगा।पहले चरण में 10लाख ई -पासपोर्ट जारी किए जाएंगे। इसके लिए ऐसे सेवा केंद्रों को चुना जा रहा है। जहां कम पासपोर्ट जारी होते हैं। आने वाले समय में केवल ई पासपोर्ट ही जारी होंगे। पुराने पासपोर्ट भी बदलने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

- ई पासपोर्ट की सुविधा शुरू हो जाने के बाद सिविल एवियशन ऑर्गेनाइजेशन के मानक अपनाने से 70 देशों में भारतीय नागरिकों को इमीग्रेशन में आसानी होगी। पासपोर्ट पूरी तरह से इलेक्ट्रॉनिक होगा।सारी जानकारी चिप में दर्ज होगी। कंप्यूटर सेंसर के पास लाने से सारा ब्यौरा कंप्यूटर पर उपलब्ध होगा।

- 10 करोड़ लोगों के पास पासपोर्ट

भारत में 10 करोड़ नागरिकों के पास अभी पासपोर्ट हैं। इन सभी पासपोर्ट को भी ई पासपोर्ट में बदला जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी शुरू हो गई है। चिप वाली बुकलेट की प्रिंटिंग भारतीय प्रतिभूति मुद्रणालय नासिक में की जा रही है। अगले 5 वर्षों में लगभग 5 करोड़ पासपोर्ट, ई पासपोर्ट के रूप में परिवर्तित होंगे। पासपोर्ट के लिए मैनेजमेंट सिस्टम, इंटर आपरेबिलिटी टेस्ट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट, ई पर्सनलाइजेशन,ई पासपोर्ट वेरीफिकेशन, इमीग्रेशन चेक पोस्ट का तकनीकी ढांचा तैयार करने का काम बड़ी तेजी के साथ चल रहा है। यह पूरा नेटवर्क जून माह तक पूरा हो जाएगा।

# नेहरू-गांधी परिवार ने अपनी दौलत व घर देश को दिया, बीजेपी सरकार उन्हें बेघर करने की रच रही है साजिश- नाना पटोले

मुंबई। देश और प्रदेश में तानाशाही तरीके से शासन चल रहा है। विपक्षी दलों को सभा करने की अनुमति देने से पहले कई दमनकारी शर्तें लगाकर उनकी आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा केवल जातियों और धर्मों को बांट कर राजनीतिक विभाजन पैदा कर रही है। मनुवादी व्यवस्था से सरकार चलाने वाली बीजेपी ने किसानों, गरीब आदमी, छोटे दुकानदारों और मजदूरों को तबाह करने का काम किया है। ये वो लोग हैं जो देश के लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने का काम कर रहे हैं और राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द करना उसी साजिश का हिस्सा है। राज्य व केंद्र की बीजेपी सरकार पर यह जोरदार हमला महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा की धार्मिक कट्टर व्यवस्था को उखाड़ फेकना होगा। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एससी, एसटी, ओबीसी, आदिवासी और अल्पसंख्यक तबके के

**राहुल गांधी के सवालों का जवाब देने से क्यों डरते हैं प्रधानमंत्री मोदी?**

नेताओं और कार्यकताओं ने प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले की अगुवाई में शनिवार को मोदी सरकार की तानशाही नीतियों के खिलाफ आजाद मैदान में प्रदर्शन किया । इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश के सह प्रभारी आशीष दुआ, सोनल पटेल, अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष और विधायक वजाहत मिर्जा, एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सिद्धार्थ हत्तीअंबीरे, ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष भानुदास माली, खानाबदोश विभाग की अध्यक्ष पल्लवी रेनके, प्रदेश महासचिव प्रो. प्रकाश सोनवणे, जोजो थॉमस, नंदकुमार कुंभार समेत कई पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ओबीसी विभाग के महासचिव धनराज राठौड़ ने किया। इस मौके पर नाना पटोले ने कहा कि मोदी और अदानी के बीच क्या संबंध है? अदानी समूह में शेल कंपनियों के माध्यम से 20 हजार करोड़ रुपये कहां से आए? केवल अदानी को घरेलू और विदेशी कॉन्ट्रैक्ट देने का क्या कारण है? क्योंकि ये तीखे सवाल राहुल गांधी ने मोदी सरकार से पूछे है, यही वजह है कि भाजपा सरकार ने राजनीतिक बदले की भावना से उनके खिलाफ कार्रवाई की है। नीरव मोदी, ललित मोदी, गौतम अदानी ने लोगों की गाढ़ी कमाई चुराई है। अगर इन सभी को चोर कहा जाए तो यह राष्ट्रीय अपराध कहां से हो जाता है? नाना पटोले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भंडाफोड़ न हो , इसके लिए राहुल गांधी को एक फर्जी मामले में दोषी ठहराने के बाद उनकी सांसदी को रद्द कर दिया गया। अब हमारे नेता को सरकारी आवास खाली करने को कहा गया। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया है। अपनी करोड़ों रुपये की संपत्ति और अपना घर दान कर दिया है। लेकिन अब मोदी सरकार ने राहुल गांधी को सरकारी आवास खाली करने का आदेश देकर उन्हें बेघर करने का पाप किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने देश से अत्याचारी ब्रिटिश शासकों को खदेड़ दिया था। वर्तमान में देश में ब्रिटिश सरकार जैसा अत्याचारी शासन चल रहा है। उनके हाथों से देश को बचाने की जिम्मेदारी कांग्रेस पार्टी की है। राहुल गांधी ने मोदी-अदानी के भ्रष्ट गठजोड़ को का पदार्फाश करते हुए सरकार से जनता के पैसों का हिसाब मांग कर रही है। लेकिन भाजपा सरकार ने इन सवालों का जवाब देने की जगह राजनीतिक मकसद से उनके खिलाफ कार्रवाई की है। नाना पटोले ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी में विभिन्न प्रकार के 39 प्रकोष्ठ हैं। इस प्रकोष्ठ के माध्यम से हम तानाशाही, गरीब, दलित और आदिवासी विरोधी बीजेपी सरकार को उनकी जगह पर लाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा की कट्टर धार्मिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकना होगा।



फोर्ट मैगसेसे, नुएवा एसीजा, फिलीपींस में तीन सप्ताह के संयुक्त सैन्य अभ्यास सलकनिब में फिलीपीन और अमेरिकी सैनिकों के साथ लाइव फायर अभ्यास के दौरान एक हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम दागा गया।

# केंद्र सरकार की देनदारियां दिसंबर तिमाही में 150.95 लाख करोड़ रुपये रही

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की देनदारियां वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में 150.95 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो कि सितंबर तिमाही में 147.19 लाख करोड़ रुपये थी। ये जानकारी पब्लिक डेट मैनेजमेंट रिपोर्ट में सामने आई। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही 2022-23 में देनदारियों में 2.6 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। साथ ही दिसंबर 2022 में कुल देनदारियां केंद्र सरकार के पब्लिक खाते को शामिल होने के बढ़कर 1,50,95,970.8 रुपये हो गई है। यह सितंबर में 1,47,19,572.2 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में केंद्र की ओर से 3.51 लाख करोड़ सिक्योरिटीज के द्वारा उधार लिए गए हैं, जबकि इस दौरान नोटिफाइड राशि 3.18 लाख करोड़ रुपये थी। वहीं, इस तिमाही के दौरान रिडेम्पशन के लिए देय 85,377.9 करोड़ रुपये की राशि परिपक्वता तिथि पर चुका दी गई थी। वित्त वर्ष 2022-23 की दिसंबर तिमाही में सरकार ने कैश मैनेजमेंट बिल के तहत कोई भी राशि उधार नहीं ली है।

वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में प्राथमिक निर्गमों की वेटेड एवरेज 7.38 प्रतिशत हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 7.33 प्रतिशत थी। वहीं, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में नई जारी की गई सिक्योरिटीज का औसत वेटेड एवरेज 16.56 साल है, जो कि दूसरी तिमाही में 15.62 साल था।

# गुजरात में अमूल दूध की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी

अहमदाबाद। गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन ने शनिवार को राज्य में अमूल दूध की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। बता दें कि दिसंबर 2022 में राज्य विधानसभा चुनाव के बाद से दूध की कीमतों में पहली बार वृद्धि की गई है। दरअसल, गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन राज्य में दुग्ध सहकारी समितियों का शीर्ष निकाय है, जो आमतौर पर पहले से ही दूध की कीमतों में वृद्धि की घोषणा करता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि चारा और परिवहन की कीमतों में वृद्धि के कारण दूध की लागत बढ़ी है। इसकारण अमूल ने दूध के दाम 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए हैं।

बता दें कि मूल्य संशोधन के बाद अमूल भैंस के दूध की कीमत अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि अमूल गोल्ड की कीमत 64 रुपये हो गई है। इसके अलावा अमूल शक्ति की कीमत 58 रुपये प्रति लीटर हो गई है। साथ ही अमूल गाय के दूध की कीमत अब 54 रुपये प्रति लीटर, अमूल ताजा की कीमत 52 रुपये प्रति लीटर और अमूल टी-स्पेशल की कीमत 60 रुपये प्रति लीटर हो गई है। बताते चलें कि पिछले छह महीने से गुजरात में दूध के दामों में बढ़ोत्तरी नहीं की गई थी।

# भारत में तकनीकी खर्च 9.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

मुंबई। साल 2023 में भारत में तकनीकी खर्च 9.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। आईटी खर्च में वृद्धि पूर्व-कोरोना महामारी के स्तर को फिर से हासिल करने के लिए तैयार है, 2024 के और भी बेहतर होने की उम्मीद है। फॉरेस्टर के 2023 और 2024 के लिए इंडिया टेक मार्केट आउटलुक के अनुसार, 2023 वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 0.8 प्रतिशत की वृद्धि के लिए तैयार है।

फिर भी, यह अभी भी यूक्रेन युद्ध जैसे भू-राजनीतिक घटनाओं के कारण गिरते रुपये और बढ़ते चालू खाता घाटे की चुनौतियों का सामना कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेक आउटसोर्सिंग और हार्डवेयर मेंटेनेंस में तेजी से विकास देखने को मिलेगा। निष्कर्ष बताते हैं, भारतीय कंपनियां 100 प्रतिशत स्वामित्व वाले आईटी मॉडल से प्रोजेक्ट-आधारित आउटसोर्स मॉडल की ओर बढ़ रही हैं, नई प्रौद्योगिकियां उपभोक्ताओं और व्यवसायों की कल्पना पर अपना काबू कर लेती हैं।

भारतीय तकनीकी नेता अब पूरी तरह से खुद के द्वारा नई तकनीकों पर उत्पादों का स्वामित्व, निर्माण, रखरखाव और संचालन नहीं करना चाहते हैं। टेलीकॉम में बड़ा निवेश देखने को मिलेगा। पिछले वर्ष में, 5जी घोषणाओं और आईओटी, वेब3, मेटावर्स, एआई, और वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीकों में निवेश का दूरसंचार पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।

हालांकि, सॉफ्टवेयर और तकनीकी परामर्श और सिस्टम एकीकरण धीमा हो जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है, सॉफ्टवेयर खर्च में वृद्धि 2022 में 15 फीसदी से 2023 में 14.5 फीसदी तक कम हो जाएगी। टेक कंसल्टिंग और सिस्टम इंटीग्रेशन में खर्च की वृद्धि उच्च बनी रहेगी, हालांकि यह 2022 में 11 प्रतिशत से थोड़ा कम होकर 2023 में 10.2 प्रतिशत हो जाएगा, मुख्य रूप से सॉफ्टवेयर को एक सेवा के रूप में अपनाने और प्रमुख आईटी संचालन या कार्यान्वयन के आउटसोर्सिंग के कारण। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय कंपनियां खुद को ऐसी स्थिति में पाती हैं जहां उन्हें राजस्व वृद्धि और नए ग्राहक अधिग्रहण का समर्थन करने के लिए लागत प्रभावी तरीके से नई तकनीकों को अपनाने जैसी पहल करनी चाहिए।

# देश का चालू खाता घाटा दिसंबर तिमाही में घटकर 18.2 अरब डॉलर रहा

नई दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में देश का चालू खाता घाटा 2022-23 की सितंबर तिमाही में 30.9 अरब डॉलर से ?कम होकर 18.2 अरब डॉलर रह गया है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी भुगतान संतुलन डेटा के अनुसार 2022-23 की तीसरी तिमाही में कम चालू खाता घाटा अंतर्निहित था, 2022-23 की दूसरी तिमाही में 78.3 बिलियन डॉलर से व्यापारिक व्यापार घाटा 72.7 बिलियन डॉलर तक कम हो गया था। 2021-22 की इसी अवधि में 0.5 बिलियन डॉलर की अभिवृद्धि की तुलना में 2022-23 की अक्टूबर तिमाही में विदेशी मुद्रा भंडार में 11.1 बिलियन डॉलर की वृद्धि हुई थी। इस बीच शुद्ध विदेशी प्रत्यक्ष निवेश एक साल पहले के 4.6 अरब डॉलर से घटकर 2.1 अरब डॉलर रह गया। सॉफ्टवेयर, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ते निर्यात के कारण सेवा निर्यात में साल-दर-साल आधार पर 24.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। निवल सेवा प्राप्तियों में क्रमिक रूप से और वर्ष-दर-वर्ष दोनों आधार पर वृद्धि हुई। प्राथमिक आय खाते से शुद्ध व्यय, मुख्य रूप से निवेश आय भुगतानों को दर्शाता है, जो एक साल पहले के 11.5 बिलियन डॉलर से बढ़कर 12.7 बिलियन डॉलर हो गया। निजी अंतरण रसीदें, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषण का प्रतिनिधित्व करती हैं, की राशि 30.8 बिलियन डॉलर थी, जो एक साल पहले के स्तर से 31.7 प्रतिशत की वृद्धि थी।

# रिलायंस का शेयर 4.29 फीसदी चढ़कर 2,331 रुपए प्रति शेयर पर बंद

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर शुक्रवार को 4.29 फीसदी चढ़कर 2,331 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। इस शेयर में उछाल उस खबर के एक दिन बाद आई, जिसमें कंपनी ने कहा है कि लेनदार व शेयरधारकों की बैठक 2 मई को होगी, जिसमें जियो फाइनेंशियल सेवा कारोबार को अलग करने पर विचार किया जाएगा। कंपनी के इस कदम से वित्तीय क्षेत्र (एनबीएफसी समेत) में बड़ी कंपनी सृजित होगी, जिसका नेटवर्थ मार्च 2022 में 25,851 करोड़ रुपए था। पिछले चार महीने में आरआईएल के शेयर का प्रदर्शन बाजार के मुकाबले कमजोर रहा है और उसमें 18 फीसदी की गिरावट आई है जबकि बीएसई सेंसेक्स में 8 फीसदी की नरमी दर्ज हुई है। इस शेयर ने 20 मार्च को करीब-करीब 52 हफ्ते के निचले स्तर 2,180 रुपए को परखा था। शेयर ने 29 अप्रैल 2022 को 2,855 रुपए के उच्चस्तर को छू लिया था। शुक्रवार की मजबूत तेजी के बाद रिलायंस अब 200 दिन के रोजान मूविंग एवरेज के ऊपर चली गई है। इसके अलावा कई और चीजों ने इसका रुख सकारात्मक कर दिया है। ऐसे में यह शेयर अल्पावधि में सकारात्मकता के साथ ऊपर का रुख करेगा। नीचे की ओर 20 दिन का डीएमए 2,285 रुपए तात्कालिक अवरोध के तौर पर काम करेगा, जिसके नीचे अहम समर्थन स्तर 2,250 रुपए को देखा जा रहा है।

# जेम पोर्टल से सार्वजनिक खरीद दो लाख करोड़ से अधिक रही

नई दिल्ली। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की खरीदारी बढ़ने के कारण सरकारी पोर्टल जेम से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद वित्त वर्ष 2022-23 में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रही। केंद्र सरकार ने अपने सभी मंत्रालयों और विभागों द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद के लिए नौ अगस्त, 2016 को गवर्नमेंट ई-मार्केट (जेम) पोर्टल शुरू किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक ट्वीट में कहा ?कि बेहतरीन! गवर्नमेंट ई-मार्केट ने हमें भारत के लोगों की ऊर्जा और उद्यम की एक झलक दी है। इसने कई नागरिकों के लिए समृद्धि और बेहतर बाजार सुनिश्चित किया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में कहा कि जेम खरीदारों और विक्रेताओं के लिए एक विश्वसनीय मंच के रूप में उभर रहा है।

## सरकार का विनिवेश और लाभांश संग्रह संशोधित अनुमान के पार

नई दिल्ली। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में कुल विनिवेश और लाभांश संग्रह के संशोधित अनुमानों को पार कर लिया है। इन दोनों मदों में कुल संग्रह 94,282 करोड़ रुपए रहा। संशोधित अनुमानों (आरई) के अनुसार विनिवेश और लाभांश से प्राप्तियां 93,000 करोड़ रुपए रहनी थीं। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 में लाभांश प्राप्तियां 58,988.34 करोड़ रुपए और विनिवेश प्राप्तियां 35,293.52 करोड़ रुपए रहीं। सरकार ने 31 मार्च, 2023 तक सीपीएसई से विनिवेश और लाभांश आय के रूप में 94,281.86 करोड़ रुपए प्राप्त किए।

# नए वित्त वर्ष में विशेष एनएफओ पेश करेगा म्युचुअल फंड

**- फंड हाउस ने भारत के पहले सॉवरिन ग्रीन बांड फंड पेश करने की योजना बनाई**

नई दिल्ली। म्युचुअल फंड (एमएफ) वित्त वर्ष 2023 में सुस्त प्रतिक्रिया के बाद 1 अप्रैल से शुरू हो रहे वित्त वर्ष 2024 के लिए ?विशेष तरह की नई फंड पेशकशों (एनएफओ) हा?सिल करने की की तैयारी कर रहे हैं। एचडीएफसी एमएफ ने तीन एनएफओ की मंजूरियां प्राप्त करने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (ड़)(सेबी) से संपर्क किया। फंड हाउस ने भारत के पहले सॉवरिन ग्रीन बांड फंड पेश करने की योजना बनाई है। यदि पेश किया गया तो दो टार्गेट मैच्युरिटी फंड (टीएमएफ) 2028 और 2033 में परिपक्व होंगे। सॉवरिन ग्रीन बांड (एसजीबी) पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं में वित्त पोषण बढ़ाने के लिए भारत सरकार की नई पहल हैं। सरकार ने 25 जनवरी, 2023 को पहला एसजीबी जारी किया। फंड हाउस ने कहा है कि एचडीएफसी एमएफ नवीनतम डेट योजना टार्गेट मैच्युरिटी फंड के साथ वित्त पोषण के नए विकल्प सॉवरिन ग्रीन बॉन्ड पर जोर दे रहा है।

इन योजनाओं की पेशकश से एचडीएफसी एमएफ इंडेक्स सॉल्यूशंस का दायरा बढ़ेगा और बड़ी तादाद में निवेशकों को सॉवरिन ग्रीन बॉन्डों में पैसा लगाने तथा पर्यावरण अनुकूल परिवेश की दिशा में योगदान देने में मदद मिलेगी।ह्वइस फंड हाउस की तीसरी प्रस्तावित योजना है एचडीएफसी इमर्जिंग इंडिया अपॉर्चुनिटीज फंड। यह योजना माइक्रो-कैप कंपनियों में निवेश करेगी। वहीं मोतीलाल ओसवाल एमएफ और सैमको एमएफ ने भी नई योजनाओं के लिए आवेदन किए हैं। मोतीलाल ओसवाल एमएफ की योजना एमएसएसआई इंडिया वूमेंस लीडर?शिप सलेक्ट 30 इंडेक्स फंड है जो महिलाओं के नेतृत्व वाली कंपनियों में निवेश करेगी। मोमेंटम फंड ऐसे शेयरों पर दांव लगाता है जो अच्छा प्रदर्शन करते हैं और अल्पावधि में उनका प्रदर्शन अच्छा रहने की संभावना होती है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8 महीने के उच्च स्तर पर

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार में बीते 24 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले 17 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 12.798 बिलियन की बढ़ोतरी हुई थी। अब देश का विदेशी मुद्रा भंडार 578.78 बिलियन के स्तर पर पहुंच गया है। यह बीते जुलाई के बाद का उच्च स्तर है। उधर अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान में देखें तो वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हो गई है। इससे पहले वहां लगातार छह सप्ताह तक बढ़ोतरी ही हुई थी। वहां 24 मार्च 2023 को समाप्त सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार में 35.44 करोड़ डॉलर की कमी हुई है। अब वहां 4.59 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। इसी के साथ अब अपना विदेशी मुद्रा भंडार 578.78 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे पहले 17 मार्च 2023 को समाप्त सप्ताह के दौरान भी अपने विदेशी मुद्रा भंडार में 12.798 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

**- पाकिस्तान में छह सप्ताह बढ़ने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट रही**

आलोच्य सप्ताह के दौरान देश के सोने के भंडार का मूल्य भी बढ़ा है। बीते 24 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान यह 1.37 अरब डॉलर बढ़ कर 45.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इससे एक सप्ताह पहले भी इसमें 2.187 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई थी। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में रखा देश का मुद्रा भंडार भी 2.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 5.151 अरब डॉलर हो गया है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात की बात करें तो इस समय वहां कंगाली जैसी स्थिति दिखती है। पिछले 24 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान वहां के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी हुई है। हालांकि इससे पहले लगातार छह सप्ताह से वहां का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ ही रहा है। इसी साल जनवरी में वहां का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.11 अरब डालर था। छह सप्ताह तक लगातार बढ़ते हुए यह 17 मार्च 2023 को समाप्त सप्ताह में यह 4.59 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। लेकिन 24 मार्च को समाप्त सप्ताह के दौरान इसमें 35.44 करोड़ डॉलर की तगड़ी गिरावट हुई है। अब वहां 4.24 अरब डॉलर का ही विदेशी मुद्रा भंडार रह गया है।

# वाहन का बीमा कराते समय रखें जरूरी चीजों का ध्यान, वरना क्लेम में आ सकती है दिक्कत

**- बीमा पुराना हो जाने पर उसका नवीनीकरण भी जरूरी**

नई दिल्ली। अपने वाहन की बीमा पालिसी खरीदने से पहले अपनी जरूरत की सभी चीजों की जांच करना जरूरी है, जिससे बीमा क्लेम लेते समय आपको कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। नया व्हीकल खरीदते ही आपको उसका बीमा कराना चाहिए. वहीं बीमा पुराना हो जाने पर उसका नवीनीकरण कराना होता है। बीमा के लिए वर्तमान में कई कंपनियां मौजूद हैं। हालांकि इन कंपनियों की बीमा पॉलिसी पर शर्तें अलग हो सकती है। कई बार बीमा क्लेम करते समय कंपनियां कुछ ऐसे पेंच उलझा देती है जिससे ग्राहकों को उसका फायदा नहीं मिल पाता है। ऐसे में बीमा पॉलिसी लेते समय आपको उसमें अपने वाहन के लिए जरूरी सभी चीजों की जांच कर लेनी चाहिए। पॉलिसी के नियम और शर्तों को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। वहीं हर बार पॉलिसी को रिन्यू कराने से पहले मौजूदा बीमा कंपनी के बीमा कवर को बाकी से तुलना कर सकते हैं। इससे आपको कम पैसों में अच्छी पॉलिसी मिल सकती है।

?बीमा के लिए कंपनी फाइनल करने से पहले आपको उसका सीएसआर यानी क्लेम सेटलमेंट रेश्यो जरूर देखना चाहिए। यह वह रेश्यो होता है जो आपको बताता है कि उस कंपनी ने पिछले एक साल में कितने बीमा क्लेम सुलझाए हैं। जो कंपनी एक साल में सबसे ज्यादा मामलों का निपटारा करती है उसका चुनाव करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। इससे बीमा क्लेम करने पर उसके अप्रूवल की संभावना काफी बढ़ जाएगी। इसके अलावा आपको पॉलिसी रिन्यू कराते समय हमेशा सही जानकारी देनी चाहिए। इससे आपको क्लेम के समय कोई दिक्कत नहीं आएगी।

# सरकार ने कमर्शियल रसोई गैस की कीमत 92 रुपए घटाई

**- मार्च में रसोई गैस की कीमत 350 रुपए बढ़ाई थी, घरेलू रसोई गैस में कोई बदलाव नहीं**

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024 के पहले दिन कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 92 रुपए की कटौती कर दी गई है। ?किंतु घरों में उपयोग होने वाले 14.2 किलोग्राम के गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गौरतलब है कि सरकार ने मार्च में कमर्शियल रसोई गैस की कीमतों में 350 रुपए की बढ़ोतरी की थी और इसमें से अब 92 रुपए कम कर ?दिए हैं। कमर्शियल गैस सिलिंडर की एलपीजी का वजन 19 किलोग्राम होता है। इस बदलाव के बाद देश की राजधानी दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी 2028 रुपए, कोलकाता में 2132 रुपए, मुंबई में 1980 रुपए और चेन्नई में 2192.50 रुपए हो गई है। वहीं घरेलू गैस की कीमतें पिछले महीने की ही तरह जस की तस बनी हुई हैं। दिल्ली में घरेलू गैस 1103, मुंबई में 1112.5, कोलकाता में 1129 और चेन्नई में घरेलू गैस 1118.5 रुपए है। घरेलू गैस कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी के दामों की समीक्षा करती हैं। पिछले महीने घरेलू एलपीजी की कीमतों में भी 50 रुपए की बढ़ोतरी की गई थी। कमर्शियल एलपीजी की कीमतों में 91.5 रुपए तक की कटौती की गई है। यह इस बार की गई कटौती की अधिकतम सीमा है। यह मूल्य कटौती दिल्ली और मुंबई में लागू हुई है। वहीं, कोलकाता में एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 89.50 रुपए और चेन्नई में 75.5 रुपए की कटौती की गई है।




दक्षिण कोरिया के गोयांग में एक प्रदर्शनी हॉल में सियोल मोबिलिटी शो देखने आए लोग। यह शो 9 अप्रैल तक चलेगा।

# सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग दो फीसदी की तेजी रही

**- शेयर बाजार साप्ता?हिक समीक्षा**

**- सेंसेक्स 1031 अंक की बढ़त के साथ 58,991 पर बंद**

**- निफ्टी 272 अंक की बढ़त के साथ 17,353 पर बंद**

मुंबई। वित्तीय वर्ष 2022-23 के आखिरी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में रौनक ?दिखाई दी और दुनिया में छाए बैंकिंग संकट का साया शेयर बाजार पर नहीं दिखा। ?विदेशी ?निवेशकों की खरीदारी ने भी शेयर बाजार में जोश भरा और सप्ताह के आ?खिर में सेंसेक्स 1.78 फीसदी और निफ्टी 1.59 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। ??पिछले सप्ताह गुरुवार 30 अप्रैल को रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में घरेलू शेयर बाजार में कारोबार बंद होने की वजह से पांच कारोबारी ?दिनों में से केवल चार ?दिन ही कारोबार हुआ। ?पिछले पूरे सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में मजबूती रही। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 254.24 अंकों की बढ़त के साथ 57,781.34 पर खुला और 126.76 अंकों की बढ़त के साथ 57,653.86 पर बंद हुआ। निफ्टी 83.05 अंकों की उछाल के साथ 17,028.10 पर खुला और 40.65 अंकों की बढ़त के साथ 16,985.70 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स करीब 164 अंकों की तेजी के साथ 57,818 के पार खुला और 40.14 अंकों की गिरावट के साथ 16,951.70 पर बंद हुआ। एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स निफ्टी करीब 41 अंकों की उछाल के साथ 17,027 पर खुला और 34.00 अंकों की गिरावट के साथ 16,951.70 पर बंद हुआ।

बुधवार को सेंसेक्स 107.28 अंकों की बढ़त के साथ 57,721.00 पर खुला और 346.37 अंकों की बढ़त के साथ 57,960.09 पर बंद हुआ। निफ्टी 45.30 अंकों की बढ़त के साथ 16,998.35 पर खुला और 129.00 अंकों की बढ़त के साथ 17,080.70 पर बंद हुआ। गुरुवार 30 अप्रैल को रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में घरेलू शेयर बाजार बंद रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स में 705.26 अंक की बढ़त के साथ 58,665.35 पर खुला और 1031.43 अंक (1.78 फीसदी) की बढ़त के साथ 58,991.52 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 196.95 अंक की तेजी के साथ 17,277.65 पर खुला और 272.40 अंक (1.59 फीसदी) की बढ़त के साथ 17,353.10 पर बंद हुआ।

# फरवरी में राजकोषीय घाटा पूरे साल के लक्ष्य का 82.8 प्रतिशतः सरकारी आंकड़ा

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2021-22 की समान अवधि में राजकोषीय घाटा पूरे साल के संशोधित अनुमान (आरई) का 82.7 प्रतिशत था। सरकार को वित्त वर्ष 2022-23 में घाटा 17.55 लाख करोड़ रुपए या सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा फरवरी के आ?खिर में पूरे साल के लक्ष्य का 82.8 फीसदी तक हो गया। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा हाल ही में जारी ?किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में अप्रैल-फरवरी के दौरान राजकोषीय घाटा या राजस्व संग्रह और खर्च के बीच का अंतर 14.53 लाख करोड़ रुपए रहा। वित्त वर्ष 2021-22 की समान अवधि में राजकोषीय घाटा पूरे साल के संशोधित अनुमान (आरई) का 82.7 प्रतिशत था। सरकार को वित्त वर्ष 2022-23 में घाटा 17.55 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। सीजीए के आंकड़ों के मुताबिक चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में शुद्ध कर संग्रह 17,32,193 करोड़ रुपए था। यह आंकड़ा इससे पिछले साल की समान अवधि में 83.9 प्रतिशत था। सरकार का कुल खर्च 34.93 लाख करोड़ रुपए रहा, जिसमें 29,03,363 करोड़ रुपए राजस्व खाता और 5,90,227 करोड़ रुपए पूंजी खाता मद में थे। कुल राजस्व व्यय में 7,98,957 करोड़ रुपए ब्याज भुगतान के लिए और 4,59,547 करोड़ रुपए सब्सिडी के लिए दिए गए।

# भारत की नई विदेश व्यापार नीति व्यावहारिक और सकारात्मक है: उद्योग जगत

मुंबई। उद्योग जगत और विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत की नई विदेश व्यापार नीति व्यावहारिक और सकारात्मक है और इसने वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक मंच तैयार कर दिया है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 पेश की। इसका उद्देश्य देश के निर्यात को 2030 तक 2,000 अरब डॉलर तक पहुंचाना, भारतीय रुपए को वैश्विक मुद्रा बनाना और ई-वाणिज्य निर्यात को बढ़ावा देना है। उद्योग मंडल सीआईआई के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि कई अभिनव उपायों के साथ नई एफटीपी से वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात को 2,000 अरब डॉलर तक बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह नीति हाल में निर्यात को बढ़ाने के लिए की गई कई नीतिगत घोषणाओं के अनुरूप है। उन्होंने कहा ?कि ऐसे समय में जब दुनिया मजबूत वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं की तलाश कर रही है, एफटीपी 2023 से नियामक वातावरण तैयार होगा, विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा और निर्यात अधिक समावेशी होगा। ?विशेषज्ञों ने कहा कि भारत की नई विदेश व्यापार नीति वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए एक मंच तैयार करेगी। तेजी से बदलते वैश्विक बाजार में एक गतिशील नीति का पालन करना का श्रेय सरकार को जाता है, जिससे उद्योग और नीति निर्माताओं, दोनों को चुस्ती मिलेगी। विदेश व्यापार नीति में एक नई सोच स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

# इस वित्त वर्ष एचएएल के ज्यादा राजस्व अर्जित करने पर मोदी ने दी बधाई

**- पिछले वित्त वर्ष 24,620 रुपए के मुकाबले इस साल करीब 26,500 करोड़ रुपए कमाए**

नई दिल्ली। हवाई संयंत्र निर्माण करने वाले सार्वजनिक प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इस साल वित्तीय वर्ष में ?पिछले साल के मुकाबले रिकॉर्ड तोड़ राजस्व अर्जित किया है। एचएएल के रिकॉर्ड राजस्व अर्जित करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एचएएल को पिछले वित्त वर्ष के 24,620 रुपए के मुकाबले वित्त वर्ष 2022-23 के लिए करीब 26,500 करोड़ रुपए का उच्चतम राजस्व अर्जित करने के लिए बधाई। यह भारत सरकार का एक सार्वजनिक उपक्रम है, जो हवाई संयन्त्र निर्माण करता है। इस प्रतिष्ठान की शुरुआत दिसम्बर,1940 में भूतपूर्व मैसूर राजसी राज्य एवं असाधारण दूरदृष्टा उद्यमी सेठ वालचन्द हीराचन्द के सहयोग से बेंगलूरु में की गई। इसके चलते इसका मुख्यालय भी बेंगलूरु में है। इस बीच देखा जाए तो इस साल प्रधानमंत्री मोदी ने एचएएल की फैक्ट्री का कर्नाटक में उद्घाटन भी कया था। पीएम मोदी ने गत 6 फरवरी को कर्नाटक के तुमकुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की हेलिकॉप्टर फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। इस दौरान उन्होंने लाइट यूटिलिटी हेलिकॉप्टर का अनावरण भी किया था। इस अवसर पर उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे थे। मोदी ने कहा था कि आज देश की एक बहुत बड़ी हेलिकॉप्टर फैक्ट्री तुमकुरु को मिली है। तुमकुरु इंडस्ट्रियल टाउनशिप का शिलान्यास हुआ है। इसके साथ-साथ तुमकुरु जिले के सैकड़ों गांवों को पीने के पानी की स्कीमों पर भी काम शुरू हुआ है।

# बेमौसम बारिश से किसान तबाह

**भुखमरी की नौबत**

### गेहूं की खड़ी फसल बर्बाद मुआवजे की मांग



रिमझिम बारिश से भीगते हुए जाती युवतियां

**गाजीपुर।** बेमौसम हुई बरसात से किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर फसल खराब हो गई है। बारिश के कारण खेतों में गेहूं की फसल गिर चुकी है खेतों में पानी भरने के कारण गेहूं की फसल खराब हो रही है। वही खेतों में खड़ी गेहूं की पकी फसल खराब होने से किसानों को काफी नुकसान हुआ है वही छोटे किसानों के आगे भुखमरी के हालात पैदा हो रहे हैं।

किसानों ने सरकार से खराब फसल का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है। गेहूं की फसल खराब होने से गेहूं की कीमतों में बढ़ावा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। किसानों को मौसमी फसलों जैसे चना, सरसों, आलू, मटर में भी काफी नुकसान हुआ था, किसानों की उम्मीद गेहूं की फसल से जुड़ी हुई थी परंतु अब गेहूं फसल को भी बारिश ने नुकसान पहुंचाया है।

जिले में बीती रात हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई। किसानों का दावा है कि बेमौसम बारिश से उनकी गेहूं की खड़ी फसल 40 से 50 प्रतिशत तक खराब हो गई हैं। किसानों ने सरकार के मुआवजे की मांग की है। किसानों ने कहा कि बेमौसम बारिश से उनपर दोहरी मार पड़ी है। एक तरफ उनकी गेहूं और सरसों की फसल खराब हो गई है तो दूसरी तरफ सब्जियों की फसल को भी नुकसान हुआ है।

किसानों के मुताबिक खेतों में गेहूं की खड़ी फसल गिरने से पैदावार पर असर पड़ेगा। मंडी में उन्हें अच्छा भाव नहीं मिलेगा। वहीं कटाई के वक्त भी दाना नीचे गिर जाएगा। अगर सरकार ने उनकी मदद नहीं की तो आर्थिक रूप से किसान काफी पिछड़ जाएंगे। किसानों का कहना है कि वो छह महीने तक फसल को बच्चों की तरह पालते हैं। अचानक मौसम की मार से फसल बर्बाद हो जाती है। किसानों ने कहा कि यदि सरकार किसानों को बचाना चाहती है, तो उन्हें उनके नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। किसानों का कहना है कि इस फसल पर ही उनका पूरा परिवार आधारित था। इस फसल के भरोसे किसी को बच्चों की शादी करानी थी, तो किसी को मकान बनाना था, लेकिन अब उनकी सारी उम्मीदें पानी में बह गई है।

# धड़ल्ले से चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार

**सफलता**

### नारकोटिक्स विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली दवाएं किया जब्त

जनसंदेश न्यूज

**सुहवल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का कारोबार काफी तेजी से फलफूल रहा है। इसमें लिप्त तस्करों द्वारा बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों व गैर जनपदों से इन नशीली दवाओं को लाकर यहां सप्लाई की जा रही है। बावजूद पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई न किया जाना आश्चर्य की बात है।

बतादें, आठ महीनें के अंदर नारकोटिक्स विभाग ने करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की नशीली दवाएं जप्त करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार भी कर चुकी है। क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है ,इस कारोबार में संलिप्त लोगों व उनके रैकेट को समाप्त करने के साथ ही इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के साथ ही इस अवैध कारोबार के जरिए अर्जित किए चल व अचल सम्पत्ति को सीज की जाए। उनके खिलाफ गिरोहबंद अधिनियम के तहत भी कानूनी शिकंजा कसा जाए। ताकि इस तरह के धंधे पर रोक लगाई जा सके।

लोगों ने बताया कि इसके चलते ही क्षेत्र में नशीली दवाओं व सुई के सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है,जिनमें अधिकतर युवा वर्ग के लोग शामिल है।जो इस जहरीले नशा के आदि होते जा रहे। ऐसे में समाज व परिवार के लिए बड़ा खतरा है। लोगों का तो यहाँ तक कहना है कि इस तरह का धंधा बिना पुलिस के मिली भगत से सम्भव ही नहीं।

लोगों ने बताया कि कभी यह इलाका हीरोइन व गांजे के लिए कारोबार के लिए विख्यात था अब उसकी जगह प्रतिबन्धित नशीली सुई व दवाओं ने ले लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस धंधे में लिप्त लोगों का संम्बध अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ने शातिर तस्करों से है।

## संक्षेप

### डांट से नाराज लड़की ने लगाई गंगा में छलांग

**सैदपुर।** नगर के रौजा द्वार निवासिनी युवती ने परिजनों की डांट से नाराज होकर गंगा नदी पर बने पुल से छलांग लगा दी। संयोग अच्छा था कि वहां मौजूद मछुआरों ने तत्काल उसे निकालकर उसकी जान बचा ली। लेकिन कई फीट ऊंचाई से कूदने के कारण उसे गम्भीर चोट आई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज लालबहादुर सिंह ने महिला कांस्टेबल की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से गम्भीर हाल में रेफर कर दिया गया। रौजा द्वार निवासिनी 18 वर्षीय नूरसबा पुत्री सैफुद्दीन को परिजनों ने किसी बात पर डांट दिया। उनकी डांट से आहत होकर वो पुल पर पहुंची और वहां से सीधे गंगा नदी में छलांग लगा दी। वहां मौजूद मछुआरों ने उसे बचा लिया। उसे सीएचसी लाया गया, लेकिन कई गम्भीर चोटों के बाद उसे रेफर कर दिया गया।

### सोनवल स्टेशनः एफओबी फाउंडेशन की गार्डर लाचिंग

**सुहवल।** नवनिर्मित सोनवल स्टेशन एफओबी के फाउंडेशन पर गार्डर लाचिंग का काम महकमें एवं इंजीनियरों द्वारा सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे किया गया। कार्यदायी संस्था को चार घंटे का ब्लाक रेलवे की ओर से मिला था। मालूम हो कि यह पैदल उपरगामी पुल करीब चालीस मीटर लंम्बा व तीन मीटर चौड़ा है। इसकी लागत करीब डेढ़ करोड़ है। यह रेल लेवल से करीब छह मीटर ऊंचा है। इसके एक गार्डर का वजन करीब 27 टन है। जिसके लिफ्टिंग के लिए महाराष्ट्र से एक दो सौ टन की स्पेशल क्रेन रेलवे के द्वारा मगाईं गई थी। इसके सफलतापूर्वक लांचिग पूरा होने के बाद अब इसके सीढ़ी बनाए जाने के लिए स्टील का इरेक्शन शुरु हो गया है,जिसके बाद सबसे उपर स्लैब को शिफ्ट करने का कार्य किया जायेगा। बतादें, एफओबी का निर्माण पिछले वर्ष से चल रहा था। वर्तमान समय में पूरे स्टेशन का करीब 97 फीसदी काम हो चुका है। यहां करीब करोड़ो की लागत से बनने वाली दो इमारतों का निर्माण कार्य भी अब अंतिम चरण में है। चार करोड़ की लागत से रिले,पैनल व बैट्री कक्षों में आधुनिक मशीनों के भी लगाने का काम पूरा हो चुका है। इनके टेस्टिंग का कार्य विभागीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके बाद ट्रेनों का संचालन परियोजना के शुभारंम्भ होते ही कंम्पयूटराइज्ड तरीके से होने लगेगा। आरबीएनएल पीडी जीवेश ठाकुर ने बताया कि यह परियोजना अंतिम पड़ाव की ओर है। पहले चरण की परियोजन जल्द ही पीएम द्वारा राष्ट्र को समर्पित की जा सकती है। इस अवसर पर मैनेजर पीके सिंह, रितेश सिंह, जीपीटी अश्वनी कुमार,हिमांशू राय, गौतम सरकार,आशुतोष, भपेश्वर, चंदन,निखिल,पुनीत व मनोज थप्याल आदि मौजूद रहे।

### घर के बाहर बंधी दो भैंस चोरी

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के मण्डपा स्थित सम्मनपुर नेवादा में बीती रात चोरों ने ज्ञानेन्द्र यादव उर्फ गुदरी के घर के बाहर बंधी दो भैंसों को चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ितों ने काफी ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन न पता चला तो थाने में तहरीर दी। पीड़ित की करीब 70 हजार कीमत की दो भैंस घर के बाहर बंधी थी। रात में चोरों ने दोनों को गायब कर दिया। पीड़ितों ने भितरी चौकी पर मामले की तहरीर दी है। बता दें कि महज 6 माह के अंदर आसपास के गांव से दर्जनों मवेशियों की चोरी हो चुकी है। जिसके चलते पशुपालकों में डर का माहौल है। हालांकि पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ कर रही है, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका है।

### सरजू पांडेय पार्क में आम आदमी पार्टी ने दिया धरना

**गाजीपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने कोविड काल की फीस माफी को लेकर सरजू पांडेय पार्क में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी मांग` राजपत्रित अधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। आम आदमी पार्टी ने मांग किया कि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 16 जनवरी के आदेश में निजी विद्यालयों को कोविड कॉल के दौरान अभिभावकों से वसूली गई 15 फीसदी फीस वापस करनी थी। लेकिन कालेज प्रशासन फीस वापसी में हिलाहवाली कर रहा है। जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर और जिलाध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार संविधान द्वारा प्रदत्त शिक्षा अधिकार के मौलिक अधिकार व 25 फीसदी गरीब बच्चों को पढ़ाने का अधिकार आरटीई का हनन कर रही है। जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद ने कहा कि सरकार हमें सभी अधिकार से वंचित कर हमें अधिकार विहीन बनाना चाहती है ताकि हम आवाज न उठा सकें। उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मोर्य ने कहा कि सरकार यदि न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करती है तो आम आदमी पार्टी इस मुद्दे पर आंदोलन को बाध्य होगी। उसकी पूरी जिम्मेदरी शासन और प्रशासन की होगी। सचिव भरत यादव ने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग के साथ शोषण कर रही है। इस अवसर पर पवन गुप्ता, साजिद , प्रदीप पाल, नागेन्द्र यादव, इमरान खान आदि उपस्थित थे।

### मुक्कमल कुरान की तरावीह खत्म, सुरेतरावीह की शुरूआत

**गाजीपुर।** कपूरपुर शहरी कोतवाली गेट के सामने बाबा कटरा मस्जिद चांद की आठ रमजान को तरावीह खत्म की गई। पेस इमाम नोमान कादरी ने बताया की रमजान का चांद दिखते ही तरावीह की नमाज शुरू कर दी जाती है, लगातार चांद देख कर तरावीह की नमाज शुरू की जाती है। ईशा की नमाज के बाद हर रोज यह तरावीह पढ़ी जाती है। रमजान को पाक महीना माना जाता है। इस्लामिक तारीख के सभी महीनों में रमजान को सबसे खास माना गया है। इस पूरे महीने रोजे रखे जाते हैं। पांच वक्त की नमाज पढ़ी जाती है और फितरा व जकात अदा की जाती है। इस पूरे महीने मुसलमान अपनी हर चाहतों पर काबू कर सिर्फ इबादत करते हैं। इस पूरे महीने पांच वक्त की नमाज तो पढ़ी ही जाती है, साथ ही तरावीह की नमाज को सबसे ज्यादा तरजीह दी गई है। उन्होंने कहा कि मुकद्दस महीने रमजान के चांद को देखकर तरावीह की नमाज शुरू की जाती है। मदरसे में आज 6 रमजान और सातवीं तरावीह की नमाज पूरी हो गई है। कहा कि मस्जिदों और घरों में नमाज कायम रखना बहुत जरूरी है क्योंकि इस पूरे महीने में अल्लाह की रहमत बरसती रहती है। आप किसी के साथ अगर एक नेकी करोगे तो उसके बदले में अल्लाह 70 नेकियों का सवाब आपको देगा।

### सैदपुर सहकारी संघ पर संजय सिंह का दबदबा निर्विरोध सभापति बने सत्यप्रकाश

**सैदपुर।** नगर के सैदपुर सहकारी संघ सैदपुर में सभापति, उपसभापति व विभिन्न समितियों के सदस्य पद पर चुनाव कराया गया। चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिंह की देखरेख में निर्विरोध रूप से सत्यप्रकाश सिंह को सभापति व अजय यादव को उपसभापति चुना गया। इसके साथ ही हाफेड निदेशक संजय सिंह का एक तरह से कब्जा लगातार 19वें साल में भी बरकरार रहा। बतादें, संजय सिंह खुद भी 2005 से 2013 तक सभापति रहे थे। वहीं 2013 से 2018 तक उनके पिता ब्रह्मदेव सिंह सभापति रहे। इसके बाद अब सत्यप्रकाश सिंह के चुने जाने के बाद संजय सिंह का दबदबा बरकरार रहा है। चुनाव स्थल पर हाफेड निदेशक संजय सिंह, किसान सेवा सहकारी समिति सैदपुर के अध्यक्ष हवलदार सिंह, उचौरी के अध्यक्ष रामबदन यादव, क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष सूर्यनाथ यादव, खानपुर के निदेशक तहसीलदार सिंह, राम नवल यादव पूर्व एमएलसी डॉ विजय यादव, अनिल सिंह, अभय सिंह, विनय सिंह, पप्पू निषाद, साधना पटवा, मधु सिंह, विनोद प्रजापति, बाबूराम, कमेंद्र सिंह आदि रहे।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से यौन शोषण

**बयान दर्ज**

### पुलिस मुकदमा दर्ज कर युवक की खोजबीन में जुटी

**सुहवल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी से शादी का झांसा देकर पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित परिजनों के तहरीर के आधार पर पुलिस युवक के खिलाफ दुष्कर्म व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस ने आरोपी के परिजनों पर गाली गलौज, धमकी व मारपीट का मुकदमा भी दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित किशोरी के मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

पीड़ित किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए गये तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री अपने घर से बगीचे में जा रही थी। इस बीच बगल का ही युवक उसे बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने बताया कि काफी देर तक उसकी पुत्री घर नहीं पहुंची। इसके बाद उसकी खोजबीन की जा रही थी। उसी समय पुत्री उसके घर की ओर से रोते विलखते हुए आते दिखाई दी।

किसी तरह उसे घर लेकर वह पहुंचा। पिता ने बताया कि युवक ने उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर फुसलाकर कर शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। जिसके बाद पिता जब अपनी लड़की व अन्य परिजनों के साथ आरोपी युवक के घर पहुंचा तो शादी करने से इंकार करते हुए, सभी गाली गलौज ,मारपीट व धमकी देने लगे।

पिता ने बताया कि वह किसी तरह वहाँ से भागकर सीधे थाने पहुंचा। आरोपी व उसके परिजनों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी थानाध्यक्ष रामबाबू ने बताया कि पीड़ित परिजनों के तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फोन से बात करते युवक पर गिरी बिजली, मौत

**मनिहारी।** जंगीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर जीवन गांव में आकाशीय बिजली गिरने से ननिहाल में आए युवक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिरनो थाना क्षेत्र के बद्दूपुर गांव निवासी सोनू (21)पुत्र सतेन्द्र राम जंगीपुर थाना क्षेत्र के रामपुर जीवन गांव में इन्द्रदेव राम के घर अपने ननिहाल आया हुआ था। शुक्रवार की देर रात्रि मौसम खराब होने पर वह झोपड़ी में बैठकर मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। उसी समय आकाशीय बिजली ईट की कच्ची दीवार पर गिरी और सोनू को अपने चपेट में ले लिया। परिजनों के मुताबिक आकाशीय बिजली में इतनी तड़क थी कि वह आग की गोला जैसे दीवार पर चमक के साथ गिरी। जिसके बाद दीवार सहित सोनू को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी सूचना परिजनों ने उपजिलाधिकारी जखनियां आशुतोष श्रीवास्तव और पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने कहा कि आपदा राहत कोष के तहत पीड़ित परिवार को मदद की जाएगी।

# बिजली विभाग की मनमानी से जनता परेशान

**समस्या**

### वाराणसी से आते जाते हैं सहायक अभियंता

**दिलदारनगर।** बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी से जनता परेशान है। सहायक अभियंता अपने कार्यालय पर सप्ताह में दो से तीन दिन ही मिलते है। वह भी शाम पांच बजते ही अपने घर को रवाना हो जाते है। इसके बाद बिजली विभाग में कोई फाल्ट हुआ तो वह राम भरोसे ही रहता है। रात भर जनता को अंधेरे में ही बिताना पड़ता है। शिकायत के बाद या तो उनकी चेकिंग हो जाती है या नजरअंदाज कर दिया जाता है। बिजली विभाग के अधिकारी की मनमानी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है।

विद्युत वितरण खंड चतुर्थ जमानियां के अंतर्गत उपखंड कार्यालय दिलदारनगर के सहायक अभियंता हफ्ते में दो से तीन दिन ही कार्यालय पहुंचते है। वो भी दोपहर में और शाम पांच बजे तक अपने निवास स्थान वाराणसी चले जाते है। आम जनता अपने गलत बिलों सहित तमाम शिकायत लेकर ऑफिस का चक्कर लगाते फिरते हैं। वहीं क्षेत्र में मनमाने तरीके से बिजली कटौती होती रहती है। जिससे जनता परेशान रहती है। समय से फॉल्ट दुरुस्त नहीं हो पाता है। कोई यहां पर जिम्मेदार अधिकारी जवाबदेही के लिए जनता के सामने मौजूद नहीं रहता है।

### एसडीओ साहब का अपना जमाना, जब चाहे आना जाना

एसडीओ कमलेश प्रजापति अपने उपखंड कार्यालय में समय से उपस्थित नहीं रहते हैं। सप्ताह में सिर्फ दो से तीन दिन ही कार्यालय में उपस्थित रहते हैं। आम लोगों की शिकायत है कि अधिकारी जब चाहे आते है और चले जाते है। ग्रामीणों के मुताबिक शाम पांच बजते ही साहब ट्रेन पकड़कर वाराणसी अपने घर चले जाते हैं। इधर अगर क्षेत्र में रात्रि के समय अगर लाइट ब्रेक डाउन होती है तो कोई बनवाने के लिए उच्चाधिकारी नहीं रहता है।

### मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां

सीएम योगी आदित्यनाथ का सख्त आदेश है कि कोई भी अधिकारी अपना-अपना एरिया छोड़कर कहीं निवास नहीं करेगा। समय से दफ्तर प्रतिदिन आएगा। मगर यहां के एसडीओ साहब तो सरकार के निर्देशों का पलीता लगा रहे है। इनके जगह इनकी कुर्सी की देखभाल बड़का बाबू ही करते हैं। बिल रिवीजन से लेकर विभागीय कार्य तक सब सरकारी कागज पर प्रतिदिन का रिपोर्ट बनाकर सही-सही भेजकर सरकार को पलीता लगाया जाता है।

# सीएम योगी ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

जनसंदेश न्यूज



जिला पंचायत सभागार में छात्रों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष और सीडीओ व बेसिक शिक्षा अधिकारी ।

**गाजीपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन में स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया। जिसका सजीव प्रसारण परिषदीय विद्यालयों के बच्चों,अध्यापको व आशा, आंगनबाड़ी, एनएम एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्मिकों के बीच जिला पंचायत सभागार में किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सीडीओ और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय सुभाष नगर व कंपोजिट विद्यालय विशेवशवरगंज के पांच बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भर कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तके वितरित की। कार्यक्रम के अंत में शैक्षिक सत्र 2023-24 की स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण रैली का शुभारम्भ जिला पंचायत सभागार से मुख्य अतिथि द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा के आपसी समन्वय से किसी भी देश को विकास के मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी,कोषाधिकारी ,खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, अदनान,अश्वनी, अनुपम, सुशील गुप्ता, श्रीकांत आदि लोग उपस्थित थे। संचालन डॉ दुर्गेश प्रताप सिंह ने किया।

### जिले में रिकार्डतोड़ होगा छात्रों का नामांकन

जिला बेसिक शिक्षा हेमंत राव ने कहा कि जिस तरह पिछले शैक्षिक सत्र में शासन द्वारा निर्धारित किये गए लक्ष्य 62389 के सापेक्ष 91785 बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त कर कीर्तिमान प्राप्त किया था। उसी प्रकार इस नवीन शैक्षिक सत्र में भी लक्ष्य से अधिक 6 से 14आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने के लिए बेसिक विभाग गाजीपुर कटिबद्ध है। इसके लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई गई है। जिसको खण्ड शिक्षा अधिकारियों,अध्यापकों की सहायता से धरातल पर उतार कर प्रदेश में सबसे अधिक नामांकन कराकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त करेगा।

## बच्चों को शिक्षित करने के लिए किया जागरूक

**सेवराई।** सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय के नौनिहालों ने जागरूकता रैली निकालकर सब बढ़े सब पढ़े नारे के साथ अधिक से अधिक बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में दाखिला करा कर शिक्षित करने के लिए जागरूक किया। सेवराई तहसील क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय भदौरा व प्राथमिक विद्यालय ब्रह्मस्थान के नौनिहालों ने सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली । विद्यालय के बच्चे हाथों में नारे लिखा तख्तियां लिए जागरूक कर रहे थे । साथ ही विद्यालय के शिक्षक भी रैली में साथ साथ बच्चों का मनोबल बढ़ा रहे थे ।बच्चे आधी रोटी खाएंगे स्कूल पढ़ने जाएंगे आदि नारे लगा रहे थे । गांव के गलियों में घूमते हुए नौनिहाल अभिभावकों व बच्चों को जागरूक कर रहे थे । इस मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह ,सुनील सिंह ,विनोद सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे ।

## आधी रोटी खायेंगे स्कूल पढ़ने जायेंगे

**भावरकोल।** विकास खंड क्षेत्र में प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी शिक्षा योजना सर्व शिक्षा अभियान के तहत विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल चलों अभियान चलाया गया। नये सत्र के पहले दिन विद्यालयों से निकलकर गांव के विभिन्न गलियों व सार्वजनिक स्थानों से भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालयों के प्रांगण में आकर समाप्त हुआ। अभियान के तहत जुलूस निकाला गया। जुलूस में शिक्षा संबंधित प्रेरणादायक आधी रोटी खाएंगे, स्कूल पढ़ने जायेंगे,लड़का लड़की एक समान, सड़कों शिक्षा,सबको काम और बेटी पढ़ें बेटी बढ़े जैसे इत्यादि नारे तख्तियों पर लिख कर बच्चे चल रहे थे। प्राथमिक विद्यालय नकटीकोल में प्रधानाचार्य विनोद कुमार के नेतृत्व में गुलाब यादव, अश्विनी सिंह, अरुण कुमार,रेहाना खातून आदि सहायक अध्यापकों एवं गांव के मानिन्द लोगों की उपस्थिति में छात्र छात्राओं का जूलुस निकाला गया। वहीं कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को पाठ्-पुस्तकों का वितरण भी किया गया।

## जवान की बार्डर पर ड्यूटी के दौरान मौत

**नगसर।** क्षेत्र के नेवाजू राय गांव निवासी सेना में हवलदार आलमशेर खान की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। आलमशेर सिक्किम बार्डर पर तैनात था। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव में लोग अभी शव का इंतजार कर रहें है। खबर लिखे जाने तक जवान का शव नहीं आया है। नवाजू राय गांव निवासी आलमशेर खान (40) सेना में 2002 में भर्ती हुए थे। वह वर्तमान समय में पूर्वोत्तर राज्य सिक्किम बार्डर पर आठ राजपूताना राइफल्स यूनिट में हवलदार के पद पर तैनात थे। गुरूवार को सिक्किम बार्डर पर ड्यूटी दे रहे थे। इस बीच उन्हें अचानक गस्त आ गया और वह जमीन पर गिर पड़े। बेहोशी के हालत में प्लाटून के जवान सेना अस्पताल में भर्ती कराएं, जहां उनका इलाज के दौरान मौत हो गया। सेना के अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना की जानकारी परिजनों को भी दे दी गई। पत्नी अख्तरी खातून, मां सलमा सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जवान के मौत के बाद गांव और क्षेत्र के लोगों का उनके घर सांत्वना देने का ताता लगा हुआ है।

# भाजपा दलितों और पिछड़ों का खत्म करना चाहती है आरक्षण

**कार्यक्रम**

### संविधान बचाओ-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के निर्देश पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में बंशीबाजार स्थित एक पैलेस में संविधान बचाओं-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने भाजपा सरकार को दलितों -पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहेब का संविधान बदलने का षड्यंत्र कर रही है। यह सरकार दलितों और पिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करना चाहती है। सभी लोगों को एकजुट होकर भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर और डॉ राम मनोहर लोहिया, नेता मुलायम सिंह यादव के रास्ते पर चलकर दलितों-पिछड़ों के हक की लड़ाई लगातार लड़ रही है और उसी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए सपा लगातार केन्द्र और प्रदेश सरकार से जातीय जनगणना कराने की मांग को लेकर संघर्ष छेड़ रखी है। कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, सुजीत सोनकर, पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा, रामधारी यादव, सुदर्शन यादव, ओपी भारती, डॉ नन्हकू यादव, मदन सिंह यादव, आलोक राम, पूजा गौतम, अशोक कुमार बिंद, डॉ सीमा यादव, आशा यादव,सदानंद कन्नौजिया, सिंकदर कन्नौजिया, निजामुद्दीन खां, अरुण श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई

विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद जगदीश कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र, समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता तीनों एक दूसरे के पूरक हैं। वर्तमान भाजपा सरकार इन तीनों पर लगातार हमला कर रही है। हमें लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों को अपने संघर्ष डॉ भीमराव अम्बेडकर, डॉ लोहिया और नेता मुलायम सिंह के बताये रास्ते पर चलकर इनका मजबूती से जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी आंदोलन व्यवस्था परिवर्तन और सामाजिक न्याय की लड़ाई है।

### गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा देश

विधायक डॉ वीरेंद्र यादव ने कहा कि आज देश गंभीर परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है। इस देश का लोकतंत्र, संविधान और देश का धर्मनिरपेक्ष स्वरूप खतरे में है। यह सरकार पूरी तरह से तानाशाही के रास्ते पर चलकर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है।

### चुनाव आते ही भाजपा का जागता है पिछड़ा प्रेम

जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का अतिपिछड़ा प्रेम मात्र दिखावा है। इसने हमेशा दलितों और पिछड़ों को छलने का काम किया है। जब चुनाव नजदीक आता है तो भाजपा का पिछड़ा प्रेम जगता है।

## गेहूं की बिक्री के लिए किसान करें ऑनलाइन पंजीकरण

**जमानियां ।** प्रदेश सरकार द्वारा गेहूं खरीद वर्ष 2023-24 के लिये गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुन्तल घोषित किये जाने के बाद जिला प्रशासन द्वारा जिले में गेहूं खरीद की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एक अप्रैल से गेहूं खरीद करने के लिए क्षेत्र के ग्राम हेतिमपुर स्थित राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र पर पर्याप्त बोरा सहित अन्य सभी व्यवस्था पूरी कर ली गई। खरीद 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी।

क्षेत्र में अभी गेहूं की कटाई व मड़ाई शुरू न होने से केन्द्र पर गेहूं का आवक शुरू नहीं हो सका। जिससे केन्द्र अभी सूना-सूना लग रहा था। राजकीय गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारी आशुतोष चौरसिया ने बताया कि गेहूँ की विक्री के लिए किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण करना आवश्यक है।

कृषक का बैक खाता आधार से जुड़ा होना चाहिए। गेहूँ लाने वाले किसानों को विक्री करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# संचारी अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं सीएम



कम्पोजिट विद्यालय मरदह से निकली संचारी रोग नियंत्रण अभियान रैली

**कार्यक्रम**

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल और दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा

**मरदह।** शासन के आदेश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल और दस्तक अभियान 17 से 30 अप्रैल तक चलाया जायेगा। जिसके क्रम में शनिवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने ब्लाक संसाधन केंद्र से शनिवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हरी झंडी दिखाकर रैली के माध्यम से शुभारंभ किया।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि संचारी अभियान की मानिटरिंग स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये 11 विभागों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में मच्छरों से होने वाली बीमारियों मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू , चिकनगुनिया और मष्तिष्क ज्वर पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों में इन बीमारियों के लिये जन जागरूकता लाने का कार्य किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की आशा हर घर दस्तक अभियान में 17 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच घर-घर जायेंगी और बुखार के रोगियों को चिन्हित कर उनकी सूची बनाएंगी। अभियान शुरू होने का फायदा पूरे ब्लाक को मिलेगा इससे ब्लाक में भी परिवर्तन होगा। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई और रोग नियंत्रण आदि के बारे में जानकारी दी। अंत में संचारी रोग नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया तथा शपथ भी दिलवाई गई। मौके पर ब्लाक प्रमुख सीता सिंह, शशीप्रकाश सिंह, एडीओ पंचायत नवीन सिंह,नीरज सिंह, आर.एफ.गोप, रियाज सुल्तान, राजेश चौबे, राजेश भारती, धर्मेंद्र कुमार सिंह मंटू आदि मौजूद रहे।


श्री सरस्वती सदन पुस्तकालय के बाहर का हिस्सा

# चंद्रशेखर आजाद यहां करते थे बैठक

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

## श्री सरस्वती सदन वाचनालय

वर्ष 1929 में हुई थी इस वाचनालय की स्थापना 11 हजार से भी ज्यादा किताबों का है संग्रह

दुर्लभ हस्तलिखित पंडुलिपियों को संरक्षित करने के लिए हर तरह की दवाइयों का किया जा है छिड़काव

चंदशेखर आजाद के समय की रखी है कबड्डी की रसीद, जिससे आजाद भारत के लिए जुटाते थे चंदा

वारणसी। पुस्तकों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता था शायद इसलिए वर्षो पूर्व शहर में कई लाइब्रेरी की स्थापना की गयी जहां लोग कई-कई घंटे पुस्तकों को पढ़ असीम जानकारी लेते थे, लगभग 94 वर्ष पूर्व वर्ष 1929 में इसी उद्श्ेय से चेतगंज स्थित श्री सरस्वती सदन वाचनालय व पुस्तकालय की स्थापना की गयी, बनारस का दूसरा सबसे पुराना पुस्तकालय है। इस लाइब्रेरी से जुड़े लोगों की मानें तो खेदन लाल ने इस भवन को पुस्तकालय के लिए दान में दिया था, इसे खेदन लाल की ओर से लोगों के सेवार्थ दे दिया गया था, समय बदला तो उनके पुत्र गिरधारी लाल की ओर से 1945 में इसका जीर्णोद्धार कराया गया। आज वाचानालय तो है, लेकिन पाठक की संख्या बहुत कम है। पूर्व सांसद शंकर प्रसाद जायसवाल व जय बाबू के प्रयास से एक बार फिर इस पुस्ताकालय को अस्तित्व में लाया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि लाइब्रेरी में आजादी के समय की कई पांडुलिपियां आज भी सहेजकर रखी गई हैं।


चंद्रशेखर आजाद कबड्डी प्रतियोगिता की संरक्षित रसीद

## हर विषयों की पुस्तकों की अलग-अलग आलमारी


पुस्तकालय में रखी आलमारी में अलग-अलग विषयों की पुस्तकें हैं, विज्ञान, आध्यात्म, मनोरंजन के साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से जुड़ी किताबों को भी बेहतरीन ढंग से रखा गया है। सभी किताबों की कोडिंग की गयी है। इस पुस्तकालय में कोई भी पुस्तक निर्धारित समय में बैठकर नि:शुल्क पढ़ी जा सकती है। श्री सरस्वती सदन वाचनालय के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि इस पुस्तकालय को रोजाना सभी के लिए खोल दिया जाता है। पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुलने वाले इस लाइब्रेरी में सभी प्रमुख अखबारों के साथ ही मैगजीन भी रखी जाती है, हां इस पुस्तकालय से किसी को भी किताब घर के लिए निर्गत नहीं किया जाता। लाल बाबू ने बताया कि यहां दुर्लभ हस्तलिखित पंडुलिपियों का संग्रह है। लाल बाबू चौरसिया बताते हैं मोबाइल जीवन को अहम हिस्सा जरुर है लेकिन किताबे जीवन के लिए मार्ग दर्शन हैं, वह बताते हैं कि खाली समय में मोबाइल से ज्यादा वह पुस्तकों को पसंद करते हैं, अपने प्रतिष्ठान पर भी वह कोई ना कोई किताब जो शहर, आजादी या फिर साहित्यकारों से जुड़ी हों पढ़ते रहते हैं।

## यहां बनती थी जंग-ए-आजादी की रणनीति

वर्ष 1929 में स्थापित इस वाचनालय में कभी आजादी की रणनीति बनायी जाती थी, सुबह शाम इस प्रांगण में आजादी के दीवानों को जमघट लगता था, पुस्तक पढ़ते-पढ़ते ही फिरंगियों के खिलाफ कई संदेश दे दिया जाता था। चंद्रशेखर आजाद समेत कई क्रांतिकारियों का ठिकाना हुआ करता था। आजाद यहां गुप्त बैठकें किया करते थे। आज इस वाचनालय को कुल 94 वर्ष हो गये, वर्तमान समय में इस वाचनालय को अस्तित्व में लाने के लिए कुल 11 सदस्यीय टीम जो समिति का हिस्सा हैं प्रयास कर रहीं हैं।

## चंद्रशेखर आजाद के समय की रसीद है संरक्षित

श्री सरस्वती सदन वाचनालय के अध्यक्ष लाल बाबू जायसवाल बताते हैं कि अन्य लोगों के कब्जे के बाद जब इस वाचनालय के अस्तित्व को बचाने के लिए कोर्ट से लड़ाई लड़ इसे खोला गया तो सबसे पहले इसमें रखे गये दुर्लभ पांडुलिपियों को खोजना शुरू किया गया, जिसमें चंद्रशेखर आजाद के समय की ऐसी रसीद मिली जो इस बात को बयां करती थी कि आजादी के लिए उन लोगों में कितना जोश था, चंद्रशेखर आजाद द्वारा कराई जाने वाले कबड्डी प्रतियोगिता की रसीद एक, दो, तीन नया की काटी गयी थी।


आलमारी में रखी गयी विभिन्न विषयों की पुस्तकें

# पुस्तकालयों की दुनिया को छोड़ युवाओं को इंटरनेट की जानकारी भाने लगी

## अस्तित्व की जंग



# मोबाइल ने निगल ली किताबों की दुनिया

अस्सी और नब्बे की दशक में ट्रेन व बसों में यात्रा करते समय तमाम यात्रियों के हाथों में किताबें दिखाई दे जाती थी। लोग यात्रा के दौरान किताब पढ़कर सफर का आनंद लेते थे, लेकिन अब बदलते दौर में उन हाथों में किताब के स्थान पर मोबाइल फोन आ गए है। अब लोग मोबाइल पर ऑनलाइन ही पढ़ ले रहे हैं। मोबाइल ने किताबों की दुनिया की महक को पूरी तहर से कम कर दिया है, शहर में इन्हीं किताबों के संग्रह के लिए वाचनालय हुआ करती थी जो अब अपने अस्तित्व की जंग को लड़ रहीं हैं।

कोरोना के समय से इस पर और चढ़ा रंग, घर-घर में ऑनलाइन का बढ़ा क्रेज

अभिभावक भी बच्चों को नहीं दे पाते समय, अब नहीं सुनायी देतीं नानी-दादी कहानियां

मोबाइल से आंख व मन दोनों पर असर जबकि किताबों ने हमेशा मन को शांत किया

वाराणसी। एक दौर था जब पढ़ने के प्रति व्यक्ति पूर्ण समर्पित होता था. लगभग सभी घरों में कोई ना कोई पुस्तक अवश्य आती थी. बच्चों के लिए चाचा चौधरी, लोटपोट, चंपक, चंदामामा और भी अनेक किताबें जिनमें खोकर बच्चों का उत्साह अलग ही दिखाई देता था. दीन-दुनिया से बेखबर किताबों की कहानियों और चित्रों में डूबकर जीवन को सही मायनों में जीते थे. बड़ों के लिए भी धर्मयुग, माया व उपन्यास आते थे, उपन्यासों में इतना रम जाते थे कि अन्य कामों में मन ही नहीं लगता था, पहला पन्ना पढ़ते ही शीघ्रातिशीघ्र अंत तक पहुंच जाना चाहते थे क्योंकि ऐसा आनंद और रहस्य कहीं और नहीं मिलता था।

चित्रात्मकता उपन्यासों की विशेषता हुआ करती थी और रहस्य अनसुलझी पहेली जिसमें उलझकर निकलने की छटपटाहट हुआ करती थी. महिलाएं भी सरिता, मुक्ता आदि किताबों के सहारे जीवन के हर क्षेत्र की जानकारियों से अपना समय सुख और शांति के साथ व्यतीत करती थीं. इन किताबों का पढ़ना उनकी दिनचर्या में शामिल होता था। अतिश्योक्ति ना होगी कि किताबें जीवन का अहम हिस्सा होती थी तब मोबाइल नहीं थे। मोबाइल आने से पढ़ने में दिलचस्पी कम होती गई है, इसने बच्चों से बचपन और बड़ों से अट्टहास छीन लिया है, बच्चों को किताबों में कोई आनंद नहीं

### मन को शांति और शीतलता देता है साहित्य

हिंदी साहित्य मन को शांति और शीतलता प्रदान करती है, जीवन की वास्तविकता से परिचय कराती है. हर रस का आनंद देती है हमें अपने साहित्य में, बिहारी कवि का श्रांगारिक वर्णन हो या कबीर की साखियां, सूर के पद हो या रहीम के दोहे, मीरा का दर्द महादेवी के गीतों में झलकता है. गद्य की गहनता और चित्रात्मकता सूक्तियों के साथ समन्वित होकर दिल पर अमिट छाप छोड़ने में सक्षम है। हिंदी साहित्य हमारा प्रेरणा स्रोत है, जीवन की वास्तविकता को खोलकर दिखाने की क्षमता है।

### आंख व मन दोनों को हानि

श्री शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र कुशवाहा कहते हैं कि मोबाइल व कम्प्यूटर की लत युवाओं के मन में तमाम विकार उत्पन्न कर रहें हैं। इसके इतर किताबें दिल को दिमाग को शांत करती हैं।

### कोरोना काल में भी बढ़ी किताबों से दूरी

एक तो करेला ऊपर से नीम चढ़ी की कहावत ने कोरोना काल में चरितार्थ कर दिया एक तो पहले से ही लोग पूस्तक भूल चुके थे, बच्चों की ओर से घंटों मोबाइल देखने से अभिभावक परेशान थे ऊपर से कोरोना ने बच्चों को हाथ में एक बार फिर मोबाइल को अनिवार्य करते हुए पकड़ा दिया। तर्क दिया गया कि अब ऑनलाइन क्लास चलेगी। दो वर्ष तक किताबों की जगह बच्चों की पढ़ाई मोबाइल के माध्यम से पूरी हुई। ऐसे में बच्चों की किताबों से दूरी और भी बढ़ गई। जिस तरह से मोबाइल और लैपटॉप का प्रयोग बढ़ा है, उससे भी पुस्तकों के प्रति युवाओं का रुझान कम हुआ है। अब मोबाइल ही युवाओं का एक अच्छा दोस्त बन गया है।

### किताब विमोचन नहीं मोबाइल लांच की होती है बात

हमारा हिंदी साहित्य सिमटकर रह गया है। कुछ घरों की बात तो कह नहीं सकते पर किताबें बीते युग की होकर रह गई हैं, कभी किरदारों के साथ हम रोते थे, हंसते थे, उनका सुख-दु:ख महसूस किया करते थे। भावनात्मक रुप से हम उनके साथ जुड़े हुए थे, उनके साथ जीते थे, मरते थे पर आज वो अहसास समाप्त हो गए हैं। आज पढ़ने की आदत ही खत्म हो गई है। किस किताब का विमोचन कब हो रहा है हम जानना भी नहीं चाहते। आज हम मोबाइल की बात करते है, मोबाइल की बैटरी, रिचार्ज को याद रखते हैं। कितनी कीमत का है, उसके नए-नए लांच हुए रुपयों से प्रभावित होते हैं। किताबों का अस्तित्व सिमट कर रह गया है।

### पूस की रात, मंत्र और परदा कबाड़ी के हाथों

वैसे तो वाट्सएप और फेसबुक के माध्यम से हमें ज्ञान की बहुत सी बातें पढ़ने को मिलती हैं पर हिंदी साहित्य की सागर जैसी विशालता और गहराई से हमारा परिचय नहीं होता। कवि और लेखकों के भावों के साथ जीने का अंदाज नहीं मिलता, उनकी कलम की सच्चाई से रुबरु नहीं हो पाते, किताब लेकर बैठने की आदत गुम हो गई है। मुंशी प्रेमचन्द, जयशंकर प्रसाद सरीखे अन्य लेखकों की कहानियों के किरदारों को हमने निकटता से देखा है पर आज वो कहानियां भी कहानी हो गयी। पूस की रात कैसे होती है? परदा जीवन में क्या स्थान रखता है? मंत्र कहानी के पात्र भगत का अन्तर्द्वंद्व तो दिल को लहुलुहान ही कर देता है। ये कहानियां हैं साहित्य जगत की जिनकी मार्मिकता से आज युवा अनभिज्ञ हैं, जो किन्हीं कोनो में धूल से घिरी दिखाई देती हैं, या फिर कबाड़ी के हाथों में बिक चुकी हैं।

### स्कूल के चलते बढ़ी विवशता

अभिभावक रीना बताती हैं कि हमारी विवशत है कि विद्यालय में ऑनलाइन पढ़ाई पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए मोबाइल को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है। किताबों के लिए भी समय नहीं मिल पाता, अब तो ऑनलाइन विषयों से संबंधित कई सवाल के जवाब भी मिल जा रहे हैं।

# निभा सको तुम तो करना प्यार...

**हास्य महोत्सव**

माला, टोपी, हास्य चश्मा पहनाकर अतिथियों का स्वागत

भेंट में दिया गया झुनझुना

धुरंधर हास्य समारोह में लगे ठहाके

अस्सी घाट पर वसुधैव कुटुंबकम की ओर से आयोजन

वाराणसी। भारतीय नववर्ष के स्वागत और धुरंधर हास्य महोत्सव के 18 साल पूरे होने पर 18 कवियों ने झुनझुना बजाकर दो मिनट तक ठहाका लगाया गया। महोत्सव का आगाज काशी कथक कला केंद्र के कलाकारों की नृत्यमय वंदना से हुआ। मूर्ख दिवस की पूर्व संध्या पर सामाजिक संगठन वसुधैव कुटुंबकम की ओर से अस्सी घाट पर आयोजित 18वें धुरंधर हास्य सम्मेलन में कवियों ने हास्य रचनाओं ने महफिल सजाई। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर कटाक्ष किया। कवियों और अतिथियों को माला, टोपी, हास्य चश्मा पहनाकर उपहार में झुनझुना भेंट किया गया। इस मौके पर भारतीय नववर्ष के स्वागत में और धुरंधर हास्य महोत्सव के 18 साल पूरे होने पर 18 कवियों ने झुनझुना बजाकर दो मिनट तक ठहाका लगाया गया। महोत्सव का आगाज काशी कथक कला केंद्र के कलाकारों की नृत्यमय वंदना से हुआ। मिर्जापुर की प्रियंका सिंह ने, निभा सको तुम तो प्यार करना... सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया। रवि सारस्वत ने हास्य नृत्य व मिमिक्री से श्रोताओं को ताली बजाने पर मजबूर कर दिया। अमित शुक्ल, आदित्य त्रिपाठी, पंकज सिद्धार्थ, हेमा पांडेय, अंजनी अमोघ ने हास्य काव्यपाठ से श्रोताओं को गुदगुदाया। अध्यक्षता अस्सी अड़ी के उदय नारायण पांडेय (बाऊ) ने की। संचालन हास्य कवि नागेश शांडिल्य ने किया। कार्यक्रम में जनार्दन शांडिल्य, रंजना राय, बदरी विशाल, धर्म प्रकाश मिश्र आदि मौजूद रहे। सम्मेलन में कवियों को धुरंधर हास्य सम्मान से नवाजा गया। पं धर्मशील चतुर्वेदी स्मृति धुरंधर हास्य सम्मान री वा मध्य प्रदेश के अमित शुक्ल, पं. श्रीकृष्ण तिवारी स्मृति धुरंधर गीत सम्मान शिवकिशोर खंजन (हैदरगढ़), पं. चन्द्रशेखर मिश्र स्मृति धरंदर ओज सम्मान अंजनी अमोध (प्रतापगढ़) को और रामजियावन दास बावला स्मृति धुरंधर लोक कवि सम्मान अशोक सिंह बेशर्म (प्रयागराज ) को मिला।

# लहर-लहर लहराये हनुमान ध्वजा

**पूजा अर्चन**

हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी यात्रा

वाराणसी। श्री हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी समिति के तत्वावधान में 15 दिवसीय हनुमान ध्वजा प्रभात फेरी प्रातः धर्म संघ में क्षेत्रपालेश्वर महादेव मंदिर में पूजन अर्चन किया गया। मुख्य अतिथि संस्था के गोकुल शर्मा वह मारवाड़ी युवक संघ के प्रधानमंत्री महेश चौधरी ने हनुमान जी की आरती उतारी तत्पश्चात भक्तों को ध्वजा देकर यात्रा की शुभारंभ की। हनुमान ध्वजा यात्रा रविंद्र पुरी, दुर्गाकुंड, त्रिदेव मंदिर होते हुए संकट मोचन मंदिर पहुंची जहां भक्तों ने प्रभु के चरणों में ध्वजा अर्पण किया। इसके पूर्व यात्रा में सबसे आगे हनुमान ध्वजा चल रही थी। रास्ते भर भक्त भजन गाते हुए चल रहे थे बोल थे। , जय बजरंगी जय हनुमान लाल लंगोटा लाल निशान लहर लहर लहराए रे हनुमान ध्वजा लहराई रे ,गुरु चरण सरोज निज मन मुकुर सुधार- दिनेश शर्मा पवन शर्मा प्रशांत अग्रवाल ने एक से एक भजनों की प्रस्तुति की। संयोजन में कौशल शर्मा, विश्वनाथ पोद्दार, सुरेश तुलस्यान अरविंद जैन वेद मूर्ति शास्त्री निधि केड़िया, मीना लील्हा तारा शर्मा मेघा शर्मा विभा शर्मा सजन सिंघी प्रकाश थाणेवाल संजय बूबना यदुदेव अग्रवाल कृष्ण कुमार काबरा नरेश रुंगटा कैलाश राठी रमेश गोयलआदि लोग थे।

# बुलडोजर की देखिये जमी है धाक...

**मूर्ख मेला**

बुलडोजर पर रचनाकारों ने चलाये व्यंग्य बाण

घोड़ा घाट के मुक्ताकाशीय मंच पर जम कर लगे ठहाके

गर्दभ ध्वनि से मेले की हुई शुरूआत, धोबिया नृत्य भी हुआ

नगाड़े की थाप के बीच दूल्हा-दुल्हन की हुई बेमेल शादी

महामूर्ख मेले में कवियों को दिया गया बुलडोजर

वाराणसी। डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट (घोड़ाघाट) का मुक्ताकाशीय मंच। घाट के अलावा सीढ़ियों पर बैठे हुए भारी संख्या में दर्शक। कार्यक्रम में रह-रह कर जम कर लग रहे ठहाके। हर कोई खुद बखुद मूर्ख बनने के लिए घोड़ा घाट पर पहुंचे थे। अवसर था काशी के साहित्यकारों, पत्रकारों व विशिष्ट नागरिकों की सांस्कृतिक संस्था शनिवार गोष्ठी की ओर से महामूर्ख मेला का। कहते हैं कि काशी में आत्मा का परमात्मा से मिलन का स्थल महाश्मशान है। घोड़ा घाट पर आयोजित महामूर्ख मेला का इस वर्ष 55वां वर्ष है। किसी भी आदमी के व्यस्ततम जीवन में हास्य आवश्यक है। यहां के लोग मस्ती में कहते हैं-ई राजा काशी हौ, नाम हौ कचौड़ीगली माल सब बासी हौ। कहते हैं कि अब इस देश में मूर्ख दूरबीन लेकर ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलते हैं। सभी समझदार व चालाक हो गये हैं लेकिन जो ज्यादा समझदार हैं वह सबसे अधिक परेशान हैं। रोज सुबह उठते ही रोटी-दाल, दवाई व पढ़ाई की जुगाड़ में सोचना शुरू कर देते हैं। लेकिन मूर्ख इन सबसे दूर अपनी मस्ती में रहता है। वह लोगों को रुलाता नहीं बल्कि हंसाता है। मूर्खों की प्रजाति तेजी से लुप्त होती जा रही है। इसी प्रजाति को बचाने के लिए पहली अप्रैल को देर शाम डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट घोड़ाघाट पर शनिवार गोष्ठी की तरफ से महामूर्ख मेला का आयोजन किया गया।

महामूर्ख मेले की शुरूआत गर्दभ ध्वनि से हुई। सोनारपुरा निवासी गुरु प्रसाद यादव ने तीन बार चीपो चीपो की आवाज जब निकाली तो घाट पर मौजूद लोग अपनी हंसी को रोक नहीं पाये। दर्शक नगाड़े का धुन पर नाचते रहे। इसके बाद बेमेल शादी का आयोजन किया गया। महिला को अपने जीवन में एक बार इस प्रतिष्ठित मंच पर दूल्हा बनने का सौभाग्य मिलता है। जबकि पुरुष को सोलहों श्रृंगार कर दुल्हन बनाया जाता है। इस बार एके पांडेय दूल्हन और आशा पांडेय दूल्हा बनी थी। इसके बाद गड़बड़ मंत्रोच्चार से नगाड़े की थाप पर शादी शुरू होती है। लेकिन कुछ ही देर में छुट्टा छुट्टी भी हो जाती है। इस बीच धोबिया नृत्य का भी लोग मजा उठाते हैं। इस बार आयोजकों ने मेले का स्लोगन बुलडोजर दिया था। देश भर से आये नामी गिरामी कवियों व हास्य कलाकारों ने इस थीम पर जम कर व्यंग्यात्मक प्रहार किया।

कार्यक्रम के सचिव प्रसिद्ध हास्य व्यंग्यकार पं. सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी ने बुलडोजर पर काव्य पाठ सुनाया- बुलडोजर को देखिये जमी हुई है धाक, बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों को पल भर में कर दिया खाक, पल भर में खाक भागते दंगाई हैं। इस अवसर पर कवियों में राजेन्द्र भारतीय आलसी (इटारसी), मोहन मुतंजिर (उत्तराखंड), विकास बौखल, विनीत पांडेय (दिल्ली) आफसा प्रेमी ( देवरिया), नरसिंह साहसी (मिर्जापुर), प्रशांत सिंह, बृजेश चन्द्र पांडेय कल्याा विशाल, दमदार बनारसी ने काव्य पाठ कर सभी को हंसाया। कवियों को प्रतीक स्वरूप बुलडोजर भेंट किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से मेले की स्मारिका के तौर पर पहली अप्रैल पत्रिका लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कई विशिष्ट जनों का उत्तरीय व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजेन्द्र मिश्र दमदार ने किया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष जगदम्बा तुलस्यान तथा सचिव पं. सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी ने किया। कार्यक्रम में जगदम्बा तुलस्यान, सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी, उपाध्यक्ष श्यामलाल यादव, रमेशदत्त पांडेय, दिलीप सिंह, नंदकुमार टोपीवाले, विवेक सिंह एडवोकेट, मंजीत त्रिपाठी, बसंत लाल यादव राजू, प्रशांत सिंह, प्रमोद शर्मा, मनोज तिवारी, कल्याण विशाल, रोहित पांडेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



